राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 सिद्धारमैया ने पीएम पद का....

के.एल. राहुल से सिखें बल्लेबाज... 11

वर्ष : 11 | अंक : 227 | पटना, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

पीएम मोदी अयोध्या को देंगे कई सौगतें: रामनगरी सजधज कर तैयार, शंख और डमरू से किया जाएगा अभिनंदन

- एयरपोर्ट से अयोध्या धाम तक 15 किलोमीटर लंबा रोड शो भी करेंगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभिनंदन के लिए अयोध्या सज-संवरकर तैयार हो गई है। रामनगरी की दीवारों पर विविध फूलों से की गई भव्य सजावट रंग-बिरंगी छटा बिखेर रही है। रामपथ पर जगह-जगह आकर्षक तोरण द्वार बनाए गए हैं। धर्म पथ को गमलों से सजाया गया है। एनएच-27 के डिवाइडर पर लगे पेड़ों को भी गेंदा के फूलों से सुसज्जित किया गया है। शनिवार को जब वे यहां आएंगे तो स्वागत के इंतजामों को देखकर आह्लादित होंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री रामनगरी को सौगातों के हार पहनाएंगे। वे यहां करीब 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। एयरपोर्ट से अयोध्या धाम तक 15 किलोमीटर लंबा रोड शो भी करेंगे। इस दौरान शुक्रवार से ही यहां उच्चस्तरीय सुरक्षा प्रबंध प्रभावी कर दिए गए। रात से ही अयोध्या में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित हो गया। प्रधानमंत्री करीब तीन घंटा दस मिनट का समय यहां व्यतीत करेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार, पीएम मोदी शनिवार को सुबह 10:50 बजे एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और उनकी सरकार के अन्य मंत्री स्वागत करेंगे। इसके बाद वह सड़क मार्ग से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो जाएंगे। पीएम मोदी एयरपोर्ट के गेट नंबर तीन से निकलकर एनएच-27, धर्मपथ और रामपथ पर 15 किमी लंबा रोड शो करते हुए 11:30 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां आधे घंटे तक रहेंगे। रोड शो के दौरान जगह-जगह नागरिक, साधु-संत और वेदपाठी बटुकों की ओर से शंखध्वनि के बीच पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। कई स्थानों पर कलाकार नृत्य और गायन भी प्रस्तुत करेंगे। पीएम रेलवे स्टेशन पर नए भवन का लोकार्पण करने के साथ छह वंदे भारत व दो अमृत भारत समेत आठ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रेलवे स्टेशन से पीएम मोदी फिर वापस 12:30 बजे एयरपोर्ट आएंगे। यहां एयरपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद पास में स्थित मैदान में दोपहर एक बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में ही एयरपोर्ट समेत 1600 करोड़ के लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें प्रमुख रूप से राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ, एनएच-27 बाईपास से रामजन्मभूमि हाईवे और बड़ी बुआ रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण शामिल है। दोपहर दो बजे पीएम मोदी वापस लौट जाएंगे। पीएम मोदी शनिवार को यहां आ रहे हैं। उनकी अगवानी के लिए यहां सभी इंतजामों को शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया। एयरपोर्ट से निकलकर वह सबसे पहले एनएच-27 पर पहुंचेंगे। इसीलिए हाईवे की भी साज-सज्जा की गई है। सफाई कर्मियों की फौज हाईवे से लेकर धर्म पथ और राम पथ को गंदगी और धूल रहित करने के लिए जुटी रही। हाईवे के मध्य डिवाइडर पर लगे पेड़ों को फूलों से सजाकर नया रूप दिया गया। इसके बाद धर्म पथ के शुरू होते ही नजारा बिल्कुल बदला नजर आया। इस पथ के डिवाइडर को शुरूआत से आखिरी छोर तक गमलों से सजाया गया है। दोनों ओर जगह-जगह मंच बनाए गए हैं। धर्म पथ से राम पथ तक दोनों ओर विभिन्न विभागों की होर्डिंग्स मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान कर रही हैं।

अधिकतम तापमान 21°C
न्यूनतम तापमान 13°C

बाजार

सोना	65,145
चांदी	79,600
सेंसेक्स	72,240
निफ्टी	21,731

संक्षिप्त खबरें

पांच उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश

नईदिल्ली। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने पांच उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई की कॉलेजियम ने इलाहाबाद के लिए न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, राजस्थान के लिए न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, गौहाटी के लिए न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, पंजाब और हरियाणा के लिए न्यायमूर्ति शील नागु और झारखंड के लिए न्यायमूर्ति बी आर सारंगी को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति भंसाली, न्यायमूर्ति श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति बिश्नोई राजस्थान उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश हैं। इसी प्रकार न्यायमूर्ति नागु मध्यप्रदेश और न्यायमूर्ति सारंगी ओड़िशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं।

आंध्र में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने की आत्महत्या

अनकापल्ली। आंध्रप्रदेश के अनकापल्ली जिले में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने शुक्रवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि एक परिवार पति-पत्नी और उनकी तीन बेटियों सहित पांच सदस्यों ने पोटेशियम साइनाइड खा लिया, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवराम कृष्ण, उनकी पत्नी माधवी और उनकी बेटियों वैष्णवी और लक्ष्मी के रूप में हुई है। दंपति की छोटी बेटी कुसुमप्रिया ने भी साइनाइड खाया था लेकिन वह बच गई और उसका इलाज जीजीएच में हो रहा है। पुलिस ने कहा कि परिवार कर्ज में डूबा हुआ था और साहूकारों के दबाव को सहन नहीं कर सका जिसके बाद उन्होंने यह दर्दनाक कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को जीजीएच भेज दिया है।

देश में कोविड-19 के 797 नए मामले, पांच मरीजों की मौत

नई दिल्ली। देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 797 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,091 दर्ज की गई। देश में इस साल 19 मई के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण से पांच लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 से केरल में दो जबकि महाराष्ट्र, पुडुचेरी और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हुई है।

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, चार अहम प्रस्ताव परित

नीतीश कुमार फिर बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

ललन सिंह ने दिया इस्तीफा, नीतीश के नाम का प्रस्ताव किया पेश

- राष्ट्रीय परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से लगी मुहर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी । नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में शुक्रवार को हुई पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में औपचारिक ऐलान किया गया। इससे पहले बैठक के दौरान ललल सिंह ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार को पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव भी पेश किया। कार्यकारिणी ने श्री सिंह के इस्तीफे को स्वीकार करते हुए नीतीश कुमार को पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के प्रस्ताव का समर्थन किया। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि ललन सिंह के इस्तीफे के बाद नीतीश कुमार को सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया है। बीजेपी के साथ जाने के सवाल पर केसी त्यागी ने कहा, यह बीजेपी का प्रोपगेंडा है। राजनीति में कोई दुश्मन नहीं होता, असहमति होती है। उन्होंने आगे कहा, जाति आधारित जनगणना को लेकर देशभर में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इंडिया गठबंधन का भी ये एजेंडा होगा। नीतीश कुमार जनवरी महीने में जानजागरण के लिए निकलेंगे। झारखंड से इसकी शुरूआत होगी। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ सीटों के तालमेल पर और अन्य फैसलों पर नीतीश कुमार को अधिकृत किया गया है। नीतीश कुमार के चेहरे को लेकर केसी त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री इंडिया गठबंधन के विचारों के संयोजक हैं और इंडिया गठबंधन के विचारों के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि नीतीश कुमार चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह अभी तय नहीं किया गया है। केसी त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और जेडीयू के बीच कोई विवाद नहीं है। बिहार इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारे के मामले पर मॉडल बनेगा। वहीं ललन सिंह ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि जो एजेंडा चला जा रहा था वह पूरी तरह गलत है, किसी तरह बीजेपी या एनडीए के साथ नहीं जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक में अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। सभी जगह जाएंगे और राष्ट्र को प्रभावित करने वाले मुद्दों को हम उठाएंगे। इसमें जातीय जनगणना महिलाओं के सशक्तिकरण का मुद्दा, युवाओं का मुद्दा उठाएंगे। बताया जा रहा है कि जेडीयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के आग्रह पर नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर राजी हो गए। ललन सिंह ने भी नीतीश कुमार से अध्यक्ष पद को स्वीकार करने का आग्रह किया। बैठक खत्म होने के बाद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह नीतीश कुमार की गाड़ी में बैठकर उनके साथ निकल गए।

पार्टी में कोई नाराजगी की बात नहीं : चौधरी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से ललन सिंह के इस्तीफे पर संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की सक्रियता को लेकर उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से कहा कि वह चुनाव में व्यस्त रहेंगे, इसलिए वह पार्टी अध्यक्ष का पद उन्हें सौंपा। नाराजगी से जुड़े सवालों पर श्री चौधरी ने कहा कि पार्टी में नाराजगी की कोई बात ही नहीं है। दोनों ही पार्टी के सीनियर लीडर हैं। जब ललन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, उस समय भी नीतीश कुमार प्रभावी भूमिका में थे और जब अगर नीतीश कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष रहेंगे तो ललन सिंह की भी प्रभावी होगी। नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के सवाल पर श्री चौधरी ने कहा कि अगर नीतीश कुमार हमारे प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं तो नीतीश कुमार पार्टी अध्यक्ष होंगे।

बैठक में चार प्रस्ताव पारित : जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की दिल्ली बैठक में चार अहम प्रस्ताव पारित किए गए हैं। जदयू की ओर शुक्रवार को इन प्रस्तावों में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खास जिम्मेदारी दी गई जिससे वे इंडिया गठबंधन को लेकर अहम रणनीति बना सकें। साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 से जुड़े सभी प्रकार के निर्णय लेने के लिए पार्टी ने नीतीश कुमार को अधिकृत किया है। इसमें एक राजनितीक प्रस्ताव है। जाति आधारित गणना : बिहार की ऐतिहासिक पहल के साथ एक प्रस्ताव लाया गया है। तीसरे प्रस्ताव में सांसद के शीतकालीन सत्र में सांसदों के निलंबन संबधी प्रस्ताव है। वहीं, चौथे प्रस्ताव में नीतीश कुमार को अहम जिम्मेदारी देने से जुडी है।

नीतीश के अध्यक्ष बनने पर पटना में जश्न : पटना में नीतीश कुमार के जेडीयू का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की खबर को लेकर कार्यकर्ता काफी खुश हैं। खबर मिलते ही कार्यकर्ता जश्न मनाने लगे। पटना में जदयू कार्यालय के बाहर कार्यकताओं ने पटाखे जलाकर खुशी मनाई। एक दूसरे को मिठाई खिलाई। कार्यकताओं ने कहा कि नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हैं। वह आगे पीएम बनें सभी की यही इच्छा है।

जातिगत जनगणना प्रमुख मुद्दा होगा: त्यागी

बैठक की जानकारी देते हुए जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन में भी जातिगत जनगणना प्रमुख मुद्दा होगा। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने जो बदलाव की है और शिवराज सिंह की जगह मोहन यादव को सीएम बनाया है वो बिहार में हुई जातिगत जनगणना की ही परिणाम है। वहीं, राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए किए गए सवाल के जवाब में केसी त्यागी ने कहा कि यह मामला अदालत में विचाराधीन था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सभी दलों ने उसे स्वीकार किया। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अगर जेडीयू को न्योता मिलता है तो पार्टी जरूर शामिल होगी।

डिप्टी सीएम तेजस्वी ने दी शुभकामनाएं

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर नीतीश कुमार को बधाई दी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार पहले भी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और एक बार फिर वह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसके लिए उनको बधाई। यह बहुत अच्छी बात है उनको शुभकामनाएं। तेजस्वी यादव ने कहा कि, हम लोग एकजुट होकर केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे। इंडी गंठबंधन और महागठबंधन एक साथ मिलकर काम करेगी।

केंद्र और असम सरकार के साथ उल्फा गुट का ऐतिहासिक शांति समझौता

- बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और सीएम सरमा की मौजूदगी में हुए हस्ताक्षर
- गृह मंत्री शाह ने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बताया महत्वपूर्ण

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के गुट और केंद्र और असम सरकार के बीच त्रिपक्षीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस बाबत राजधानी दिल्ली में हुई बैठक में असम के सीएम हिमंता बिस्व शरमा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के डीजीपी भी मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है। लंबे समय तक असम और पूरे उत्तर-पूर्व ने हिंसा झेली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ही उग्रवाद, हिंसा और विवाद मुक्त उत्तर-पूर्व भारत की कल्पना लेकर गृह मंत्रालय चलता रहा है। भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच जो समझौता हुआ है, इससे असम के सभी हथियारी गुटों की बात को यहीं समाप्त करने में हमें सफलता मिल गई है। ये असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों की शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्रतिनिधिमंडल में 16 उल्फा सदस्य और 14 लोग नागरिक समाज से शामिल हैं। इसके पहले केंद्र ने अप्रैल में वार्ता समर्थक गुट को प्रस्तावित समझौते का मसौदा भेजा था, जबकि अगस्त में नई दिल्ली में गुट के साथ चर्चा का एक और दौर आयोजित किया गया था। संगठन के महासचिव अनुप चेतिया ने कहा, शांति समझौते के लिए उल्फा के वार्ता समर्थक गुट का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दिल्ली पहुंच चुका है। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर कहा था, समझौते पर हस्ताक्षर शुक्रवार शाम पांच बजे गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उल्फा के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किए जाएंगे।

1979 में हुआ था गठन : अलगाववादी संगठन उल्फा का गठन अप्रैल 1979 में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) से आए बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ था। फरवरी 2011 में यह दो समूहों में विभाजित हो गया था और अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट ने हिंसा छोड़ दी थी। यह गुट बिना शर्त सरकार के साथ बातचीत के लिए सहमत है। दूसरे उल्फा गुट का नेतृत्व करने वाले परेश बरुआ बातचीत के खिलाफ हैं। वार्ता समर्थक गुट ने असम के मूल निवासियों की भूमि के अधिकार समेत उनकी पहचान और संसाधनों की सुरक्षा के लिए सुधारों की मांग की है।

दलाईलामा का बोधगया में तीन दिवसीय प्रवचन शुरू

गया। बोधगया के कालचक्र मैदान में बौद्धों के शीर्ष धर्मगुरु दलाईलामा का तीन दिवसीय प्रवचन आज से शुरू हो गया। दलाईलामा के प्रवचन को सुनने के लिए विश्व के लगभग 50 देश के हजारों बौद्ध धर्मगुरु एव श्रद्धालु शामिल हुये। इसे लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। कालचक्र मैदान के चारों तरफ पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं धर्मगुरु के प्रवचन को श्रीलंकाई, तिब्बती, जापानी, कंबोडिया, हिंदी सहित कई भाषाओं में प्रसारित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर कालचक्र मैदान में भव्य पंडाल बनाया गया है, जहां पंडाल के मंच पर विराजमान होकर धर्मगुरु दलाईलामा ने तिब्बती भाषा में विशेष प्रार्थना की। इसके बाद प्रवचन का कार्यक्रम शुरू हुआ। दलाईलामा ने श्रद्धालुओं को विश्व शांति के लिए विशेष प्रवचन दिया।

गडकरी ने लद्दाख में सड़कों के लिए 1170 करोड़ की दी मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1170.16 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी है, इसमें राज्य राजमार्ग, प्रमुख और अन्य जिला सड़कें शामिल हैं। गडकरी ने शुक्रवार को कहा इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत 8 पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा केंद्र शासित प्रदेश और भारत में दूसरा सबसे कम आबादी वाला लद्दाख, अनुमोदित पहलों के माध्यम से अपने दूरदराज के गांवों तक बेहतर कनेक्टिविटी का गवाह बनेगा। मंत्री ने कहा कि इस बढ़े हुए आवंटन से विशेष रूप से कृषि और पर्यटन में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो लद्दाख के समग्र ढांचागत विकास में योगदान देगा।

एम्स पटना आज करेगा अत्याधुनिक ड्रोन प्रदर्शन

प्रात : किरण

पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना शनिवार को एक अभूतपूर्व ड्रोन प्रदर्शन प्रदर्शित करने के लिए तैयार है। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ डॉ. जी के पाल इस कार्यक्रम की निगरानी करेंगे और संस्थान का नेतृत्व करेंगे। नवीन स्वास्थ्य देखभाल समाधानों में प्रवेश ।यह प्रदर्शन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के ड्रोन प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में स्वास्थ्य क्षेत्र के सभी आईएनआई में कार्यान्वित किया जा रहा है। कल्याण केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रोन की खरीद ड्रोन संचालन के लिए पायलट बनने के लिए ड्रोन दीदियों के प्रशिक्षण और प्रमुख आईएनआई में ड्रोन परियोजनाओं की शुरूआत और रखरखाव के लिए सेवाओं के लिए सभी लॉजिस्टिक सहायता दी है। यह प्रदर्शन जनवरी, 2024 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा ड्रोन परियोजना शुरू करने की तैयारी का हिस्सा है। डॉ. पाल के नेतृत्व में ड्रोन परियोजना के इस पायलट प्रदर्शन का उद्देश्य एम्स पटना में ड्रोन की क्षमताओं को उसकी व्यवहार्यता और कार्यक्षमता के लिए प्रदर्शित करना है। ड्रोन एम्स पटना परिसर से नौबतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक 15 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यह पहल कुशल स्वास्थ्य देखभाल वितरण और आउटरीच के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की एम्स पटना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ड्रोन परियोजना के इस प्रदर्शन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख व्यक्तियों में नोडल अधिकारी डॉ. संजय पांडे, ड्रोन समिति के सदस्य सचिव डॉ. अनिल कुमार, डॉ. बिनोद पति और डीडीए के नीलोत्पल बल शामिल हैं। उनकी सामूहिक विशेषज्ञता और समर्पण ने अभिनव परियोजना के इस पहले प्रदर्शन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. पाल ने इस ड्रोन परियोजना के संभावित प्रभाव के बारे में आशावाद व्यक्त करते हुए कहा, यह प्रदर्शन स्वास्थ्य देखभाल लॉजिस्टिक्स में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करते हैं। जहां ड्रोन चिकित्सा आपूर्ति और सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, खासकर दूरदराज के इलाकों में। साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों में लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी।

अभियान — स्वास्थ्य अभियान में एक लाख से अधिक आयुष्मान सभाओं का आयोजन

आयुष्मान भव अभियान के दौरान पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत खाते खोले गये: सरकार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। आयुष्मान भव अभियान के दौरान 4.4 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इस कार्ड के तहत प्रत्येक परिवार सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि एक लाख 15 हजार 923 आयुष्मान सभाओं का आयोजन किया गया हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जारी अभियान के तहत पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) भी सृजित किये गये हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह 28 दिसंबर तक का आंकड़ा है। फिलहाल जारी आयुष्मान भव अभियान के तहत 28 दिसंबर तक 13.8 लाख स्वास्थ्य मेलों के तहत आयोजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मेलों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेलों में 11 करोड़ से अधिक लोगों शिरकत की। इन मेलों में 9,21,783 स्वास्थ्य संबंधी, योग, ध्यान के साथ 1.02 करोड़ टेली परामर्श शामिल थे। इसके अलावा लगभग 6.4 करोड़ लोगों को निशुल्क दवाएं दी गईं और 5.1 करोड़ लोगों को निशुल्क निदान सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही, 74,04,356 लोगों को आयुष सेवाएं दी गईं और 10,99,63,891 लोगों को जीवनशैली गतिविधियों के लिए परामर्श दिया गया। मंत्रालय ने बताया कि 45,43,705 गर्भवती माताओं ने पहली तिमाही में पंजीकरण कराया और उनका पहला एब्सोल्यूट न्यूट्रोफिल काउंट परीक्षण पूरा किया गया और 29 लाख से अधिक माताओं और 49 लाख बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसने कहा कि 18.9 करोड़ लोगों की सात तरह की टीबी, हाइपरटेंशन, मधुमेह, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और मोतियाबिंद जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेलों में 1,54,41,950 लोगों का पंजीकरण किया गया। साथ ही 1.1 करोड़ मरीजों ने सामान्य ओपीडी से परामर्श लिया जबकि 49,67,675 मरीजों ने विशेषज्ञ ओपीडी से परामर्श लिया। मंत्रालय ने कहा कि 28 दिसंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, 38,309 बड़ी सर्जरी और 1,30,760 छोटी सर्जरी की गई हैं।

संक्षिप्त खबरें

व्यापार मंडल बिजली दर में वृद्धि का विनियामक आयोग में करेगा आपत्ति

पटना सिटी (प्राकि)। पटना सिटी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें बिजली की दर में बढोत्तरी कि जाने का विरोध कर विद्युत विनियामक आयोग में आपत्ति दर्ज कराने का फैसला लिया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा तख्तश्री पटना साहिब तक मेट्रो के विस्तार किए जाने की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। इसके लिए सांसद रविशंकर प्रसाद और विधायक नंदकिशोर यादव को पहल किए जाने पर बधाई दी गई। मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव, महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा एवं भगवती प्रसाद मोदी ने कहा कि इससे व्यापारियों को आवागमन की सुविधा का लाभ मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता पटना सिटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष तथा भाजपा प्रदेश लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक प्रदीप सिंह यादव तथा संचालन महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा ने की। बैठक में भगवती मोदी, दिलीप कुमार, उदय राम, शारदानंद प्रसाद, प्रकाश कोठारी, विचित्र मणि, राजकुमार शर्मा मौजूद थे।

तगादा कर घर लौट रहे व्यापारी से 41000 की लूट

फतुहा। गुरुवार की शाम नदी थाना क्षेत्र में आलमपुर के पास पटना के खेमनी चक निवासी श्याम मिश्रा के साथ अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटपाट कर उनके पास के 41000 रुपए भरा बैग लूट लिए और आराम से बाइक से पटना की ओर भाग निकले। जानकारी अनुसार पटना के खेमनी चक निवासी श्याम मिश्रा कुरकुरे, बिस्कुट आदि का कारोबार करते हैं। इसकी सप्लाई वे दीदारगंज, कच्ची दरगाह, जेठुली और फतुहा तक करते हैं। गुरुवार की शाम उनके बैग में तगादा के 30 हजार रुपए पूर्व से रखे थे। उन्होंने हुए कच्ची दरगाह के खुशबू किराना से 11000 रुपए वसूले और अपने उसी बैग में रख लिया। इसके बाद वे अपनी बाइक से वापस घर की ओर जा रहे थे तभी आलमपुर के पास घात लगाए बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट कर हथियार का भय दिखाकर उसके पास के 41000 रुपए भरा बैग लूटकर पटना की ओर फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

तमिलनाडु के बाढ़ पीड़ितों के लिए भाकपा-माले ने किया धन संग्रह

फतुहा। शुक्रवार को भाकपा माले के कार्यकताओं ने तमिलनाडु में आए बाढ़ को लेकर राहत धन संग्रह अभियान चलाया। जिसमें पूरे फतुहा बाजार में घूम-घूम कर भाकपा-माले कार्यकताओं ने तमिलनाडु में आए भयंकर बाढ़ पीड़ितों के लिए पैसा संग्रह किया। जिसमें तमाम फतुहा के दुकानदारों ने मदद की और छोटे बड़े व्यवसायियों ने तमिलनाडु में आए भयंकर बाढ़ राहत कोष में दान दिया। राहत कोष संग्रह करने में भाकपा माले नेता कामरेड मुन्ना पंडित, सुदामा रविदास, साधु शरण यादव, डॉ अवधेश, ग्रीन पासवान, राम सिंगर पासवान, टंकी दास, सत्येंद्र रविदास, दिना साव, कपिल पंडित, भोला दास ने मदद किया।

प्लेटफॉर्म से लावारिस अवस्था मे अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल रेलवे थाना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग के क्रम में प्लेटफार्म नंबर 1के पश्चिम छोर के पास लावारिस अवस्था में दो झोले को चेक करने पर उसमें अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग बैरल 12 बोतल बरामद किया गया इस संबंध में जीआरपी थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि शराब को जप्त कर मामला दर्ज कर ली गई है।

आज बाधित रहेगी खाजेकलां व झाऊगंज फीडर की बिजली

पटना सिटी (प्राकि)। मंगल तालाब पावर सब-स्टेशन से जुडे दो फीडर 11 केवी खाजेकलां और 11 केवी झाऊगंज फीडर की बिजली शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी। फीडर से जुड़े चमडोरिया, लंगूर गली, खाजेकलां, मच्छरहट्टा, शहीद भगत सिंह चौक, बाग मालू खां, झाऊगंज सहित अन्य मुहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। पादरी की हवेली विद्युत कार्यालय के सहायक विद्युत अभियंता राजकुमार सिंह ने बताया कि 11 केवी फीडर में रखरखाव का कार्य तख्तश्री पटना साहिब में होने वाले प्रकाश पर्व को लेकर कराया जाएगा। इसी को ले बिजली आपूर्ति बाधित होगी।

चांद कॉलोनी से हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना की पुलिस ने गायघाट चांद कॉलोनी में छापेमारी कर युवक को लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। मो मंजूर आलम के पुत्र मो अरमान को हथियार के साथ पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि अरमान हथियार के साथ घर के पास ही चांद कॉलोनी मैदान में घूम रहा है और लोगों को ड्रा रहा है। पुलिस टीम जाकर उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से लोडेड कट्टा मिला है।

15 दिवसीय बिहार सरस मेला का शुक्रवार को हुआ समापन

मेले में बिहार की लोक कला और पारंपरिक उत्पादों की खूब हुई बिक्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। 15 दिसंबर से जारी बिहार सरस मेला का शुक्रवार को समापन हो गया ' समापन कार्यक्रम में राहुल कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी , जीविका ने शिरकत की ' समापन कार्यक्रम में अपने संबोधन में राहुल कुमार ने कहा कि योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुँचाने की कवायद जीविका कर रही है ' बिहार सरस मेला उसी की एक कड़ी है ' उन्होंने कहा कि बिहार सरस मेला प्रतिवर्ष प्रगति की ओर अग्रसर है और उम्मीद है अगले वर्ष और बेहतर सरस मेला का आयोजन होगा ' इससे पूर्व मंच पर राहुल कुमार को महुआ रॉय चौधरी , कार्यक्रम समन्वयक , जीविका ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ' अपने स्वागत संबोधन में श्रीमती महुआ रॉय चौधरी ने कहा कि प्रोत्साहन के लिए सभी अतिथियों एवं स्टॉल धारकों का सरस मेला में अभिन्दन है ' समापन समारोह के अवसर पर बेहतर खरीद-बिक्री एवं साज-सज्जा करने वाली स्टॉल धारकों , आगंतुकों को विभिन्न योजनाओं से रूबरू एवं लाभान्वित कराने वाले विभाग एवं बैंको के साथ ही जीविका एवं इवेंट प्रबंधन टीम को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में श्यामला विश्वनाथन झकेरला, अफरोज बेगम- बिहार , चरणजीत कौर-पंजाब, दीदी की रसोई झ भोजपुर, असिना खातून-बिहार, जानकी जीविका महिला सिलाई उत्पादक समूह- बिहार, मरियम अख्तर झ असम, कृष्णा देवी एवं खैरुन निशा झलेह-लद्दाख रही ' महिला एवं बाल विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, पटना नगर निगम और इवेंट टीम पिरामिड फैबिकोंन को भी प्रसस्ति पत्र देकर श्री राहुल कुमार ने सम्मानित किया ' इस दौरान मंच पर राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जीविका , नजिस बानो झ राज्य परियिजना पर्बंधक, जीविका एवं सूर्यकांत, जीविका भी मौजूद रहे ' अंत में मंचासीन अधिकारियों को जीविका दीदियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री समीर कुमार , राज्य परियोजना प्रबंधक, गैर कृषि, जीविका ने किया ' मंच संचालन सोनी सिंह ने किया। बहरहाल ग्रामीण महिला उद्यमी एवं शिल्पकारों की और कुशल उद्यमी बनने की दास्ताँ बिहार सरस मेला में प्रदर्शित हुई ' ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका द्वारा ग्रामीण शिल्प एवं उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य बिहार सरस मेला 15 से 29 दिसंबर तक गाँधी मैदान, पटना में आयोजित हुई ' बिहार में सरस मेला का आयोजन एवं इसके प्रति आगंतुकों का आकर्षण निरंतर बढ़ता जा रहा है।

15 दिनों में 16 करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई है ' अनुमानतः 11 लाख लोग आये। 15 दिसंबर से आयोजित बिहार सरस मेला में बिहार के सभी 38 जिलों से लगभग 191 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी जीविका दीदियाँ सूक्ष्म उद्यमी के तौर पर उपस्थित हुईं । अन्य 22 राज्यों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखण्ड, केरला, लद्दाख, उत्तर प्रदेश, पंजाब, आसाम, महाराष्ट्र, ओडिशा,मध्य प्रदेश, जम्मू काश्मीर, कर्नाटक, पॉन्डिचेरी, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, एवं मणिपुर से स्वयं सहायता समूह से जुडी 66 महिला उद्यमी एवं 151 स्वरोजगारी अपने उत्पाद, व्यंजन एवं शिल्प को लेकर उपस्थित हुईं ' विभिन्न विभागों, संस्थानों एवं बैंको के 50 स्टॉल से विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी गई ' इसके साथ ही विभिन्न जिलों से उप विकास आयुक्त के माध्यम से आई महिला उद्यमी 50 स्टॉल पर भी हस्तशिल्प, कलाकृतियाँ एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई।

प्रमुख द्वादश शक्तिपीठों में है छोटी पटन देवी : महामंडलेश्वर

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। अयोध्या धाम से 51 शक्तिपीठों का दर्शन यात्रा के क्रम में महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी पहुंचे। यहां पीठाचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी ने मां भगवती की पवित्र चुनरी और प्रतीक चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया। उपस्थित भक्त समूह को संबोधित करते हुऐ स्वामी प्रखर जी महाराज ने सभी शक्तिपीठों का आख्यान सुनाते हुए बताया कि प्राचीन पटना सिटी के पूर्वी द्वार पर विराजित पिंडी स्वरूपा माता ही सवार्नदकारी देवी और साथ में विराजमान भैरव ही ब्योमकेश के रूप यहां के भक्तों रक्षक और नगर माता हैं। सैकड़ों वर्षों से यहां मां की ज्योत निरंतर जल रही है, जो भक्तों का कल्याण कर रही है। यहां आकर और ये जानकर मैं भाव विह्वल हो गया कि यहां विश्व के सभी 51 शक्तिपीठों और उनकी महा ज्योत की स्थापना निर्माण का महान कार्य चल रहा है। इसमें सभी भक्तों को अपना अंश दान जरूर करना चाहिए। आने वाले दिनों में माता का यह स्थान पटना वासियों के लिए गौरवशाली होगा। महामंडलेश्वर ने श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् को अपने लक्ष्यचंडी महायज्ञ में अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम में बाबा विवेक द्विवेदी, ईश्वर अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, रवि गोयनका, राजेश कानोडिय, मुन्ना भरतिया, सुनील बंका आदि समाजसेवी उपस्थित थे।

गुरुद्वारा बाललीला में गुरुपर्व को ले बन रहा लंगर को पंडाल

दर्जनाधिक काम्युनिटी हॉल बुक, कंगन घाट, पटना साहिब भवन, ओपी साह में बाबा भूरीवाले का लंगर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व 15 से 17 जनवरी को मनाया जाना है, जबकि 5 जनवरी से प्रभातफेरी का दौर शुरू हो जाएगा। गुरुद्वारा बाल लीला महिनी संगत में 18 जनवरी को दशमेश पिता का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान पटना साहिब पहुंचने वाली संगतों के रिहाइश से लेकर लंगर व अन्य सुविधाओं में गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत की भी अहम भूमिका होती है। यही कारण है कि एक तरफ जहां केंद्र और राज्य सरकार से लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का तख्तश्री पटना साहिब की कमेटी के साथ तालमेल कर व्यवस्थाओं को अंजाम देने में लगा है, तो गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के प्रबंधन से जुड़े बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह और बाबा गुरविंदर सिंह भी पीछे नहीं रहते हैं। गुरुद्वारा बाललीला में फिलहाल 200 से 225 वातानुकूलित आधुनिक कमरे आने वाले संगतों के ठहरने के लिए स्थायी रूप से बने हैं। इसके अलावा प्रकाश पर्व पर आने वाली संगतों की संख्या को ध्यान में रखते हुए दर्जनाधिक कम्युनिटी हॉल बुक कराया गया है। यही नहीं, उन कम्युनिटी हॉल में संगतों को रहने के लिए गद्दा, बिछावन, कंबल से लेकर लंगर तक की व्यवस्था की जाती है। संगतो की पूर्व सूचना होने पर एयरपोर्ट से लेकर दानापुर, पाटलिपुत्र, पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल एवं पटना साहिब स्टेशन से लाने और उन्हें छोड़ने की ट्रांसपोर्ट सुविधा भी उपलब्ध कराया जाता है। फिलहाल बाबा सुखविंदर सिंह गुरुद्वारा बाललीला में पहुंच कर स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह एवं अन्य के द्वारा की गई व्यवस्थाओं को देखकर उसे और बेहतर करने के लिए काम कर रहे हैं। दरअसल देश-विदेश से आने वाले सिख संगतों के पटना साहिब आने पर उनके ठहरने की पहली पसंद गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत है। करण कि यहां का लंगर सबों को भाता है। इसके साथ ही यहां कैफेटेरिया की भी सुविधा है, जहां भुगतान कर खाने का सामान लिया जा सकता है। यहां वाहनों की पार्किंग की बड़ी समस्या थी, मगर बाबा भूरीवाले और बाबा सुखविंदर सिंह ने अंडरग्राउंड पार्किंग का काम पूरा कराया है। यहां करीब 400 से अधिक वाहनों का पार्किंग किया जा सकेगा। बेसमेंट में ही वाहनों के चालक व खलासी के लिए शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण भी कराया गया है। प्रकाश पर्व के बाद अंडरग्राउंड पार्किंग के उत्तर की ओर 30 से 40 आधुनिक कमरे का निर्माण कराया जाएगा। प्रकाश पर्व और संगतों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष पंडाल बनाया जा रहा है। इसमें एक साथ 500 लोग बैठ कर लंगर छक सकेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 12 या 13 जनवरी को विशेष लंगर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित पत्र भी दिया गया है। पिछले अनेक बार वे यहां आ भी चुके हैं। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह एवं सचिव हरबंश सिंह ने बाबा भूरीवाले को कंगन घाट, पटना साहिब भवन और ओपी साह सामुदायिक भवन में ठहरे संगतों के लंगर की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी है। इसे भी सहर्ष स्वीकार करते हुए सेवा दी जाएगी। लंगर हॉल के पास दो मंजिला लंगर हॉल बनाने और उसके ऊपर आधुनिक कमरे का निर्माण भी कराया जाना है। हालांकि इसमें कुछ देर संभव है। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि क्योंकि तख्त श्री कमेटी ने तख्तश्री पटना साहिब परिसर में भी रिहाइश के निर्माण की सेवा सौंपी है। उसे भी समय से पूरा करना है।

अंग्रेजी दवाओं की पढ़ाई करने वाले फार्मासिस्टों को आयुर्वेदिक कॉलेज में ट्रेनिंग

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। इसमें डिप्लोमा इन फामेर्सी के छात्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयुर्वेदिक कॉलेज में कराने की बात कही गई है। इससे डिप्लोमा इन फामेर्सी के छात्रों में खासा आक्रोश है। छात्रों कहना है कि आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथी फार्मासिस्ट अलग-अलग होते हैं।

ऐसे में एलोपैथिक फार्मासिस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सा अस्पताल में क्या सीखेंगे। फामेर्सी शिक्षा को नियामक करने वाली संस्था फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के एजुकेशन रेगुलेशन 2020 के अनुसार भी डिप्लोमा इन फामेर्सी पास छात्रों को एलोपैथी फार्मासिस्टों की देखरेख में अपना प्रशिक्षण पूरा करना होता है और सर्टिफिकेट पर उनका सिग्नेचर होता है, जबकि आयुर्वेदिक कॉलेज में न तो एलोपैथी फार्मासिस्ट हैं, न ही एलोपैथिक दवाइयां। ऐसे में फार्मासिस्ट क्या सीखेंगे क्या। छात्रों ने सचिवालय में पत्र जारी करने वाले स्वास्थ्य विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी रेणु कुमारी को अपना पत्र दिया और जल्द से जल्द उनका प्रशिक्षण पूर्व की तरह पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराने की मांग की है।

अक्षत कलश को लेकर भाजपा एवं संघ की बैठक संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। शुक्रवार को दनियावां मंडल के प्रेस क्लब में भाजपा कार्यकर्ता एवं संघ के कार्यकताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की जानकारी देते हुए मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा बताया कि अयोध्या से आए अक्षत कलश को प्रत्येक घर में वितरण एवं आमंत्रण पत्र को देते हुए 22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आमंत्रण दिया जाएगा और इस कार्यक्रम को भव्य रूप से करने के लिए 5 जनवरी को पूरे दनियावां नगर मंडल के प्रत्येक गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसके लिए पंचायत स्तर पर भाजपा एवं संघ के कार्यकताओं की टोली आज के बैठक में गठन कर दी गई। मौके पर प्रदेश नेता कुमार विजय पासवान, जिला महामंत्री अरविंद यादव, खंड कार्यवाह राधेश्याम, धर्मवीर कुमार, विस्तारक ओंकार सिंह, मंडल अध्यक्ष बिंदु सिंह, सियाराम शर्मा, रंजय सिंह रजनीश चक्रवर्ती, सुनील पासवान, दिलीप कुमार मोदी के साथ भाजपा एवं संघ प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अज्ञात व्यक्ति का शव नाले से बरामद किया गया

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आशोपुर पुलिया के नीचे नाला से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से आसपास सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना दानापुर पुलिस को दी। जो मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक आशोपुर गांव में जाने वाले मार्ग में स्थित पुलिया के नीचे एक व्यक्ति का शव देखा गया। शव से काफी दुर्गंध आ रही थी और शव का शरार पानी में रहने से फूल गया था। उन्होने तत्काल इसकी दानापुर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के माध्यम ने पुलिया के नीचे पड़े शव को नाले से बाहर निकाला। उन्होने शव को बाहर निकाल उसकी पहचान करने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो सकती।

देश का गरीब ऊपर उठेगा, तभी देश विकसित होगा : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश को विकास का रफ्तार मिला है। वंचित एवं अंतिम पायदान तक के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा। इस लक्ष्य की प्राप्ति विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हो रही है। यह बातें पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव ने शुक्रवार को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 67 के हाजीगंज एवं वार्ड 71 के शरीफागंज में आयोजित विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश का गरीब जब तक ऊपर नहीं उठेगा उसका कल्याण नहीं होगा देश विकसित नहीं करेगा उन सबों को उसे नियमों का लाभ दिलाना ही होगा यही कारण है कि विकसित भारत यात्रा के दौरान अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी गण आप सबों के बीच में है सरकारी कार्यालय का चक्कर नहीं लगाकर आपके बीच पदाधिकारी पहुंच रहे हैं जिनको सही मायने में योजना का लाभ मिलना चाहिए उन्हें दिया जा रहा है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों का बेटा है इसलिए गरीब और गरीबों का ख्याल रखते हैं। मोदी के गारंटी वाली गाड़ी विकसित भारत के निर्माण और गरीबों, जरूरतमंदों, मिडिल क्लास के व्यक्तियों एवं वंचितों को उनका हक दिलाने की गारंटी बन चुकी है। श्री यादव ने मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन, मुद्रा लोन योजना के तहत ऋण, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया। योजनाओं का अलग-अलग स्टॉल पर अधिकारी लोगों को जानकारी दे रहे थे। वही गेहूं का आटा 27.50 प्रति किलो और चना दाल 60 रुपया प्रति किलो लोगों को मिल रहा था। मौके पर वार्ड पार्षद मनोज उर्फ मुन्ना जायसवाल, वार्ड पार्षद अंजली राय, किरण शंकर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, मनोज यादव, महेश पासवान, ओम पासवान, संजय सिंह, प्रवक्ता राजेश साह, सुरेश सिंह, संजय कुमार सिन्हा, राजू जायसवाल, विनय कुमार बिट्टू, रविंद्र सिंह, संतोष जायसवाल, राजेश मेहता, किशोरी यादव, प्रदीप सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

कंगारू मदर केयर अल्प वजनी नवजात की मृत्यु को रोकने में 40 प्रतिशत तक कारगर

हाइपोथर्मिया से बच्चों को सुरक्षित रखने में बेहद कारगर

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कंगारू मदर केयर अल्प वजनी नवजात की मृत्यु को रोकने का एक सबसे कारगर तरीका है। कंगारू मदर केयर में स्किन टू स्किन कांटेक्ट के साथ सिर्फ स्तनपान अल्पवजनी नवजात के लिए संजीवनी का काम करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार कंगारू मदर केयर अल्प वजनी नवजात की मृत्यु रोकने में 40 % तक कारगर साबित होता है।

2 किलोग्राम से कम वजन के बच्चों के लिए आवश्यकः डॉ। बी।पी।राय, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य ने बताया कि 2 किलोग्राम से कम वजन के बच्चों को कमजोर नवजात की श्रेणी में रखा जाता है। जिन्हें सघन देखभाल की जरूरत होती है। कमजोर बच्चों के उचित देखभाल के लिए सभी जिलों में कमजोर नवजात देखभाल कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आशा एवं एनएनएम चिन्हित कमजोर नवजातों को उनके घर पर ही विशेष देखभाल प्रदान करती है। कमजोर नवजातों के उचित देखभाल की कड़ी में ह्यकंगारू मदर केयरह्ल काफी असरदार प्रक्रिया होती है। राज्य के 34 जिलों के एसएनसीयू में केएमसी वार्ड संचालित है और जहाँ अल्प वजनी नवजात को कंगारू मदर केयर की सुविधा प्रदान की जाती है।

नियमित स्तनपान एवं स्किन टू स्किन कांटेक्ट से करें शिशुओं की करें ठंड से सुरक्षाः डॉ। राय ने बताया कि नवजात एवं शिशुओं को बचाने में नियमित स्तनपान एवं स्किन टू स्किन कांटेक्ट की अहम् भूमिका होती है। शारीरिक संपर्क से नवजात के शरीर में जरुरी ऊष्मा की पूर्ती होती है। इससे नवजात मौसम में हो रहे बदलावों से सुरक्षित रहता है। नियमित स्तनपान से शिशु की सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति होती है और वह स्वस्थ रहता है।

इसलिए जरुरी है कंगारू मदर केयरः डबल्यूएचओ के अनुसार, जन्म के समय 2 किलोग्राम या उससे कम वजन वाले नवजात शिशुओं को निरंतर रूप से कंगारू मदर केयर प्रदान किया जाना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल में ही प्रतिवर्ष सबसे अधिक अपरिपक्व जन्म(37 सप्ताह से पूर्व शिशु जन्म) वाले 10 देशों की सूची जारी की है। जिसमें भारत 35।19 लाख संख्या के साथ सूची में सबसे ऊपर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि सभी जन्मों में से 10 से 15 प्रतिशत जन्म अपरिपक्व होते हैं। अपरिपक्व या समय से पूर्व जन्में बच्चों में जटिलताओं से बचाव के लिए कंगारू मदर केयर बेहद कारगर साबित हो सकता है।

केएमसी के फायदेः

केएमसी देने से माँ की कन्हर(प्लेसेंटा)जल्दी बाहर आ जाता है।

बच्चे को सीने से लगाने से माँ का दूध जल्दी उतरता है

नवजात शिशु स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है।

शिशु का वजन बढ़ता है और शारीरिक विकास बेहतर हो जाता है

माँ एवं बच्चे के बीच मानसिक एवं भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है ।

ऑटो सवार अपराधियों ने सोने का चेन, अंगूठी, रुपया व मोबाइल छिना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

यात्रियों के वेश में ऑटो पर बैठकर अपराधी यात्रियों के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि गाहे-बगाहे पुलिस के द्वारा ऐसे गिरोह से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी भी करती है। फिर भी सिलसिला थम नहीं पा रहा है। ताजा मामला खाजेकलां थाना क्षेत्र के मच्छरहट्टा के काले हनुमान जी मोहल्ले में रहने वाले सूरज कुमार के साथ घटी। उसने बताया कि वह मधुबनी से चलकर अगमकुआं आरओबी पर उतरा और पुल के नीचे से सिटी आने के लिए ऑटो पर सवार हुआ। उस आटो पर पहले से दो अपराधी सवारी के रूप में बैठे थे। जल्ला गली के पास उन दो में से एक ने मजबूरी बताते हुए उसे कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा। जब उसने देने से इनकार कर दिया, तो वह मोबाइल छिन लिया। इसके बाद जेब में रहे 10 हजार नगद, सोने का चेन और अंगूठी छिन लिया। इसके बाद ऑटो से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। चालक सहित दोनों यात्री के वेश में रहे अपराधी वाहन से भाग निकले। हालांकि उसने ऑटो का पीछा किया चौकशिकारपुर नाला पर मौजूद पुलिस गश्ती दल को आपबीती बताई। गश्ती दल पर रहे पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने पटना साहिब स्टेशन के आसपास उक्त ऑटो और चालक की खोजबीन की, मगर कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में इस घटना की सूचना खाजेकलां थाना की पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि इसी तरह की घटना वैशाली के सोनू कुमार के साथ भी हुई थी।

कार चेकिंग कराने का झांसा दे एटीएम व मोबाइल लेकर फरार

पटना सिटी। राष्ट्रीय उच्च पथ 30 पर सक्रिय अपराधियों ने भी वाहन पर सवारी बैठाकर लोगों को शिकार बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला नालंदा जिला के तेल्हाड़ा के दासौर विगहा गांव के रहने वाले मिथिलेश प्रसाद सिंह के साथ घटी। उनका एटीएम और मोबाइल झपट लिया गया और बैंक खाता से 96 हजार की निकासी कर ली गई। पीड़ित ने बाइपास थाना में मामला दर्ज कराया है। मिथिलेश ने बताया कि वह पुणे से लौटकर दानापुर स्टेशन पर उतरा। यहां से ऑटो लेकर वह जीरो माइल पहुंचा। यहां पर वह चाय पी रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति आया और उससे पूछा कि उसे कहां जाना है। उसने बताया कि उसे नालंदा के तेल्हाड़ा जाना है। अपराधी ने कार चालक की भूमिका में कहा कि वह भी वहीं जा रहा है और उसके पास कार है। उसमें जगह भी है। किसी तरह से समझा-बुझा कर उसे अपनी कार में बैठा लिया। कुछ दूर आगे जाने के बाद कसेरा धर्मकांटा के पास वह कार को रोक दिया। उस कार में पहले से तीन लोग सवार थे। इस दौरान चालक ने कहा कि यह सरकारी गाड़ी है। गाड़ी के सामान को चेक कराना है। उसने उसे कार से उतार दिया। फिर कहा कि यहां पर कुछ देर इंतजार कीजिए। वह सामान की जांच करा कर आता है। साथ ही मोबाइल और तीन एटीएम कार्ड भी ले लिया। काफी देर इंतजार करने के बाद भी कार सवार अपराधी नहीं लौटा। बाद में जब खाता की जांच कराने पर पता चला कि एटीएम की मदद से उसने 96 हजार की निकासी कर लिया है।

श्रीराम मंदिर अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत को घर - घर किया जाएगा वितरण

फतुहा। अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम का विग्रह स्थापित होगा। इस निमित 31 दिसंबर को 11बजे रविवार की सुबह फतुहा शहर के दरियापुर कटैया घाट स्थित रामजानकी मंदिर से अक्षत कलश यात्रा निकाला जायेगा, जो नगर भ्रमण कर महारानी चौक पर समापन होगा। एक जनवरी से पंद्रह जनवरी तक अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत वितरित किए जाएंगे। इसकी जानकारी भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने दी और बताया की वही 22 जनवरी को नगर के सभी मंदिर को अयोध्या धाम का प्रतीक मानकर धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती एवं रात्रि में प्रत्येक घरों में दीपोत्सव मानने का आग्रह किया जाएगा। इसके बाद आम लोगों को प्रभु श्रीराम का दर्शन करने के लिए अयोध्या जाने का भी लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकताओं की टीम बनायी गयी है जिसमें भाजपा फतुहा नगर मंडल के पदाधिकारियों के साथ -साथ युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के कार्यकताओं को लगाया जायेगा जो शहर में लोगों को आमंत्रण देगें। अयोध्या जाने और प्रभु राम के दर्शन लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निशुल्क व्यवस्था की है।

प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि का विरोध

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव विश्वजित कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य देवरत्न प्रसाद, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार एवं पटना साहिब अंचल के सचिव शंभूशरण प्रसाद ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा 20 प्रतिशत बिजली दर वृद्धि के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है ।उक्त नेताओं ने कहा कि बिहार जैसे पिछड़े राज्य में पहले से ही बिजली बिल का बोझ बहुत अधिक है। इस परिस्थिति में बिजली दर वृद्धि कर यहां की जनता पर आर्थिक बोझ लादना बिल्कुल ही अनुचित है ।सीपीआई के नेताओं ने चेतावनी दी है की अगर बिजली दर वृद्धि का प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया, तो सीपीआई इसके विरुद्ध जनांदोलन करेगी। पूर्व में भी प्री

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से ललन सिंह के इस्तीफे पर सियासी बयानबाजी तेज

नीतीश कुमार जदयू के सर्वमान्य नेता हैं : तेजस्वी

कहा- भाजपा को हराने के एजेंडे पर करेंगे काम

पटना। ललन सिंह के जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जेडीयू के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। नीतीश कुमार के जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने बधाई और शुभकामना दी। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार जेडीयू के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। यह उनके पार्टी का एजेंडा रहा है। नीतीश कुमार पहले भी लगातार अध्यक्ष रह चुके हैं। नीतीश कुमार पार्टी के सर्वमान्य नेता हैं। अच्छी बात है कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। हमारी शुभकामनाएं उनके साथ है। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी को हराने का जो हमलोगों का एजेंडा है उस पर काम करेंगे। वहीं, भाजपा पर हमला बोलते हुए तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी को जनता के मुद्दों से कोई मतलब नहीं है। इन्हें ना ही जनता के काम से कोई मतलब है। बिना मतलब कुछ ना कुछ बयान बीजेपी के नेता देते रहते हैं। वे ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि इंडिया गठबंधन से वे लोग काफी डरे हुए हैं। इसलिए लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि हमलोग लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं तो बीजेपी वालों का हाथ-पैर फुल रहा है। वही राष्ट्रीय लोक जनता दल के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा पर भी तेजस्वी ने हमला बोला। कहा कि वो तो हर जगह हो ही ना लिये। उनकी समझदारी और बढ़ गयी है। हमलोग तो चाहते है कि वे भी आगे बढ़े लेकिन किस्मत ही उनका साथ नही दे रहा है। कुशवाहा का हम लोग तो शुभचिंतक हैं। वही आस्ट्रेलिया नहीं जाने की खबरों पर तेजस्वी ने कहा कि मीडिया वाले अलूल जलूल खबरे चलाते रहते हैं। कोई सूत्र लगाकर चला है। हम तो चाहते हैं कि सूत्र लोग को जरा मेरे सामने ना लाइए। तेजस्वी ने कहा कि आस्ट्रेलिया नहीं जाने वाली बात सही नहीं है। अभी ऐसी बात नहीं है प्रक्रिया में है।

जदयू में एक ही नेता है, दूसरा कोई नहीं : सम्राट

कहा- बीजेपी महागठबंधन को हराने के लिए तैयार

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर ललन सिंह के इस्तीफे के बाद सूबे में सियासी बयानबाजी जोरों पर है। इस प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि जेडीयू में एक ही नेता है नीतीश कुमार और दूसरा कोई नहीं है। नीतीश कुमार ने कभी आरसीपी सिंह को अध्यक्ष बना दिया तो कभी ललन सिंह को बना दिया, ये उनका दायित्व है। लेकिन बीजेपी का स्पष्ट मानना है कि पूरे महागठबंधन और इंडिया गठबंधन के लोगों को हराने के लिए तैयार हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि ये जेडीयू का अपना मामला है वहां की लड़ाई है। बीजेपी को इससे कोई लेना देना नही है। हम आज भी तैयार हैं जेडीयू और आरजेडी मिलकर चुनाव लड़ें। दोनों को हराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता तो सिर्फ जेडीयू में एक ही है नीतीश कुमार, दूसरा कोई नेता नहीं है। सम्राट ने कहा कि नीतीश कुमार कभी आरसीपी सिंह को अध्यक्ष बनाए, कभी ललन सिंह को बनाए कभी और किसी को बनाएंगे। बीजेपी का मानना है कि हम पूरे महागठबंधन और इंडी गठबंधन को हराने के लिए तैयार हैं।

गलत परंपरा की हुई शुरूआत :

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह बार बार राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपमानित कर हटाना गलत परंपरा की शुरूआत है। विजय कुमार सिन्हा ने ललन सिंह को अध्यक्ष पद से हटाए जाने को लेकर कहा कि वो हमारे क्षेत्र के सांसद हैं, ऐसे में उन्हें पद से इस तरह से अपमानित कर हटाए जाने से दुख तो होगा ही। मैं तो यह कहूंगा कि ललन बाबू को पहले ही यह जानकारी हो गई थी कि उनकी कुर्सी जानेवाली है तो इस तरह हटाए जाने से पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए। ऐसी स्थिति आने ही नहीं देनी चाहिए थी।

पहले दिखाया ख्वाब, फिर कर दिया चकनाचूर : शाहनवाज

पटना। बिहार की सियासत गरमाई हुई है। ललन सिंह के जदयू के राष्ट्रीय पद से इस्तीफा देने के बाद से ही सियासी बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। बीजेपी लगातार जदयू पर हमला बोल रही है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने भी इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए जदयू पर जोरदार हमला बोला है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि, जदयू बिहार की क्षेत्रीय पार्टी है, दिल्ली में उनकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हो रही है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष का इस्तीफा हुआ औ फिर से नीतीश कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि, बिहार में जदयू और बीजेपी पर सरकार थी, तब बिहार में अच्छा कार्य हो रहा था, राज्य में उद्योग और बेरोजगारी को लेकर कार्य हो रही थी। लेकिन सीएम ने हमें छोड़कर राजद का दामन थाम लिया। लेकिन राजद ने उनको अच्छा सिला दिया। उनको जो वादा किया उसे तोड़ दिया। अब जब इंडी गठबंधन में भी उन्हें संयोजक नहीं बनाए गए तो वह अपनी ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि, बिहार में अब बीजेपी 40 की 40 सीटों पर चुनाव जीतने वाली है। तो महागठबंधन की हार का ठीकरा भी नीतीश कुमार के सर पर फोड़ा जाएगा। इससे बिहार में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। जिस तरह बसपा बहन जी की पार्टी है, सपा अखिलेश जी की पार्टी है, वैसे ही जदयू नीतीश कुमार की पार्टी है। अब वह राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते भी हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

ललन सिंह को समझने में हुई देर : मांझी

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से ललन सिंह ने के इस्तीफे के बाद राज्य में बायनबाजियों का दौर शुरू हो गया है। विपक्ष इस मामले में जदयू पर तंज कस रहा है। ललन सिंह के इस्तीफा की खबर के बाद हम प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि ललन सिंह समझने में चूक गए। श्री मांझी ने कहा कि ललन बाबू को समझना चाहिए था कि जो फार्नांडिस साहब के ना हुए, आरसीपी, शरद यादव, दिगविजय सिंह के ना हुए वह उनके कैसे होंगें? ऐसा कोई सगा नहीं जिसे ठगा नहीं गया। हम प्रमुख ने कहा है कि जो आज तक किसी के नहीं हुए हैं। वह ललन सिंह के कैसे होंगे। मालूम हो कि, ललन सिंह के इस्तीफे के बाद जदयू के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अब नीतीश कुमार खुद पार्टी की कमान संभालेंगे। ललन सिंह ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके तुरंत बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया गया। दिल्ली में जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान बड़े उलटफेर देखे गए। अब पार्टी की कमान नीतीश कुमार के हाथों में है।

प्रगति मेहता व लोजपा नेता त्रिभुवन निषाद भाजपा में हुऐ शामिल

- बिहार के 33 वर्षों के कीचड़ में अब खिलेगा कमल : सम्राट
- भाजपा किसी व्यक्ति या वंश की नहीं सामूहिक नेतृत्व की पार्टी : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में जदयू के प्रदेश प्रवक्ता, महासचिव और मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे प्रगति मेहता, लोजपा के पूर्व प्रदेश महासचिव रहे त्रिभुवन कुमार निषाद अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा भी इस समारोह में जदयू, राजद और लोजपा के सैकड़ों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी लोगों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया। इस मिलन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश को आगे बढ़ाने में लगे हैं, अब बिहार को भी आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से भाजपा को सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि अब आप सभी का सहयोग भाजपा को चाहिए। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि 15 साल लालू प्रसाद बिहार में कीचड़ फैलाया और अब नीतीश कुमार 18 साल से कीचड़ फैलाकर रखे हैं। अब इसी कीचड़ में आपलोगो के सहयोग से कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार करने वालों को जेल जाना तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बिहार में लाइए बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया से मुक्ति भाजपा की सरकार देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपराध मुक्त बिहार बनाने का कार्य करेगी।

इधर, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने भाजपा में आए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा किसी व्यक्ति या वंश की नहीं सामूहिक नेतृत्व की पार्टी है। भाजपा लोगों के उत्थान और कल्याण करने वाली पार्टी है। जो लोग परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति करते हैं, वह भाजपा में नहीं आ सकते। इधर, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी ने कहा कि अब तक बिहार में जितनी सरकार आई उसने अति पिछड़ों को ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि जिसने भी अति पिछड़ों को ठगने का काम किया है उसका हिसाब भी बराबर किया जाएगा। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मोदी के साथ पूरा देश चल पड़ा है और यहां की युवाओं की भीड़ बताती है कि युवा भी भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी न्याय यात्रा निकालने वाले है, लेकिन इस यात्रा के पहले उनकी पार्टी ने जितने अन्याय किए हैं उसका हिसाब भी उन्हें देना चाहिए। सदस्यता लेने वालों में प्रगति मेहता, त्रिभुवन कुमार निषाद, युगल किशोर राय, हुलास महतो, राजद के पूर्व प्रदेश सचिव राकेश कुमार तांती, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानी, नवल मंडल, विजेंद्र कुमार मिंटू, अर्जुन मंडल प्रमुख हैं।

निबंधन रद्द करने की साजिश के खिलाफ मजदूरों का प्रदर्शन आज

माले विधायक सन्दीप सौरभ सहित अन्य नेतागण करेगें संबोधित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ऐक्टू एआइसीसीटीयू से सम्बद्ध बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन राज्य सचिव रणविजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन के आह्वान पर कल 30 दिसंबर को सैंकडो निर्माण मजदूर बेली रोड स्थित नियोजन भवन में स्थित उप श्रमायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। ऐक्टू नेता ने बतया कि कल होने वाला प्रदर्शन मुख्य रूप से मोदी सरकार द्वारा कल्याण बोर्ड को समाप्त करने कि की जा रही साजिश के खिलाफ ऑनलाइन नवीकरण की आड़ में व्यापक निर्माण मजदूरों का निबंधन रद्द करने की श्रम विभाग द्वारा की जा रही साजिश बन्द करने, ऑनलाइन नवीकरण में कट ऑफ डेट व अनुदान वितरण में अड़ंगेबाजी व जांच अधिकारियों के मनमानीपन को समाप्त करने तथा श्रम कार्यालयों में ऑनलाइन नवीकरण -निबंधन व अनुदान वितरण की पुख्ता व प्रयाप्त निशुल्क व्यवस्था की गारंटी करने की मुख्य मांग पर आहूत है। मजदूर नेता रणविजय कुमार पटना के पटना के सभी निर्माण मजदूरों से कल के प्रदर्शन में भारी से भरी संख्या में नियोजन भवन पहुंच कर प्रदर्शन में हिस्सा लेने का आह्वान किया है। ऐक्टू नेता ने बताया कि कल 30 दिसंबर को निर्माण मजदूरों का नियोजन भवन पर होने वाले प्रदर्शन को मुख्य रूप से माले विधायक संदीप सौरभ सहित अन्य नेतागण संबोधित करेंगे।

युवा रालोजपा के गोपालगंज जिला के जिलाध्यक्ष बने राकेश तिवारी

पटना। युवा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए खजुरी ग्राम निवासी राकेश तिवारी को गोपालगंज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि तिवारी ने मीडिया को कहा कि पार्टी के सिद्धांत और राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के विचारों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय लोजपा का सदस्यता ग्रहण किया। आगे चन्द्रवंशी ने बताया कि इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, देवजानी मित्रा, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत कुमार, रंजीत पासवान, चंदन सिंह, अमरेश पाठक, राधाकान्त पासवान, राजेश सिंह, सत्यनारायण शर्मा, तुषार तिवारी सहित तमाम लोगों को बधाई देते हुए कहा कि तिवारी को आने से गोपालगंज जिला में राष्ट्रीय लोजपा के युवा संगठन को मजबूती मिलेगी।

आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका का चयन मुक्ति वापस हो : भाकपा

मानदेय बढ़ाने की घोषणा जल्द करें

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हड़ताल के दौरान चयन मुक्त की गई आंगनबाड़ी सेविका और साहियका को पुनः उसे अपने पद पर पदस्थापित करने की मांग की है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका अपने वाजिब मांगो को लेकर आंदोलन कर रही थी जिसके दौरान हजारों सेविका एवं सहायिकाओं को चयन मुक्त कर दिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भाकपा विधायक दल के नेता सूर्यकान्त पासवान और आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के नेताओं को वार्ता के दौरान चयन मुक्त करने की कार्रवाई को वापस लेने और मानदेय में बढ़ोतरी का दिये गये आश्वासन को जल्द से जल्द पूरा करने हेतु घोषणा करने की मांग की है ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्कूली पूर्व शिक्षा और पोषाहार का कार्य सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के पद पर महिला ही कार्यरत हैं, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर है। वे स्कीम वर्कर भी सम्मान की जिदंगी जी सके इसके लिए उसके मानदेय में बढ़ोत्तरी करते हुए उन्हे भी सरकारी कर्मी का दर्जा दी जाय।

महाप्रबंधक खंडेलवाल ने बख्तियारपुर में निर्माणाधीन आरओआर का किया निरीक्षण

- एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक के साथ कई पहलुओं पर की चर्चा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने शुक्रवार को बाढ़ थर्मल पावर को निर्बाध कोयले की आपूर्ति से जुड़ी परियोजना के तहत निमाणार्धीन बख्तियारपुर आरओआर का निरीक्षण किया। यह आरओआर पटना-हावड़ा मुख्य लाइन पर स्थित बख्तियारपुर के पास निमाणार्धीन है । इसकी कुल लंबाई 4.6 किमी है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने आरओआर को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने एनटीपीसी बाढ़ में कोयले की आपूर्ति पद्धति का जायजा लिया। साथ ही एनटीपीसी बाढ़ के अंदर के केबिन एवं रनिंग रूम का महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण किया तथा ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर एवं लोको पायलटों से रेल संरक्षा के संबंध में पूछताछ की ।

विदित हो कि बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम पहुंच हेतु 13.07 किमी लंबे बंधुआ-पैमार सरफेस ट्रायंगल तथा आरओआर एवं 19 किमी लंबे करनौती-बख्तियारपुर सरफेस ट्रायंगल का निर्माण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है जबकि बख्तियापुर में आरओआर (रेल ओवर रेल) का निर्माण कार्य प्रगति पर है । इस आरओआर का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के उपरांत बाढ़ स्थित थर्मल पावर प्लांट तक कोयला का परिवहन निर्बाध गति से हो सकेग। इस अवसर पर दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मनोज सिंह तथा निर्माण विभाग एवं दानापुर मंडल के अधिकारी उपस्थित थे। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा एनटीपीसी बाढ़ के राख लोडिंग प्वाईंट का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात महाप्रबंधक ने एनटीपीसी बाढ़ के मुख्य महाप्रबंधक विजय गोयल के साथ बैठक कर बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम एवं निर्बाध पहुंच से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लें : भीखू

भाजपा के प्रदेश वाणिज्य प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की हुई बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश वाणिज्य प्रकोष्ठ के द्वारा शुक्रवार को नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला संयोजकों का सम्मान समारोह भाजपा प्रदेश कार्यालय के कैलाशपति मिश्र सभागार में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रो. डॉ. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संयोजक प्रो. गुप्ता ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चैधरी को मोमेंटो, बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया। वहीं, प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने भाजपा के संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया को बुके, मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने प्रकोष्ठ के संयोजक, सह संयोजक एवं क्षेत्रीय प्रभारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जबकि डॉ. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता को वाणिज्य प्रकोष्ठ को मजबूत करने हेतु सम्राट चौधरी एवं भिखू भाई दलसानिया द्वारा बुके, मोमेंटो एवं शॉल देकर विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चैधरी ने वाणिज्य प्रकोष्ठ को मजबूत करने के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने हेतु संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी बिहार में 40 में से 40 सीटें जीतेगी, जिसमें वाणिज्य प्रकोष्ठ के कार्यकताओं की अहम भूमिका रहेगी। वहीं संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया ने वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत बनाने के संकल्प में अपना योगदान दें और विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लें। वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए शहर के हर कस्बे में जाकर भाजपा की जो उपलब्धियां है, उसे व्यवसायियों के बीच बताने का कार्य किया जाएगा। बिहार में भाजपा को आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से जिताने के लिए अभी से ही वाणिज्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को जी-जान से लगने के लिए उन्होंने आह्वान किया। इस मौके पर सह संयोजकों में महेश पंसारी, नितिन कुमार रिंकू, राजेश्वर प्रसाद राजेश, पवन जायसवाल, इंद्रभान सिंह, कृष्णा राजगढ़िया, संजीव कुमार पाल एवं मुरारी सिंह चंद्रवंशी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए वाणिज्य प्रकोष्ठ को और सशक्त बनाने हेतु संकल्प लिया। उन लोगों ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश संयोजक डॉ. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में हम सभी लोग संगठन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

जदयू को अब सावधान रहने की जरूरत : मोदी

पटना। पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि लालू प्रसाद से मिलकर जदयू को तोड़ने में लगे ललन सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने जाने की उनकी भविष्यवाणी सप्ताह भर के भीतर सच हुई लेकिन यह खेल की शुरूआत है, अंत नहीं। जेडीयू का टूटना तय है। सुशील मोदी ने कहा कि ललन सिंह के हटने की खबरों को जो लोग मीडिया और भाजपा का खेल बता रहे थे, उन्हें अब कुछ दिन मुंह छिपाना पड़ेगा। ललन सिंह को हटाये जाने पर जदयू कार्यालय में मिठाइयां बांट कर और पटाखे छोड़ कर कार्यकताओं ने ऐसी खुशी मनायी, जैसे उन्हें किसी गलत आदमी से मुक्ति मिली हो। उन्होंने कहा कि जो बिहार को भाजपा-मुक्त करने के बड़बोले दावे कर रहे थे, पार्टी ने उन्हें ही मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा की जदयू के भीतर दो गुट बन चुके हैं। एक खेमा लालू-समर्थक है, जिसके 12 से ज्यादा विधायकों को ललन सिंह अपने पीछे खड़ा कर चुके थे। दूसरा गुट भाजपा के प्रति सद्भाव रखता है। सुशील मोदी ने कहा कि यदि समय रहते ललन सिंह को नहीं हटाया गया होता, तो वे लालू प्रसाद के एजेंट के तौर पर काम करते हुए जदयू का राजद में विलय करा कर ही मानते। उन्होंने कहा कि ललन सिंह चुप बैठने वाले नहीं है, इसलिए कुछ और गुल खिलाएंगे। जदयू को अब उनसे और सावधान रहने की जरूरत है।

बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव जनविरोधी : चौरसिया

पहले से ही महंगी बिजली खरीद रहे लोग

पटना। सूबे में बिजली की दर 40 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाने के बिजली कंपनियों के प्रस्ताव की भाजपा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने तीखी आलोचना की है। कहा है कि इस जनविरोधी प्रस्ताव से आम उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। सूबे के लोग पहले से ही अन्य राज्यों की तुलना में महंगी बिजली दर का भुगतान कर रहे हैं। इस सच्चाई से राज्य सरकार और बिजली कंपनियां दोनों वाकिफ हैं। इसके बाद भी बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव लाना जले पर नमक छिड़कने जैसा है। डॉ. चौरसिया ने आम लोगों और व्यवसायियों से अपील की है कि वे 15 जनवरी से पहले बिहार विद्युत विनियामक आयोग को पत्र लिखकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराएं और जनसुनवाई के दौरान बढ़ोतरी के इस प्रस्ताव का खुलकर विरोध करें। कहा कि अगर प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो सड़क पर उतर कर इसका विरोध किया जाएगा।

जदयू में गुटबाजी व मतभेद चरम पर : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस्तीफा को लेकर एक्स पर पोस्ट कर तंज कसा है। चिराग ने लिखा है कि जो कभी दूसरे के घर को तोड़ने और अध्यक्ष पद से हटाने के लिए साजिश किए आज वो स्वयं साजिश के शिकार हो गए। श्री चिराग ने ललन सिंह पर तंज कसते हुए लिखा है कि कहावत है ना कि कर्म लौट कर आता है, आज कुछ वैसा ही आपके साथ भी हो रहा है। मैं आपकी व्यथा को समझ सकता हूं। इससे पहले भी जदयू के कई राष्ट्रीय अध्यक्षों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। श्री चिराग ने आगे लिखा है कि जनता दल यूनाइटेड में गुटबाजी अब इस कदर बढ़ गई है कि यह मतभेद और अंतरकलह पार्टी का अस्तित्व खत्म करके ही मानेगी। आने वाले चुनाव में जदयू का कोई नाम लेने वाला भी नहीं रह जाएगा। उक्त आशय की जानकारी लोजपा रा के बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी निशान्त मिश्रा ने दी।

कोहरे व ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें, जनजीवन प्रभावित

पटना। सूबे में अचानक ठंड और कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। राजधानी सहित अधिकांश जिले में शुक्रवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ-साथ ठंड ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। लोग ठंड से ठिठुरते हुए अपने काम में लगे रहें। कोहरे की वजह से कई इलाकों में विजिबिलिटी कम रही। इससे हवाई और रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। नए साल में बारिश के बाद कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार साल के आखिरी दिनों में पहाड़ों पर बर्फबारी हो सकती है। ऐसे में मौसम में बदलाव दिख सकता है। मौसम विभाग के पूवानुर्मान के अनुसार, 29 से 30 दिसंबर से मौसम ठंडा हो जाएगा। दिन में धूप निकलने से लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन शाम के समय सर्दी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार 29 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। साथ ही इसके निचले वायुमंडल में पूर्वी हवाओं के संपर्क के प्रभाव के कारण 2 से 4 जनवरी के बीच तीन दिन बारिश की संभावना है. दो जनवरी के बाद दिन के तापमान में कमी आने की भी संभावना है। इस दौरान कुछ दिनों तक कोहरा भी छाया रह सकता है।

पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर टूर-होटल संचालकों के साथ पर्यटन निदेशक की बैठक

बैठक में दिए कई सुझावों के आधार पर योजनाओं का होगा निर्माण व क्रियान्वयन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यटन विभाग के निदेशक विनय कुमार राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को टूर और होटल संचालकों के साथ बिहार पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने को लेकर एक बैठक हुई। पुराना सचिवालय स्थित निदेशालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन निदेशक ने कहा कि बहुप्रतिक्षित पर्यटन नीति कैबिनेट से स्वीकृत हो गयी है, इसके बाद पर्यटन से जुड़े जितने भी स्टेकहोल्डर्स हैं वह निवेश का लेकर पूरी तरह तैयार रहें ताकि राज्य का पर्यटन क्षेत्र और विस्तारित हो। अब नई नीति के तहत पर्यटन उद्योग स्थापित करने में आम लोग प्रोत्साहन राशि का सीधे लाभ उठा सकेंगे। सरकार की कोशिश है कि राज्य में विभिन्न सेक्टर में पर्यटन में बढ़ोत्तरी हो ताकि इससे रोजगार का अधिक से अधिक सृजन हो सके। पर्यटन निदेशक ने टूर-होटल संचालकों को बताया कि यदि आपसब बिहार पर्यटन का देश-विदेश में आयोजित होने वाले पर्यटन मेले आदि कार्यक्रमों में प्रचार-प्रसार में सहभागिता करने में सहमति व्यक्त करेंगे तो विभाग द्वारा आप सभी को प्रोत्साहन राशि देने पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जा रहा है। इसके तहत यात्रा भत्ते व आवासन के खर्च में कुल व्यय होने वाली राशि की 50 फीसदी तक प्रोत्साहन राशि देने की योजना पर काम किया जा रहा है। घरेलू यात्राओं में पांच कार्यक्रमों और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में तीन कार्यक्रमों में यह मदद देने पर विचार किया जा रहा है। आगामी माह में हम इस योजना के कार्यान्वयन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। देश-विदेश में रोड शो के आयोजनों को भी इसमें शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। सभी होटल और टूर संचालकों के कर्मियों के लिए प्रशिक्षण योजना पर भी विभाग काम कर रहा है। बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत आइएचएम बोधगया को पार्टनर बनाया गया है, जहां पर कर्मियों को प्रशिक्षण देने की योजना है ताकि पर्यटन क्षेत्र में आतिथ्य भाव को बेहतर रूप से कार्यान्वित किया जा सके।

बैठक में संचालकों से कई जरूरी सुझाव आएं :

इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी टूर व होटल संचालकों से कई जरूरी सुझाव प्राप्त किए गए। कुछ संचालकों की यह मांग थी कि हमारा धार्मिक पर्यटन सर्किट बहुत बेहतर रूप से स्थापित हो चुका है, अब कल्चरल और नॉलेज टूरिज्म सर्किट को बनाकर उसपर हम सब होटल और टूर ऑपरेटर्स अच्छे से काम करें। यह भी मांग उठी कि आसियान देशों से ज्यादा संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं, वहां लगातार सरकार के साथ पर्यटन से जुड़े उद्यमी वहां की यात्रा करें। होटल संचालकों को उनके कर्मियों के लिए प्रोफेशनल प्रशिक्षण की मांग भी टूर संचालकों ने की। बैठक में सभी टूर और होटल संचालकों ने राज्य में पहली बार आई पर्यटन नीति को लेकर काफी हर्ष व्यक्त किया और उन्होंने सरकार को इस हेतु बधाई भी दी। पर्यटन निदेशक ने कहा कि आप सभी के सुझावों के आधार पर योजनाओं के निर्माण में भविष्य में सहूलियत मिलेगी। राज्य में पर्यटन को बेहतर बनाने हेतु ऐसी बैठकें भविष्य में मासिक रूप से आयोजित हो सकेगी। बैठक में पर्यटन उप निदेशक प्रदीप कुमार गुप्ता समेत अन्य विभागीय अधिकारीगण भी मौजूद थे।

जानकी मंदिर और जानकी पैड़ी निर्माण को लेकर बैठक

पटना। बिहार के सीतामढ़ी में राम मंदिर की तर्ज पर बिहार के सीतामढ़ी में भव्य जानकी मंदिर का निर्माण और बेग

संक्षिप्त खबरें

शराब कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रमोली गांव से शराब कारोबारी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान रमोली गांव निवासी महेश प्रसाद के पुत्र संजीव कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक पुर्व में शराब मामले में नामजद था। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने किया 217 लीटर विदेशी शराब बरामद

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोरीया पकड़ी गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप पर लदीं 217 लीटर विदेशी शराब को बरामद किया है। थाना क्षेत्र के कोरीया पकड़ी गांव से गुरुवार की रात पुलिस ने पिकअप पर लदीं 217 लीटर विदेशी शराब एवं पिकअप के चालक को गिरफ्तार कर थाना ले लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान वैशाली जिले के थाना वैशाली क्षेत्र के अमृतपुर गांव निवासी सुनील राम के पुत्र रितेश कुमार के रूप में हुई है। हालांकि पिकअप पर लदे विदेशी शराब का पार्सल से भेजें गए बैंग जैसा देखने से लग रहा था। वैसे पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार पिकअप चालक को पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के उपरांत शराब के कारोबारी की पहचान कर पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

कोमल बनी सचिवालय सेवा में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के भूतेश्वर चौक कोदरिया निवासी कपड़ा दुकानदार कैलाश महतो व गृहणी उषा देवी की सुपुत्री कोमल कुमारी अपने प्रथम प्रयास में ही सचिवालय सेवा में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में चयनित हुई है। कोमल ने मैट्रिक, इंटर व स्नातक सभी में प्रथम श्रेणी से उतीर्णता हासिल की है। उंसने बताई की काफी कठिन मिहनत के बाद उसने अधिकारी बनने में सफलता अर्जित की है। उंसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व संजीत स्मृति क्लब को भी दी है। कोमल की सफलता पर अमरदीप कुमार, आत्मा के पूर्व अध्यक्ष रामनाथ सिंह, सागर सिंह, डॉ अमरेन्द्र कुमार, अजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार, श्याम कुमार, किशन कुमार, चंद्रशेखर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुखिया कपिलेश्वर कुँवर आदि ने बधाई दी है।

श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज में 4 जनवरी तक सभी कार्य पूर्ण करने का डीएम ने दिया निर्देश

- डीएम ने गणतंत्र दिवस समारोह व कपूर्री जयंती को लेकर की समीक्षा बैठक
- शिक्षा विभाग की प्रभात फेरी से गणतंत्र दिवस समारोह की होगी शुरूआत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समाहरणालय सभागार में डीएम योगेंद्र सिंह के द्वारा शुक्रवार को सरायरंजन के नरघोघी में निमार्णाधीन श्रीराम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण संबंधी अद्यतन उपलब्धि, गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों व जननायक कपूर्री जयंती बनाए जाने की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में श्रीराम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय में विद्युत संबंधी सभी तरह के कनेक्शन संबंधी कार्य 4 जनवरी तक पूर्ण होने की जानकारी विद्युत विभाग के प्रतिनिधि के द्वारा दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग दलसिंहसराय के कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि संपर्क सड़क का निर्माण किया जा रहा है। बीएसएनएल के प्रतिनिधि के द्वारा मोबाइल टावर लगाने एवं इसे चालू करने के लिए बीएमएसआईसीएल से एक कमरा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। डीएम योगेंद्र सिंह के द्वारा बीएसएनएल एवं विद्युत विभाग को कार्य करने के लिए अग्रिम राशि देने का निर्देश बीएमएसआईसीएल को दिया गया। अंचल अधिकारी सरायरंजन के द्वारा बताया गया कि इस चिकित्सा महाविद्यालय के चहारदीवारी के निर्माण का कार्य चल रहा है परंतु इस तेजी कराने की आवश्यकता है। ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट संबंधी प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा जा चुका है। अग्निशमन से संबंधित हच बॉक्स लगाया जा चुका है। इस चिकित्सा महाविद्यालय के उदघाटन के दिन ही ओपीडी, इमरजेंसी सेवाएं, माइनर सर्जरी, जांच, एक्स-रे, अल्ट्रा सोनोग्राफी की सुविधाओं को उपलब्ध कराने संबंधी प्रस्ताव सिविल सर्जन के द्वारा दिया गया। डीएम के द्वारा सभी तरह के कार्य 4 जनवरी तक पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों एवं बीएमएसआईसीएल को दिया गया। गणतंत्र दिवस के सुबह में शिक्षा विभाग के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में बड़ी संख्या में झांकियां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के द्वार निकाली जायेगी। ये हैं कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पीएचईडी, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कंफेड, जीविका, निर्वाचन, सहकारिता, नगर निगम, पशुपालन, बैंकिंग, जिला उद्योग केंद्र, उत्पाद विभाग, परिवहन, आपूर्ति, मत्स्य, श्रम, कल्याण, अल्प संख्यक कल्याण, पंचायती राज विभाग, दिब्यांगजन कोषांग, विद्युत, निबंधन, बाल संरक्षण, खनन, वन प्रमंडल तथा राजस्व विभाग। डीएम के द्वारा झांकियों को पुरस्कृत करने के लिए कमिटी का भी गठन करने का निर्देश दिया गया। पटेल मैदान में गणतंत्र दिवस परेड के लिए विशेष सशस्त्र पुलिस बल का एक प्लाटून, डीएपी पुरुष, डीएपी महिला एवं डीएपी होमगार्ड के एक एक प्लाटून तथा एनसीसी के सीनियर एक प्लाटून उपलब्ध रहेंगे। स्काउट एवं गाइड के लड़के एवं लड़कियां परेड का हिस्सा बनेगी। पटेल मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन पूर्वाह्न 9:00 बजे किया जायेगा। दिन के उत्तरार्ध में फैंसी मैच का आयोजन जिला प्रशासन के द्वारा किया जायेगा। संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सदर एसडीओ एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी की देखरेख में किया जाएगा। डीएम के द्वारा पोल, पिलर एवं जमीन को किसी भी सूरत में तिरंगे के तरह नहीं रंगने की सख्त हिदायत दी गई। कपूर्री जयंती समारोह मनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में डीडीसी अखिलेश कुमार सिंह, एडीएम अजय कुमार तिवारी, विशेष कार्य पदाधिकारी महमूद आलम, सामान्य शाखा प्रभारी पवन कुमार मंडल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, एसडीओ सदर दिलीप कुमार, सदर डीएसपी संजय कुमार पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अमित कुमार, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समस्तीपुर तथा सरायरंजन प्रखंड के बीडीओ और सीओ उपस्थित थे।

रोजगार मेला में 80 युवक हुए चयनित

प्रात : किरण, संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत आदित्यराज आईटीआई शिवनाथपुर सिंघियाघाट के प्रांगण में निदेशक राम कुमार सिंह एवं इन्दु कुमारी के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन करवाया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। इस रोजगार मेला में 180 आईटीआई एवं 12वीं पास युवकों ने रोजगार के लिए आवेदन किया। जिसमें से 80 युवकों को कंपनी के द्वारा चयनित किया गया। मौके पर प्राचार्य राम देव प्रसाद सिंह, शंभू कुमार शर्मा, नीतीश कुमार, विनोद कुमार सिन्हा, गिरीश चन्द्र प्रसाद, दीपक कुमार, चंदन कुमार, रजनीकांत कपूर आदि मौजूद थे।

गन्ने की खेत में लगी आग, बुझाने के क्रम में झुलसे किसान की उपचार के दौरान मौत

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भरपूरा चौर में गन्ने की खेत में लगी अचानक आग को बुझाने के क्रम में एक किसान झुलसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनकी उपचार के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान भरपूरा वार्ड 07 के 68 वर्षीय किसान रामवतार साह के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गत संध्या उसके गन्ने की खेत में अचानक आग लग गई। जिसे बुझाने के क्रम में आग उन्हें लपेटे में ले लिया जिससे वे झुलसकर बुरी तरह जख्मी हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने उसे ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर घर आ गए। जिसके बाद विभूतिपुर थाना प्रारंभिक कागजी प्रकिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा। बता दें कि मृतक की पत्नी फूलो देवी व तीन पुत्र रामयश साह, रामप्रवेश साह, राम प्रमोद साह का रो-रोकर हाल बेहाल था।अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या घाट ले जाया गया।

अदालत के आदेश पर बनी दीवार को रात के अंधेरे मे दबंगों ने जेसीबी से तोड़ा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र के सिंघिया खुर्द इलाके से इलाके के दबंगो की दबंगई रात के अंधेरे मे सिसिटीवी कैमरे मे कैद हो गई है, सीसीटीवी कैमरे मे कैद एक जेसीबी दिखाई दे रही है जो जेसीबी दीवार को तोड़ती हुई नजर आ रही है, वहीं मौके पर एक महिला सहित कुछ लोग भी नजर आ रहे हैं जिनकी पहचान घर के मालिक सुनिल सिंह ने की है, उनका आरोप है की उनका दीवार जेसीबी से तोड़ने वाला इलाके का ही एक दबंग सचिन कुमार है जो जेसीबी चला रहा है वहीं सुनील ने यह भी बताया है की मौके पर जेसीबी के मालिक अंजनी सिंह भी मौजूद हैं, उनके आलावा इलाके के कुछ और दबंग संजीत कुमार उर्फ मुन्ना, अमित कुमार उर्फ बबलू, दिनेश सिंह उर्फ कमल मौजूद हैं वहीं सीसीटीवी कैमरे मे दिखाई दे रही महिला की पहचान चंद्र कला देवी के रूप मे हुई है, सुनील सिंह का आरोप है की वह महिला उनके दूर की रिस्तेदार है और वह इलाके के गुंडों के साथ उनके घर की दीवार तोड़वाई है सुनील ने कहा की वह पश्चिम बंगाल के आसनसोल मे रहते हैं उनकी माँ अकेले उस घर मे रहती है, सुनील ने आरोप लगाया की दबंगों ने यह धमकी दी है की वह अपने घर को छोड़ अपनी माँ को लेकर इलाके को छोड़कर चले जाएं नही तो उनको अपनी जान से हाँथ धोना पड़ेगा ऐसे मे सुनील ने खुद की और अपनी माँ की सुरक्षा के साथ-साथ अपने घर की टूटे दीवार को दोबारा जोड़वाने की गुहार थाने मे लगाई है पर थाने से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर कोई भी ठोस कदम नही उठाया गया है, जिस कारण सुनील सिंह और उनकी माँ डर और भय के साये मे जीनों को मजबूर हैं !इस घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने कपूर्रीग्राम थाना में एक आवेदन दिया है। वहीं इस घटना को लेकर कपूर्रीग्राम थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह से मोबाइल से संपर्क किया गया पर उन्होंने ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि जाँच कर कार्रवाई किया जाएगा।

रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का हुआ आयोजन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघियाघाट दुर्गा स्थान मैदान के प्रांगण में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका विभूतिपुर की ओर से बेरोजगार युवक युवतियों के लिए रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया। अध्यक्षता प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार पासवान कर रहे थे। मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रूपांजलि कुमारी, जिला पार्षद सदस्य रीना राय, स्थानीय मुखिया ममता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान, अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेला में 12 विभिन्न कंपनियों के द्वारा रोजगार के लिए काउंटर लगाया गया था। जहां हजारो की संख्या में युवक युवतिया पंक्तिबद्ध होकर निबंधन कराने के बाद अपने अपने योग्यतानुसार कंपनियों में रोजगार के लिए आवेदन कर रहे थे। रोजगार को संबोधित करते हुए डीपीएम विक्रम शंकर सिंह ने कहा कि जीविका द्वारा मार्गदर्शन सह रोजगार मेला बराबर आयोजित किया जाता है। यदि आज के मेले अपनी योग्यतानुसार कार्य का चयन नही कर रहे है तो इसके लिए बाद में भी प्रखंड परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकते है। साथ ही कंपनियों द्वारा लगाए गए काउंटर का निरीक्षण करते हुए रोजगार से संबंधित जानकारी लिए। मौके पर रोजगार प्रबंधक रीतेश सम्मुख, प्रबंधक सामाजिक विकास सैयद मोहम्मद हसनैन, नीरज कुमार, सत्येंद्र कुमार, अमित अमन, रंजीत कुमार, गोविंद कुमार, पिंकी कुमारी, सविता कुमारी, पूनम कुमारी, चांदनी कुमारी, सोनम कुमारी, चंदन कुमार, कमल किशोर साह, संदीप कुमार, मनीष कुमार, राजगीर शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदी मौजूद थे।

कल्याणपुर एवं बाजितपुर बम्बैया पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत दी गई जानकारी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत सरकार भवन एवं बाजितपुर बम्बैया पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। कल्याणपुर पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत नोडल पदाधिकारी दिनेश कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम में भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता पंकज कुमार लाल, स्थानीय मुखिया ललिता देवी, प्रखंड पूर्व उपप्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य रामनाथ राय, विकास मित्र अजीत कुमार, कार्यपालक सहायक बसंत कुमार, पंचायत रोजगार सेवक शंभू कुमार रजक, कृषि विभाग वैज्ञानिक अर्णव कुमार, कृषि समन्वयक अभिजीत, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार, बैंक विभाग, डाक विभाग, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

सड़क दुघर्टना में एक की मौत, दों घायल

प्रात : किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) चौसा उदाकिशुनगंज की स्टेट हाईवे 58 पर कलासन के पास गुरुवार की देर रात हुई सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक पुरैनी थाना अंतर्गत वार्ड पांच के गणेशपुर गोठ बस्ती का रहने वाला बताया जा रहा है। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों ही जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौसा में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ही जख्मी को बेहतर उपचार के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। बताया गया कि पुरैनी थाना क्षेत्र के वार्ड पांच के गणेशपुर गोठ बस्ती निवासी राजेश भगत और राजेश का पुत्र दिलखुश कुमार तथा उसी गांव के संतोष भगत का पुत्र नीतीश कुमार तीनों व्यक्ति बाइक पर सवार होकर चौसा की दिशा से पुरैनी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में चौसा उदाकिशुनगंज की स्टेट हाईवे 58 पर कलासन के पास स्कार्पियो ने बाईक सवार व्यक्तियों को ठोकर मारकर फरार हो गया। जिससे इस दुर्घटना में बाइक पर सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में सभी जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टरों ने दिलखुश कुमार (15), को मृत घोषित कर दिया। जबकि दों जख्मी को भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। उधर थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि सड़क दुघर्टना के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

वार्ड पार्षद रमण कुमार राणा बने युवा राजद के नगर अध्यक्ष

प्रात : किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) युवा राजद नेता सह वार्ड पार्षद रमण कुमार यादव को उदाकिशुनगंज नगर परिषद का युवा अध्यक्ष बनाया गया है। राजद युवा जिला अध्यक्ष अनिता कुमारी के द्वारा रमण कुमार यादव को नगर अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। उनके इस मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। बता दें कि रमण कुमार यादव नगर परिषद वार्ड 18 के वार्ड पार्षद है तथा लंबे समय से राजद पार्टी से जुड़े रहे है। उन्हें राजद युवा के नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर राजद नेताओं ने जिला नेतृत्व को बधाई दी है। वही युवा राजद जिला अध्यक्ष अनिता कुमारी ने बधाई देते हुए कहा कि रमण कुमार यादव के उदाकिशुनगंज अनुमंडल अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इससे राजद उदाकिशुनगंज नगर परिषद ही नहीं पूरे जिले में मजबूत होगा। युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव राजद को इसके लिए धन्यवाद दिया है। नगर अध्यक्ष बनने के बाद रमण कुमार यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी जनजन तक पहुंचाने तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता के लिए वे तत्पर रहेंगे। बधाई देने वालों में पूर्व प्रमुख विकास चंद्र यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष गजेन्द्र राम, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष मो अयुब अली, पंसस सदस्य पिंकू सिंह, मदन यादव, मो नजाम उद्दीन, मन्नान आलम, मो शुऐव उद्दीन, मो सूरज, मंगल ठाकुर, नवाब ठाकुर, दिवाकर कुमार, रजनीश कुमार राजा, मो आजाद, शीतल ठाकुर, दिलखुश यादव, अनिल कुमार, गजेंद्र कुमार, अशोक यादव, मुकेश यादव सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की।

एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का अयोजन छोटे-छोटे बच्चों ने बनाया रोबोट सहित अन्य उपकरण

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। छोटे-छोटे बच्चों को विज्ञान को लेकर दी जाने वाली जानकारी के साथ विज्ञान के प्रति निखार सामने आए उसको लेकर विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसमें भाग ले सके और विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी अपनी कला को प्रस्तुत कर सके।इसी कड़ी में सहरसा के किंडर गार्डन स्कूल में एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रिंसिपल के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का महत्व बताया गया साथ ही साथ विज्ञान को लेकर अधिक से अधिक जानकारी कैसे बच्चों को मिल सके।उसकी जानकारी दी गई इस विज्ञान प्रदर्शनी में हॉट मॉडल ,रेन वाटर ,हार्वेस्टिंग परमाणु विस्फोट,वोल्कानो,विद मिल, वॉटर डिस्पेंसर सहित अन्य प्रदर्शनी लगाया गया।वही इस प्रदर्शनी में स्कूल के वर्ग 5 के बच्चे।

मीठे व्यावसायी हत्याकांड का मुख्य शूटर समेत 5 गिरफ्तार, गैंग वार में हुई थी हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मिठनपुरा थानान्तर्गत हुए हत्या कांड का पुलिस ने 48 घंटे में उद्भेदन करते हुए शूटर समेत 5अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।एसएसपी राकेश कुमार ने यह जानकारी दी है।27 दिसम्बर की सुबह मिठनपुरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामबाग में एक मोटरसाईकिल सवार दो अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा मो0 अफरोज कुरैसी पिता मो० फिरोज ग्राम महराजी पोखर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।घटना की सूचना प्राप्त मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर एवं थानाध्यक्ष मिठनपुरा द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण व सभी संभव बिन्दुओं पर जॉच प्रारंभ किया गया।मृतक के पिता द्वारा समर्पित आवेदन के आधार पर मिठनपुरा थाना कांड सं0-566 / 23 दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए सफल उद्भेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक के अनुश्रवण व सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास लगे सी०सी०टी०वी० फुटेज का निरंतर अवलोकन, मानवीय एवं तकनीकी आसूचना संकलन के आधार पर घटना में संलिप्त मुख्य शूटर . मो0 जफरान उर्फ भोलू पितामो0 इलफान सा० चकनुर थाना मुफ्फसिल जिला- समस्तीपुर एवं सहयोगी के रूप में अब्दुल्लाह, पिताअजीज अकबर मुहल्ला माडीपुर, थाना- काजी मोहम्मदपुर, ओम प्रकाश पिता प्रदीप राय रेलवे गंडक कॉलोनी, थाना-नगर, जिला- समस्तीपुर इरशाद अहमद पिता मो० नौशाद मुहल्ला रामबाग चौड़ी, थाना मिठनपुरा, एवं सन्नी उर्फ सुलेमान पिता मो अख्तर मुहल्ला महराजी पोखकर थाना-नगर, को गिरफ्तार किया गया। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश एवं प्रतिस्पर्धा, ब्याज पर लगाये पैसों का नहीं लौटना एवं गैंग में झगड़े के कारण हत्या होने की बात सामने आई है। 9मोबाईल और एक मोटर साइकिल भी बरामद किया गया है।

समस्तीपुर के ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी

- कार्यक्रम में आम जनता ने सुना प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश
- विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना

प्रात : किरण संवाददाता

भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार (29-12-23) को समस्तीपुर जिले के ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रही। जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में यह यात्रा 6 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिन दो स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। समस्तीपुर जिले के नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौथे दिन ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय रजवा तथा भैरोखड़ा हनुमान मंदिर के निकट आम जनता के बीच यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिस्प्ले वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का विकसित भारत के संकल्प का वीडियो संदेश चलाया गया। जिसे आम जनों द्वारा देखा गया। साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को देख कर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई गयी ।

कोढ़ा गिरोह के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले कोढ़ा गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कोढ़ा गिरोह के कुछ सक्रिय सदस्य चोरी की मोटरसाईकिल पर सवार होकर अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री व किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने हेतु पताही नारायणपुर चौक से रेवा रोड़ की तरफ निकले हैं। सूचना प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष सदर द्वारा अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए पताही नाराणपुर चौक के पास अभियुक्त अभिमन्यु कुमार उर्फ मनोज यादव, पिता - स्व० धनपाल यादव, व . मनीष कुमार पिता - स्व० देवा यादव ग्राम-नया टोला, जुराबगंज थाना कोढा जिला कटिहार को चोरी की मोटरसाईकिल, अवैध मादक पदार्थ एवं अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये कोढ़ा गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। इनके द्वारा मुजफ्फरपुर जिला सहित राज्य के अन्य जिलों में भी अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री व चोरी , छिनतई जैसी घटना को अंजाम दिया गया है। ये दोनों एक पेशेवर अपराधकर्मी हैं। इन्होंने अपने गिरोह के अन्य साथियों के बारे में भी बताया है, जिनके संभावित ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। इन गिरफ्तार अपराधकर्मियों के तीसरे साथी को आपसी समन्वय से जिला पुलिस मोतीहारी के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों आपराधिक इतिहास का पता लगाने का प्रयास किया जा है। इस संबंध में सदर थाना कांड सं0-1272 / 23 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।इसके पास से चरस - 190 ग्राम, मास्टर चाभी ,5 फर्जी आधार कार्ड चेक बुक-1, मोबाईल- 04,फर्जी सिम कार्ड 5, चोरी की मोटरसाईकिल बरामद किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

देसी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

सौरबाजार/सहरसा- पुलिस ने गुरुवार को कढ़ैया गांव से 7 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि अजगेवा पंचायत के भुलिया गांव वार्ड नंबर 13 निवासी योगेंद्र यादव के पुत्र भूषण कुमार यादव को सौर बाजार थाना कांड संख्या 828/23 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

690 बोतल शराब के साथ एक बोलेरो किया जब्त, तस्कर फरार

मधुबनी जिले के रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शामकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के मलंगिया गांव से एक चार पहिया बोलेरो से भारी मात्रा में देशी नेपाली शराब बरामद किया गया।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रहिका राजकिशोर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिला कि एक शराब की खेप मलंगिया से डुमरी की ओर जा रही है सूचना की सत्यापन करने बताए जगह पर पहुंचे तो शराब तस्कर पुलिस की गाड़ी देखकर शराब से भरा बोलेरों को मलंगिया से डुमरी जाने वाली मुख्य मार्ग मलंगिया पासवान टोल रामाशीष पासवान के घर के पास बोलेरो छोड़कर शराब तस्कर व चालक अंधेरे व घनी आबादी रहने के कारण मौके से भागने में सफल हो गया। उक्त वाहन को जप्त कर थाना परिसर लाया गया जहा तलाशी लेने पर बोलेरो से पांच प्लास्टिक के बोरा से 300एमएल का 690बोतल बरामद किया गया।बोलेरो को जप्त कर शराब तस्कर चालक व मालिक के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर शराब तस्कर को गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर थानाध्यक्ष रहिका,चौकीदार किशोर कुमार,अमित कुमार पासवान, राजा पासवान मौजूद थे।

भाकपा ने किया स्थापना दिवस समारोह आयोजित

● आजादी की लड़ाई में भाकपा की भूमिका अहमः प्रभाकर

प्रात : किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा)भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अपने स्थापना दिवस सप्ताह पर शुक्रवार को झील चौक स्थित साह मुहल्ला में समारोह आयोजित कर पार्टी को मजबूत बनाने और भाजपा को हराने का संकल्प लिया। भाकपा नेता रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समारोह को संबोधित करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि साम्राज्यवादी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ राष्ट्रीय मुक्ति एवं आजादी के लिए रूस के महान अक्टूबर क्रांति से प्रभावित एवं भारत में असहयोग आंदोलन वापस लिए जाने से आक्रोशित क्रांतिकारियों ने 26 दिसंबर 1925 को उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की थी।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन के स्वागत समिति का अध्यक्ष मशहूर शायर और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना हसरत मोहानी थे। जबकि सम्मेलन की अध्यक्षता प्रख्यात मजदूर नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी सिंगारवेलु चेटियार ने की। श्री प्रभाकर ने कहा कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना से पहले पार्टी का ग्रुप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अंदर काम कर रहा था। याद रहे की 1921 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में मौलाना हसरत मोहानी ने एवं 1922 में गया अधिवेशन में सिंगारवेलु चेटियार ने पूर्ण आजादी की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के साथ हीं इसके अंदर क्रांतिकारियों का बड़ा जमावड़ा होने लगा, जिससे घबराकर ब्रिटिश हुकूमत कम्युनिस्ट पार्टी के कद्यावर नेता श्रीपाद अमृत डांगे, मुजफ्फर अहमद, सिंगारवेलु चेटियार, नलिनी गुप्त, शौकत उस्मानी, गुलाम हुसैन, गंगाधर अधिकारी, पीसी जोशी, सोहन सिंह जोश आदि के ऊपर पेशावर षड्यंत्र केस, कानपुर षड्यंत्र केस एवं मेरठ सत्यंत्र केस का अभियुक्त बनाया।

पार्टी ने आजादी के आंदोलन को विकसित करने के अलावे किसान आंदोलन और मजदूर आंदोलन में बड़ी भूमिका अदा की, स्वतंत्रता आंदोलन एवं तेलंगाना, तेभागा कययुर, पेप्सू बकास्त जैसे आंदोलन में हजारों कम्युनिस्ट कार्यकताओं ने अपनी शहादत दी। अंग्रेजों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पर 1934 में पाबंदी लगा दी। तब कम्युनिस्ट पार्टी विभिन्न रूपों में सामने आयी 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय छात्र संघ, अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना कर देश के विभिन्न तबका में अपने प्रभाव को बढ़ाया एवं स्वाधीनता आंदोलन को तेज किया। उसी दौड़ में भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के साथी अजय घोष, शिव वर्मा, गणेश घोष, कल्पना दत्त, अरुणा आसफ अली, सोहन सिंह जोश एवं गदर पार्टी के नेता सोहन सिंह भाखना, लाला हरदयाल, संदोष सिंह, गुरमुख सिंह जैसे क्रांतिकारी नेता बड़ी संख्या में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ले ली। उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी देश की दूसरी पुरानी पार्टी एवं लाल झंडा की पहली पार्टी है। देश में जनता पार्टी की सरकार बनने तक संसद में मुख्य विपक्षी पार्टी एवं बिहार में 1972 में विपक्षी पार्टी रही। भाकपा नेता ने कहा कि हमारा गौरवशाली संघर्षों का इतिहास रहा है। आज जो देश के सामने संकट है, कम्युनिस्ट पार्टी ही उसका मुकाबला कर सकती है।

उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने, फासीवाद, सांप्रदायवाद के खिलाफ संघर्ष तेज करने एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का आह्वान किया। भाकपा के अंचल मंत्री अनिल भारती ने कहा कि 1964 से पहले भाकपा ही देश में एक मात्र कम्युनिस्ट पार्टी थी।

हमारी पार्टी जोर- जूल्म अत्याचार, बैठ बेगारी एवं अव्यस्था के खिलाफ लगातार संघर्ष की एवं भूमि संघर्ष के माध्यम से लाखों परिवार को बसाने का काम की। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, समाजवाद एवं शोषण विहीन समाज हमारा मुख्य उद्देश्य रहा है, और हम अपने उद्देश्य पर आज भी संघर्षरत हैं। समारोह के अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शोषितों, वंचितों एवं गरीबों की आवाज है। हमारी पार्टी सत्ता की राजनीति और विचारों से समझौता न की है और ना करेगी। पार्टी के सहायक जिला मंत्री मो सिराज, वरीय नेता उमाशंकर मुन्ना, रौशन यादव, विकास कुमार यादव, दशरथ रस्तोगी, जय नारायण साह, अरुण शर्मा, ब्रजकिशोर साह, ब्रह्मदेव मंडल, चुरानंद ऋषिदेव, शिवजी साह, अजय राम, रविंद्र पासवान, उमेश रजक आदि ने कहा कि पार्टी झंडे को झुकने नहीं देंगे और समाज को टूटने नहीं देंगे।

तेज रफ्तार हाईवा के चपेट में मासूम बच्चे को मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। जिला के सिमरी बख्तियारपुर सोनवर्षा राज सड़क मार्ग के भटपुरा गांव के समीप एनएच107 पर स्कूल पढ़ने जा रहे एक बालक को तेज रफ्तार हाइवा ने रौंद दिया जिससे उक्त बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वही हाइवा चालक हाइवा लेकर भागने की प्रयास किया लेकिन पहाड़पुर बाजार के पास हाइवा छोड़ कर चालक फरार हो गया, मौत से आक्रोशित परिजनों ने सिमरी बख्तियारपुर सोनवर्षा राज एनएच 107 सड़क मार्ग को भटपुरा गांव के समीप जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे वही मौत के बाद परिजनों के रोते बिलखते बुरा हाल, बालक की मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया। बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष को सूचना मिलते हैं पूरे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने बुझाने में लग गए। जाम हटाया गया। शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सादर सहरसा भेजा गया।

भाजपा युवा मोर्चा का जिला बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा : सुजीत पासवान

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा के संगठनात्मक एवं अगामी कार्यक्रम को लेकर जिला बैठक हुई। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में युव मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत पासवान प्रदेश मंत्री अंकेश सक्सेना जी क्षेत्रीय प्रभारी प्रकाश झा जी प्रदेश प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सह संयोजक पंकज राठौड़ जी प्रदेश प्रवक्ता राजेश रंजन यादव प्रोफेशनल सेल के सह संयोजक सचिन झा जी भाजपा जिला महामंत्री ज्योति नारायण मंडल जी प्रमोद सिंह युवा मोर्चा जिला महामंत्री मुकेश यादव जी श्याम हरी चौधरी उपाध्यक्ष विकास भगवाधारी मनोहर आनंद झा,सुमित झा आयुश सिहं जिला मंत्री सुमित मिश्रा संतोष यादव पंकज झा,कुन्दन प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष,नविन सिंह, राजा सिंह सहित मोर्चा के जिला पदाधिकरी व मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहे। भाजयुमों प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत पासवान ने कहा कि देश के युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ है। उन्होंने ने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांव गांव घर घर जाकर लोगों को मोदी जी के नीति और विचारों के बारे में बताएं।उनके कृति से लोगों को अवगत करवाये। आने वाला चुनाव 2024 और 2025 पूर्ण से नरेन्द्र मोदी जी का है। क्षेत्रीय प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री ने कहा कि युवा देश के कर्णधार है। पटना स्थित मिलन हाई स्कूल मैदान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा मोर्चा के द्वारा युवा समागम एवं युवा जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन से ही 2024 और 2025 के चुनाव का शंखनाद यही से किया जाएगा। यंग शेल के सह संयोजक सचिन झा एवं प्रदेश प्रवक्ता राजेश रंजन यादव ने कहा कि भाजपा झंडा हैं तो युवा मोर्चा ठंडा है और कार्यक्रम में जैदा से जैदा लोग का स्वामी विवेकानंद जी को आदर्श मानने वाले युवा कार्यक्रम में पटना पहुंचे। वहीं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा के कहा कि युवा मोर्चा पूरी तरह निष्ठा और लगन से नरेन्द्र मोदी जी को 2024 में पुनः देश का प्रधानमंत्री और 2025 में बिहार में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए पूरी मुस्तैदी से काम करेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश यादव के किया।

मोदी राज में किसान-मजदूर की हालात दयनीय : ललन चौधरी

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी रहिका अंचल के इजरा रामनगर शाखा की जी बी बैठक आयोजित हुई जिस बैठक को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव ललन चौधरी ने कहा कि आज मोदी जी के राज में किसान मजदूरों की हालात दयनीय हो गई गरीब और गरीब होता जा रहा है गरीबों के घर पर बुलडोजर चलवाकर उजाड़ा जा रहा है और बड़े पूंजीपतियों को मुनाफा कमाने के लिए खुला छूट दे रखा है देश में सरकारी उद्योग को बेचा जा रहा है देश का आर्थिक स्थिति बेहद खराब है प्रत्येक नागरिक पर एक लाख 40000हजार रूपए मोदी जी कर्ज.चढ़ाया मोदीजी नफरत फैलाकर धर्म की आड़ में सत्ता हथियाना चाहता है जिस सपना को इण्डिया गठबंधन पुरा नही होने देगा जनता अब सब समझ चुकी है। माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि अब जरुरत है भुमि संघर्ष को तेज करने की उन्होंने कहा कि जिला के सभी अंचल में सैकड़ों भूमिहीन परिवार बास के लिए आवेदन दाखिल किया है परन्तु प्रशासन के उदासीनता और लापरवाही के चलते बास का पर्चा नहीं दिया जा रहा है गरीबों के तमाम सवालों पर माकपा संघर्ष जारी रखेगा। माकपा के रहिका अंचल सचिव सुनील मिश्रा ने कहा कि गरीबों के राशन कार्ड में युनिट काटा जा रहा है, मनरेगा के तहत रोजगार नहीं मिल रहा है, सभी लोक कल्याणकारी योजनाएं में लुट मचा हुआ है इन सभी समस्याओं के खिलाफ रहिका अंचल सह प्रखंड कार्यालय पर आंदोलन तेज किया जाएगा। सभा की अध्यक्षता सोनधारी यादव ने किया जबकि माकपा रहिका के अंचल कमिटि सदस्य जगदीश सहनी लाल बहादुर सहनी भागवत यादव मो आबिद मालती देवी ने संबोधित किया।

घने कोहरे के कारण पांच वाहनों में जोरदार टक्कर

यात्रियों में मची चीख पुकार, ग्रामीणों ने की मदद

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा नेशनल हाईवे एनएच 57 पर भट्ठा चौक के पास घने कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

सूचना पर पहुंची बोचहा थाने की पुलिस ने वाहन में सवार यात्री को दूसरे वाहनों से गंतव्य के लिए भिजवा दिया। शुक्रवार की सुबह से घना कोहरा था। इसी बीच थाना क्षेत्र के भट्ठा चौक के पास दो ट्रक आपस में टकरा गए, इस दौरान एक एंबुलेंस भी क्षतिग्रस्त ट्रक से टकरागई, हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई इसी बीच हाईवे किनारे खड़े ट्रक के पीछे वोल्वो बस जा घुसा, हादसे के बाद वाहनों में सवार यात्रियों में मदद को चीख-पुकार मचने लगी। हादसे की जानकारी पाकर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल की दौड़ पड़े। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे में चालक व उसका साथी गाड़ी में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक को काटकर व शीशे आदि तोड़कर कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकलवाकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहीं जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराकर यातायात को सुचारू कराया। थाना अध्यक्ष अनिल राम ने बताया कि कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए थे, गनीमत रही कि हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने वाहनों में सवार यात्रियों को दूसरे वाहनों की मदद से गंतव्य के लिए भिजवा दिया है वही घायल हुए यात्री एवं चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सरकारी संस्थाओं के साथ मजबूत सामाजिक संबंध बनाने को ले बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी पिरामल स्वास्थ ने महिला विकाश आश्रम के प्रधान कार्यालय रहिका झंझारपुर, मधुबनी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया है। इस बैठक का उद्देश्य गैर सरकारी संस्थाओं के साथ सहयोग और एक मजबूत सामाजिक संबंध बनाए रखना था। इस बैठक में ग्राम विकाश परिषद, राम प्यारी नन्दलाल सेवा संस्थान महिला विकाश आश्रम समर्पण रूलर डेवलोपमेट ट्रस्ट सामाजिक विकाश संस्थान ज्ञान विज्ञान शोध समिति लक्ष्मी जगदम्बा सेवा संस्थान और एकता फाउंडेशन ट्रस्ट जैसी संगठनों के प्रतिष्ठा न्वित सदस्यों ने भाग लिया पिरामल स्वास्थ के अकरम और चन्दन कुमार ने बैठक में मौजूद लोगों के साथ आगामी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की, साथ ही समुदाय में बदलाव एवं लोगों की समस्याओं का समाधान करने की चर्चा भी की गई। इसके साथ ही, ग्राम पंचायत डेवलोपमेंट प्लान में योगदान कर पंचायत स्तर पर कुछ नए पहलुओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।इस महत्वपूर्ण बैठक में पिरामल स्वास्थ के गांधी फेलो मुदित पाठक, जिला जन समुदाई पदाधिकारी पंकज कुमार और बी सी शंकर कुमार भी उपस्थित थे जोने से इस कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणामों की उम्मीद करते हैं।

नववर्ष पर सुरक्षा एवं शराबबंदी मामले में पुलिस प्रशासन चौकस

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आगामी नववर्ष के अवसर पर मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा शराब बंदी हेतु विशेष अभियान चलाकर मद्यनिषेध कानून का उल्लंघन करनेवालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।सभी थानों में शराब की भट्ठियाँ एवं चिन्हित हॉट स्पॉट पर एवं पूर्व के आरोप-पत्रित अभियुक्त के विरूद्ध छापेमारी भी की जाएगी। यह जानकारी एस एसपी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। कहा गया है कि जिलार्गत मुख्य मार्गों पर तथा शहरी क्षेत्रों में ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की जाएगी।

नववर्ष के अवसर पर शहर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, रमना देवी मंदिर, बंगलामुखी मंदिर, माँ वैष्णो देवी मंदिर, माँ छिन्नमस्तिका मंदिर, कॉटी, माँ चामुंडा मंदिर, कटरा, भष्मी देवी, मीनापुर, भैरव स्थान मंदिर, औराई, खगेश्वरनाथ मंदिर, मतलुपुर, दाता कम्बल साह मजार, पुरानी बाजार आदि विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो सके ।नववर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय में अवस्थित जुब्बा सहनी पार्क, मिठनपुरा, इन्दरा पार्क, सिटी पार्क, कम्पनीबाग, मरीन ड्राईव आदि जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

हाईस्पीड बाइकर्स एवं लहरियाकट बाइकर्स पर नियंत्रण हेतु विभिन्न चौक-चौराहों पर लगे सी०सी०टी०वी० कैमरे के माध्यम से चिन्हित करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।सोशल मीडिया के माध्यम से विडियो एवं रिल्स बनाए जाने के दौरान कानून का उल्लंघन करनेवालों पर पैनी नजर रखते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।नववर्ष के अवसर पर मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा सभी होटलों ,लॉज , धर्मशाला, बस स्टैन्ड, रेलवे स्टेशनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर संदिग्धों व्यक्तियों एवं वाहनों की जाँच की जा रही है।

डीआरसीसी भवन जगतपुर में अभ्यार्थी की कागज सत्यापन जांच हुआ आरंभ

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से संपन्न परीक्षा में सम्मिलित अभ्यार्थी का रिजल्ट आने के बाद सोमवार से रहिका थाना क्षेत्र स्थित डीआरसीसी भवन जगतपुर में अभ्यार्थी की कागज सत्यापन जांच आरंभ हुआ है। शुक्रवार को अभ्यार्थी की संख्या इतनी अधिक थी की डीआरसीसी के आसपास कही गाड़ी पार्किंग की के लिए जगह नही थी। अभ्यार्थी को अपनी गाड़ी आधे किलोमीटर दूर रहिका रोड व सौराठ से मधुबनी मुख्य सड़क के किनारे लगाना पर रहा था। जबकि कागजात जांच को लेकर कुल बीस काउंटर बनाए गए थे। लेकिन नेट धीमी होने के कारण एक ही अभ्यार्थी के सर्टिफिकेट जांच में आधे घंटे का समय लग रहा था। इस विलंब को देखकर अन्य राज्य व अन्य जिला के अभ्यार्थी काफी परेशान थे। खासकर महिला अभ्यार्थी को सबसे अधिक परेशानी हो रही थी।वही जब कागजात जांच में जुटे अधिकारी की ओर से यह कहा गया कि दसवी से बारहवीं तक के अभ्यार्थी का कागजात सत्यापन आज नही होगा तो अभ्यार्थी हंगामा करने लगे।

आज से अगले 3 जनवरी सुबह मे छाएगा कुहासा, बढ़ेगी ठंड

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र डा राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय ने आज से अगले 3 जनवरी तक के लिए मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। पूवार्नुमान के अनुसार,30 दिसम्बर से 3 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। सुबह में कुहासा छाया रहेगा और ठंड में वृद्धि की सम्भावना है।

मौसमीय पेशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 25.5 एवं 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 98 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में ६६ प्रतिशत हवा की औसत गति 1.2: किमी प्रति घंटा एवं दैनिक वापन 12 निमी तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.1 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 सेमी की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 14.8 एवं दोपहर में 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा तथा सुबह में माध्यम से हल्का कुहासा देखा गया। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाआरपीसीएयू पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 30 दिसम्बर 2023 से 03 जनवरी, 2024 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार ,पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः साफ एवं मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में ठण्ड बढ़ने की सम्भावना है। सुबह में मध्यम से घना कुहासा छा सकता है।औसतन 2 से 3 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछिया हवा चलने का अनुमान है।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि बिलम्ब से बोयी गयी मेहूँ की फसल जो 21 से 25 दिनों की हो गयी हो 30 किलो प्रति हेक्टेयर की दर से उपस्थिन करें। गेहूं की बुआई के 30 से 35 दिनों के बाद की अवस्था जिसमें (सिचाई के बाद गेहूँ की फसल में कई प्रकार के खर-पतवार उग आते है। इन खरपतवारों का विकास काफी तेजी से होता है और ये गेहूं की बढ़वार को प्रभावित करती है जिससे उपज प्रभावित होता है। इन सभी प्रकार के खरपतवारों के नियंत्रण हेतु सल्फोसल्फ्युरीन 35 ग्राम प्रति हेक्टर एवं मेटल्युरीन 20 ग्राम प्रति हेक्टर दया 500 लीटर पानी में मिलाकर खड़ी फसल में पर छिड़काव करें।गेहूँ की फसल जो 40 से 45 दिनों की हो गई है तो उसमें दूसरी सिंचाई कर 30 किलो ग्राम नेत्रजन का प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिपरिवेश करें। आज का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सि सामान्य से 0.1 डिग्री कम अधिक और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक रहा।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 98 वर्षगांठ धूमधाम से मनाया

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 98 वर्षगांठ शहीद जयप्रकाश भवन गांधी पथ सहरसा में धूमधाम से मनाया गया । झंडोतोलन वरिष्ठ भाकपा नेता चंद्रशेखर ठाकुर ने किया । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आंदोलन में शहीद हुए तथा स्वाधीनता आंदोलन में शहीद हुए कम्युनिस्ट कार्यकताओं को श्रद्धांजलि दी गई ।कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए भा कपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का गौरवशाली शहादत व विरासत का इतिहास रहा है देश की आजादी से वर्तमान समय तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शोषित दलित महिलाओं किसने मजदूर छात्र नौजवानों के अधिकार के लिए संघर्षरत है कम्युनिस्ट विचारधारा को समझने के लिए भगत सिंह को पढ़ना आज के युवाओं को जरूरी है ।सभा को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि देश के सर्वोच्च सदन (लोकसभा राज्यसभा) के 142 सांसदों का निलंबन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की पहली घटना है भाजपा ने सरकार सांसदों का निलंबन कर सदन में कई महत्वपूर्ण बिल पारित कराकर लोकतंत्र का गला घोट दिया अपने घोषित एजेंडे विपक्ष मुक्त भारत को लागू कर रहा है। आज देश में भाजपा की सरकार ने सांसदों को निष्कासित कर काले कानून को पास कर भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ा दी है देश के संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हम ले जारी हैं स्थापना दिवस के अवसर पर तमाम कार्यकताओं को संकल्प लेकर देश की जन विरोधी नीति यो को लागू करने वाली सरकार के खिलाफ आम जनता को बोल बंद कर संघर्ष के लिए मैदान में उतरना होगा और 2024 में नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार को सत्ता से दखल करना होगा । राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह 2 जनवरी 2024 को पटना के जनशक्ति भवन में आयोजित की गई है जिस कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ता को भाग लेने की अपील की ।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन पार्टी के जिला सचिव परमानंद ठाकुर ने किया ।स्थापना दिवस समारोह को वरिष्ठ भाकपा नेता रमेश प्रसाद सिंह विनय कुमार वर्मा उमेश पोद्दार उमेश चौधरी शंकर कुमार प्रभु लाल दास प्रभु भवेश यादव रामविलास सादा ने संबोधित किया ।

जय सिंह मेला का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) धूमावती स्थान के पास गुरुवार से चार दिवसीय बाबा जय सिंह मेला शुरू हो गया है। मेला का शुभारंभ नवीन निषाद, जिला परिषद सदस्य अनिकेत कुमार मेहता, मुखिया विनोद कुमार भारती, बबलू ऋषिदेव ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नवीन निषाद ने कहा कि गांव समाज में आयोजित होने वाली मेला आपसी भाईचारे को संदेश देती है, उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए स्थानीय युवाओं की भूमिका सराहनीय होती है। जिप सदस्य श्री मेहता ने कहा कि सार्वजनिक मेला प्रत्येक गांव में मनोरंजन का साधन है, मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को शांतिपूर्वक मनोरंजन करना चाहिए। मुखिया श्री भारती ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए लोगों का सहयोग अनिवार्य है। बबलू ऋषि देव, जयप्रकाश चौधरी तथा प्रकाश चौधरी ने कहा कि मेला को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जगह-जगह कार्यकताओं को तैनात किया गया है। मौके पर पूर्व मुखिया अखिलेश यादव, परमानंद चौधरी, रणविजय चौधरी, संतोष मेहता, सुभाष यादव, कंचन चौधरी, विश्वनाथ राय, जगदीश चौधरी, दीपेश यादव आदि मौजूद थे।

जुमे के नमाज के बाद हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए नमाजी, आठवें दिन कुल 2862 लोगों ने किया हस्ताक्षर

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जुमे के अवसर पर आज सहरसा बस्ती जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, मदनी मस्जिद, हटियागाछी मस्जिद तथा मत्स्यगंधा मेला में बंगाली बाजार आर ओ बी निर्माण के लिए चल रहे हस्ताक्षर अभियान में नमाजियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. हस्ताक्षर अभियान के आठवें दिन आज सहरसा में 5 जगहों पर 2862 लोगों ने अभियान को समर्थन दिया. उक्त अवसर पर मो. मंसूर आलम ने कहा कि आज का दिन बेहद पाक है. हमलोगों की दुआ है कि यह ओवर ब्रिज जल्द से जल्द बने और जन समस्या का समाधान हो. नूरी मस्जिद के इमाम मो. साजिद अली, गौहर आलम, खुशीद आलम, मो. मिकाइल और मो.खुर्शीद ने कहा कि आम जनता जाम से परेशान है और जन प्रतिनिधि सिर्फ चुनाव में वादा कर जाते हैं. और फिर चुनाव जीतने के बाद भूल जाते हैं. कोई इसके लिए इमानदार प्रयास नहीं किया. मगर आज हम पूर्व विधायक किशोर कुमार के इस प्रयास और संघर्ष के साथ हैं. मो. अकबर ने कहा कि इंसा अल्लाह उन्हें इस प्रयास में कामयाबी हासिल हो और सम्पूर्ण नगर वासियों की समस्या का हल निकले. वार्ड संख्या 26 के निगम पार्षद मो. अली खाँ तारीक मदनी मस्जिद में हस्ताक्षर के बाद कहा कि मेरा बंगाली ढाबा पर भोजनालय है, लेकिन जाम की वजह से बच्चे, बूढ़े और महिलाओं के साथ अन्य लोगों को भी बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है. आज यह लड़ाई व्यक्ति या दल का नहीं है, यह सहरसा के विकास का है. इस बार का यह आन्दोलन राजनीति से हट कर है. आज आठवें दिन भी नव निर्माण मंच के कार्यकर्ता मैदान में डंटे हैं. जामा मस्जिद पर वार्ड संख्या 28 के निगम पार्षद मो. कोसर आलम ने अपने नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिसे लोगों ने खूब समर्थन दिया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हर लड़ाई प्रयास से ही जीता जाता है. लोग जाम से कराहते हैं. कोई सुनने वाला नहीं है. यह संघर्ष रंग लायेगा. इमाम मुफ़्ती मो. साजिद, डॉ सज्जाद सर्वर, डॉ खुर्शीद आलम, हाजी मकसूद आलम, मो. मेराज आलम, मो. शमशीर अली, मो. नसीम आलम, मो. इम्तियाज ने कहा कि अल्लाह ताला इस प्रयास को जरुर मुकाम तक ले जाए. दिन में उस ओर निकल गये, तो जाम ही जाम मिलता है।

सम्पादकीय

राहुल की न्याय यात्रा

कांग्रेस ने एक और यात्रा निकालने की घोषणा की है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ही यात्रा का नेतृत्व करेंगे। इस बार यात्रा की शुरूआत पूर्वोत्तर में मणिपुर की राजधानी इम्फाल से 14 जनवरी को होगी और 20 मार्च को समापन मुंबई में होगा। करीब 6200 किलोमीटर की यात्रा बस के जरिए की जाएगी, हालांकि बीच-बीच में पदयात्रा और नुक्कड़ बैठकें भी की जाएंगी। यात्रा 14 राज्यों के 85 जिलों से होकर गुजरेगी। रास्ते में 355 लोकसभा सीटों के क्षेत्र आएंगे, जिनमें से 14 सीटें ही कांग्रेस 2019 के आम चुनाव में जीत पाई थी। उस दृष्टि से यह कांग्रेस की चुनाव प्रचार यात्रा ही है, लेकिन यात्रा के दौरान जो राज्य आएंगे, उनमें से गुजरात, राजस्थान, मणिपुर, नगालैंड राज्यों में कांग्रेस के हिस्से शून्य लोकसभा सीट रही थी। एकमात्र असम राज्य में कांग्रेस ने 3 लोकसभा सीटें जीती थीं। उसके अलावा, राज्यों में एक या दो सीट ही नसीब हुई थी। इसे भारत न्याय यात्रा नाम दिया गया है, जो 67 दिन तक जारी रहेगी। इससे पहले कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा 136 दिन की थी। मौजूदा यात्रा के दौरान पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड राज्य पड़ेंगे, जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकारें हैं। उप्र और महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन एक मजबूत राजनीतिक ताकत है। यात्रा मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान सरीखे राज्यों से भी गुजरेगी, जहां हालिया चुनावों में कांग्रेस भाजपा के मुकाबले बुरी तरह पराजित हुई है। इन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस की सीधी चुनावी टक्कर होती है। बहरहाल अब सवाल यह है कि न्याय यात्रा से पहले गठबंधन के घटक दलों को विश्वास में लिया गया था अथवा नहीं? या इस यात्रा के जरिए घटक दलों को, उन्हीं के प्रभाव क्षेत्रों में, चुनौती दी जाएगी, ताकि गठबंधन कांग्रेस की छतरी तले ही आकार ग्रहण करे? सवाल यह भी है कि यात्रा के दौरान जो जनता कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संपर्क में आएगी, उसे सामाजिक-आर्थिक न्याय किस तरह मुहैया कराया जाएगा? खासकर महिलाओं, युवाओं और वंचित तबकों के लिए कांग्रेस की क्या नीतियां होंगी? क्या 6000 रुपए माहवार की ह्यन्याय योजना को लागू करने का चुनावी वायदा किया जाएगा? राहुल गांधी ने 2019 के आम चुनाव में भी इस योजना का खूब प्रचार किया था, लेकिन देश की जनता ने, सिर्फ किसानों के लिए, 6000 रुपए सालाना की सम्मान राशि के प्रति अपना भरोसा जताया था। मुफ्तखोरी की राजनीति पर अब देश को बार-बार मंथन करना चाहिए, क्योंकि देश पर करीब 209 लाख करोड़ रुपए का कर्ज हो गया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी इस बढ़ते कर्ज पर भारत सरकार को सचेत कर रहा है। हालांकि वह हमारी आर्थिक विकास दर को लेकर भी आश्वस्त है। जब तक राहुल गांधी की ह्यन्याय यात्राह्ल का समापन होगा, तब तक चुनाव आयोग आम चुनाव की तारीखें घोषित कर चुका होगा। 2019 में भी मार्च माह में आम चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया था। कांग्रेस के पक्षधर मान रहे हैं कि जो जनता आज ह्यन्यायह्ल के लिए भटक रही है, उसके लिए लड़ाई लडे की यह यात्रा है, लेकिन क्या यह प्रधानमंत्री की गारंटी यात्रा के मुकाबले शुरू की जा रही है अथवा कांग्रेस एक निश्चित वोट बैंक बनाने में सफल होगी, ऐसे सवालों के सटीक जवाब कांग्रेस ने नहीं दिए हैं। यह यात्रा करीब 98.75 करोड़ आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरेगी। क्या राहुल गांधी कांग्रेस के लिए वोटों की संख्या में बढ़ोतरी कर पाएंगे? कांग्रेस की यात्रा भी जारी रहेगी और राहुल गांधी पार्टी के पक्ष में वोट भी मांगेंगे, लिहाजा जनसंपर्क के ऐसे अभियान सकारात्मक और प्रशंसनीय ही होते हैं। ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल के प्रभाव ही कांग्रेस मानती है कि कर्नाटक और तेलंगाना जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों में उसकी सरकारें बनीं, जबकि ऐसे आकलन नहीं किए गए थे, लिहाजा कांग्रेस आशान्वित है कि न्याय यात्रा के भी व्यापक प्रभाव पड़ सकते हैं। मणिपुर के दंगे भी चुनावी मुद्दा बन सकते हैं।

भारतीय राजनीति में एक नया प्रयोग

कुलदीप चंद अग्निहोत्री-

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत प्राप्त कर ली है। यह अपने आप में अब कोई बडी खबर नहीं है। लेकिन बड़ी खबर तब बनी जब पार्टी ने इन तीनों राज्यों के लिए मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का चयन किया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बनाए गए। कहा जा रहा है कि जब राजनाथ सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री और हाल ही तक मुख्यमंत्री पद की सशक्त दावेदार वसुंधरा राजे के हाथ में एक पर्ची देते हुए कहा कि इसे पढ़ कर सुना दो ताकि पर्ची वाले को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया जाए। पर्ची पढ़ते समय शायद वसुंधरा राजे को भी विश्वास नहीं हो रहा था कि भजन लाल शर्मा को पार्टी मुख्यमंत्री बना रही है। उनके चेहरे की रंगत से ऐसा ही आभास होता था। मुख्यमंत्री बने ये तीनों शख्स मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल भी नहीं थे। इस काम के लिए बुलाई गई बैठकों में भी वे पीछे की सफों में बैठे दिखाई दे रहे थे। राजस्थान में दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री का जिम्मा दिया गया। यह ठीक है कि दीया कुमारी का नाम मीडिया में मुख्यमंत्री के तौर पर चर्चा में रहा था, जिसका एक कारण उनका राज परिवार से ताल्लुक रखना भी था।

लेकिन उसे उपमुख्यमंत्री होने का संतोष करना पड़ा। अलबत्ता प्रेम चंद किसी रेस में दूर दूर तक नहीं थे। राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देबड़ा मध्य प्रदेश में उप मुख्यमंत्री बने। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री चुने गए। ये सब लोग कौन हैं और इससे भारत की राजनीति में परिवर्तन की दिशा कैसे दिखाई दे रही है? पिछले पचहत्तर साल से लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर ही देश की राजनीति का अंक पैट्रन विकसित हो गया था। राजनीति में धीरे धीरे एक अभिजात्य वर्ग उभर आया था जो देश की राजसत्ता के शिखर पर बैठ गया था। इस प्रक्रिया ने स्वाभाविक ही वंशवाद को जन्म दिया था। इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह जवाहर लाल नेहरु की बेटी थीं। ध्यान रहे वह लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में महज राज्यमंत्री थीं। लेकिन राजीव गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह इंदिरा गांधी के बेटे थे। प्रधानमंत्री बनने तक देश की राजनीति में उनका कोई स्थान नहीं था। वह एक पायलट थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री कौन बने? गांधी-नेहरु राजपरिवार में उस समय कोई नहीं था। राजीव गांधी के बच्चे अभी छोटे थे। सोनिया गांधी बन नहीं सकती थीं। नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री तो बने, लेकिन पूरी कांग्रेस इस अप्रत्याशित घटना से भौंचक्की थी। संकट काल में मनमोहन सिंह को गद्दी पर बिठा कर कामचलाऊ व्यवस्था जरूर कर ली गई थी, लेकिन पूरी पार्टी इस बीच असहज ही रही। राहुल गांधी ने दो कैबिनेट द्वारा पारित एक अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ कर मनमोहन सिंह की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया था। कांग्रेस में सहज स्थिति तब आई जब राजीव गांधी के दोनों बच्चे बड़े हो गए। तब स्वाभाविक ही उन्होंने गियर सम्भाल लिया। कहा जाता है, मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यह सुझाव भी दिया गया था कि राहुल गांधी को मंत्रिपरिषद में लेकर शासन का कुछ अनुभव प्राप्त कर लेना चाहिए। लेकिन इसे भी राज परिवार में तौहीन की तरह ही देखा गया। वह भविष्य के प्रधानमंत्री हैं, किसी के अधीन मंत्री कैसे बन सकते हैं? भारतीय राजनीति की यह फेहरिस्त केवल नेहरु-गांधी राज परिवार तक ही सीमित नहीं है। राजनीति की यह आकाश बेल सब जगह दिखाई दे रही है। अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री क्यों बनना चाहिए? इसके उत्तर में अखिलेश की योग्यता या अयोग्यता की चर्चा नहीं होती। केवल एक ही योग्यता यह पद सम्भालने के लिए पर्याप्त है कि वह मुलायम सिंह जी के सुपुत्र हैं। फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के स्थायी मुख्यमंत्री का दावा किस आधार पर ठोंकते हैं? उनका एकमात्र आधार शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के पुत्र-पौत्र होने का है। ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी है कि उनका उत्तराधिकारी उनका भतीजा अभिषेक बनर्जी ही होगा। यही काम मायावती ने सार्वजनिक रूप से किया है। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। लालू यादव ने तो संकट काल में अपनी पत्नी राबड़ी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया था जिसका राजनीति से कुछ लेना-देना नहीं था। जब किसी ने आपत्ति की तो लालू ने सहज भाव से ही जवाब दिया था कि अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री न बनाता तो भला किसकी पत्नी को बनाता? अब बच्चे सयाने हो गए हैं तो पारिवारिक परम्परा के अनुसार सभी को पुश्तैनी सम्पत्ति बांट कर खाली समय में आनंद के कनकौए उड़ा रहे हैं।

राजस्थान में मंत्रिमंडल को लेकर बैक फुट पर सरकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व दोनों उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी व प्रेमचंद बैरवा को शपथ लिए भी अबतक 15 दिन बीत गए हैं। इसके बावजूद भी प्रदेश में अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं होने से भाजपा व प्रदेश सरकार बैक फुट पर आ गई है। मंत्रिमंडल नहीं बनने को लेकर कांग्रेस बीजेपी पर लगातार हमला कर रही है। वहीं प्रदेश में लोगों को डबल इंजन की सरकार का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। अब तो प्रदेश के आम लोगों के सब्र का बांध भी टूटने लगा है तथा लोग सवाल करने लगे हैं कि प्रदेश में आखिर मंत्रिमंडल का गठन क्यों नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में मंत्रिमंडल का गठन नहीं होने का मुख्य कारण केंद्रीय नेतृत्व को माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब तक दिल्ली से नामो की अंतिम सूची पर मोहर नहीं लगेगी तब तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए गए थे। मगर अभी तक विभाग नहीं मिलने के कारण वह दोनो भी खाली बैठे हुए नजर आ रहे हैं। राज भवन में पिछले एक सप्ताह से मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारी चल रही है। चर्चा है कि राजभवन में एक सप्ताह पूर्व ही नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के लिए पंडाल वगैरह बना दिए गए थे। मगर मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं होने के कारण पिछले एक सप्ताह से उनका किराया लग रहा है।

रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

राजस्थान विधानसभा चुनाव के परिणाम आए आज 27 दिन हो गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व दोनों उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी व प्रेमचंद बैरवा को शपथ लिए भी अबतक 15 दिन बीत गए हैं। इसके बावजूद भी प्रदेश में अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं होने से भाजपा व प्रदेश सरकार बैक फुट पर आ गई है। मंत्रिमंडल नहीं बनने को लेकर कांग्रेस बीजेपी पर लगातार हमला कर रही है। वहीं प्रदेश में लोगों को डबल इंजन की सरकार का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। अब तो प्रदेश के आम लोगों के सब्र का बांध भी टूटने लगा है तथा लोग सवाल करने लगे हैं कि प्रदेश में आखिर मंत्रिमंडल का गठन क्यों नहीं हो पा रहा है।

प्रदेश में मंत्रिमंडल का गठन नहीं होने का मुख्य कारण केंद्रीय नेतृत्व को माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब तक दिल्ली से नामो की अंतिम सूची पर मोहर नहीं लगेगी तब तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए गए थे। मगर अभी तक विभाग नहीं मिलने के कारण वह दोनो भी खाली बैठे हुए नजर आ रहे हैं।

राज भवन में पिछले एक सप्ताह से मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारी चल रही है। चर्चा है कि राजभवन में एक सप्ताह पूर्व ही नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के लिए पंडाल वगैरह बना दिए गए थे। मगर मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं होने के कारण पिछले एक सप्ताह से उनका किराया लग रहा है। राजस्थान में भाजपा से जीतने वाले विधायक भी मंत्री बनने के लिए अपनी लाविंग कर के थक चुके हैं। उनको भी लगने लगा है कि पता नहीं कितने दिन और लगेंगे मंत्रिमंडल विस्तार में।

हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक जनवरी से उज्जवला व बीपीएल परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने जैसे कुछ बड़े फैसले किए हैं। मगर जब तक मंत्रिमंडल का पूरी तरह गठन नहीं हो जाता तब तक सरकार की योजनाओं, नीतियों को गति नहीं मिल पाती है। मंत्रिमंडल के गठन के बाद ही जिलों के प्रभारी मंत्री लगाए जाएंगे। उसके बाद ही सरकारी ब्यूरोक्रेसी में फेरबदल होगा। मंत्रिमंडल विस्तार के अटक जाने से नई सरकार के गठन की पूरी प्रक्रिया भी रुकी हुई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व दोनों उपमुख्यमंत्री दिल्ली जाकर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। उसके उपरांत भी दिल्ली से मंत्रिमंडल विस्तार की हरी झंडी नहीं मिल पाई है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि वसुंधरा राजे के चलते भी मंत्रिमंडल विस्तार में देरी हो रही है।

वसुंधरा राजे अपने समर्थक कई विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करवाना चाहती है। वहीं भाजपा आलाकमान वसुंधरा समर्थक कुछ गिने-चुने विधायकों को ही मंत्री बनान पर सहमत है। जब तक वसुंधरा राजे अपने समर्थकों को मंत्री बनाने को लेकर संतुष्ट नहीं हो जाती है तब तक मंत्रिमंडल का विस्तार होना मुश्किल लग रहा है। वसुंधरा राजे को जिस तरह से मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर किया गया था। उसी तरह मंत्रिमंडल विस्तार में उनकी पूरी तरह से उपेक्षा नहीं की जा सकती है। वसुंधरा राजे को संतुष्ट करके ही मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा।

भजनलाल सरकार ने अशोक गहलोत सरकार द्वारा गठित सभी बोर्ड, निगम, आयोग, समितियों को भंग कर उनके प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी को हटा दिया है। मगर उनके स्थान पर नए लोगों को भी तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा। जब तक पूरा मंत्रिमंडल का गठन होकर मंत्रियों के विभागों का वितरण नहीं हो जाए। हालांकि राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में हुई धांधली की जांच को लेकर विशेष जांच दल का गठन कर दिया गया है। मगर राजस्थान लोक सेवा आयोग व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए सरकार को उसके संविधान, नियमों में संशोधन करना होगा। जो मंत्रिमंडल गठन होने के बाद ही हो पाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी चुनावी जनसभाओ में प्रदेश में पेट्रोल व डीजल की कीमतों को अन्य पड़ोसी प्रदेशों के समकक्ष करने की बात भी जोर-जोर से उठाई थी। मगर मंत्रिमंडल का गठन नहीं होने से उस दिशा में भी अभी तक कोई काम नहीं हो पाया है। प्रदेश की जनता आज भी महंगा पेट्रोल, डीजल खरीद रही है। ऐसे में भाजपा आलाकमान को चाहिए कि राजस्थान मंत्रिमंडल का विस्तार जल्दी से जल्दी करवाया जाए। ताकि आमजन में पार्टी की जो नकारात्मक छवि बन रही है। वह समाप्त हो तथा आम आदमी के हित में नई सरकार काम शुरू कर सके। मंत्रिमंडल के गठन में जितनी देरी इस बार हो रही है उतनी देरी राजस्थान के इतिहास में शायद कभी नहीं हुई।

कांग्रेस की जाट राजनीति का टूल हैं पहलवान

दिल्ली और इससे सटे राज्यों की करीब 40 लोकसभा सीटों पर जाट वोटरों का सीधा प्रभाव है। हरियाणा में जाटों की आबादी 25 फीसदी है। पंजाब में भी जाटों की जनसंख्या 25 से 30 प्रतिशत आंकी जाती है। राजस्थान में 12 और दिल्ली में 12 फीसदी आबादी इसी बिरादरी की है। 22 करोड़ की जनसंख्या वाले यूपी में जाटों की आबादी महज दो फीसदी मानी जाती है, मगर पश्चिम उत्तर प्रदेश की 18 लोकसभा सीटों पर जाति का दबदबा है। हरियाणा में पिछले दस साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। किसान आंदोलन के बाद से कांग्रेस को हरियाणा में राजनीतिक संभावनाएं अपने पक्ष में दिखाई देती हैं। उसे लगता है कि किसान और पहलवानों के कंधों पर सवार होकर भाजपा को हरियाणा की सत्ता से बाहर किया जा सकता है। वहीं लोकसभा चुनाव में हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब के जाट वोटरों के प्रभाव वाली सीटों में भी उसे इसका फायदा मिलेगा। जाट बिरादरी के बड़े गढ़ हरियाणा में कांग्रेस पिछले दस साल से सत्ता से दूर है। हरियाणा से गांधी परिवार के करीबी कई बड़े जाट नेता हैं। जिनमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाल, दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख हैं। लेकिन इन नेताओं के सारे यत्नों और प्रपंचों के बावजूद हरियाणा में उनकी दाल गल नहीं रही। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस सीटों पर मोदी की सुनामी के आगे किसी राजनीतिक दल की नहीं चली। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी धराशायी हो गई। भाजपा ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए यहां सभी दस सीटों पर विजय पताका फहराई थी।

डॉ. आशीष वशिष्ठ
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

माना जाता है कि देश में जाट बिरादरी की आबादी कुल जनसंख्या का 6 फीसदी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में जाटों की आबादी अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। दिल्ली और इससे सटे राज्यों की करीब 40 लोकसभा सीटों पर जाट वोटरों का सीधा प्रभाव है। हरियाणा में जाटों की आबादी 25 फीसदी है। पंजाब में भी जाटों की जनसंख्या 25 से 30 प्रतिशत आंकी जाती है। राजस्थान में 12 और दिल्ली में 12 फीसदी आबादी इसी बिरादरी की है। 22 करोड़ की जनसंख्या वाले यूपी में जाटों की आबादी महज दो फीसदी मानी जाती है, मगर पश्चिम उत्तर प्रदेश की 18 लोकसभा सीटों पर जाति का दबदबा है।

हरियाणा में पिछले दस साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। किसान आंदोलन के बाद से कांग्रेस को हरियाणा में राजनीतिक संभावनाएं अपने पक्ष में दिखाई देती हैं। उसे लगता है कि किसान और पहलवानों के कंधों पर सवार होकर भाजपा को हरियाणा की सत्ता से बाहर किया जा सकता है। वहीं लोकसभा चुनाव में हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब के जाट वोटरों के प्रभाव वाली सीटों में भी उसे इसका फायदा मिलेगा। जाट बिरादरी के बड़े गढ़ हरियाणा में कांग्रेस पिछले दस साल से सत्ता से दूर है। हरियाणा से गांधी परिवार के करीबी कई बड़े जाट नेता हैं। जिनमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाल, दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख हैं। लेकिन इन नेताओं के सारे यत्नों और प्रपंचों के बावजूद हरियाणा में उनकी दाल गल नहीं रही। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस सीटों पर मोदी की सुनामी के आगे किसी राजनीतिक दल की नहीं चली। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी धराशायी हो गई। भाजपा ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए यहां सभी दस सीटों पर विजय पताका फहराई थी।

कांग्रेस के बड़े जाट नेता भूपेंद्र हुड्डा सोनीपत और उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से हार गए। भूपेंद्र और दीपेंद्र के अलावा कांग्रेस के दिग्गज नेता कुमारी शैलजा, निर्मल सिंह, कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर, कैप्टन अजय यादव और अवतार भड़ाना को भी हार का मुंह देखना पड़ा। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस और इंडियन नेशनल लोकदल यानी इनेलो को हराकर हरियाणा में सात सीटें जीती थी। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से जीते थे। इनेलो ने हिसार व सिरसा की दो सीटें जीती थी।

साल 2014 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 90 सीटों में से 47 पर विजय हासिल कर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 40 सीटें जीती और दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी यानी जजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। पिछले दस साल से बीजेपी की हरियाणा में सरकार है। जाट बहुल जनसंख्या वाले राज्य हरियाणा में बीजेपी की मजबूती और पकड़ कांग्रेस को अखर रही है। प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद से कांग्रेस ने किसी न किसी तरह मनोहर लाल की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। जाट आरक्षण, किसान आंदोलन और पहलवान आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका सार्वजनिक है।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन की समाप्ति के बाद साल 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में योगी सरकार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। तमाम विरोधों और आंशकाओं के बाद भी 37 साल बाद उत्तर प्रदेश में ऐसा हुआ कि किसी दल ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई हो। चुनाव से पहले प्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी जाट बेल्ट में भाजपा को नुकसान की आशंका राजनीति के जानकार बता रहे थे।

कांग्रेस ने यह चुनाव यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में लड़ा। कांग्रेस की सारी रणनीति और पैंतरेबाजी की बावजूद पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। उसे दो सीटों पर जीत मिली। जाट बेल्ट में तो उसका खाता ही नहीं खुला। वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके लड़ा था, और उसे 7 सीटों पर जीत मिली थी। तब पश्चिम उत्तर प्रदेश से उसके दो विधायक बेहट ओर सहारनपुर सीट जीते थे। वर्तमान में यूपी में कांग्रेस दो विधायक हैं। जो प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र से हैं। सोनिया गांधी यूपी से एकमात्र कांग्रेस सांसद हैं। 100 सदस्यों की विधान परिषद में उसकी सदस्य संख्या शून्य है।

साल 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को सत्ता से बुरी तरह बेदखल किया। 117 सीटों में से 92 सीटें आप ने जीती तो कांग्रेस के हिस्से में मात्र 18 सीटें आई। भाजपा और शिरोमणि दल का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। पंजाब में भी जाट वोटर हार जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। राजस्थान में भी जाट वोटों की बड़ी अहमयित है। हालिया विधानसभा चुनाव में राजस्थान में भाजपा ने कांग्रेस को बड़ी शिकस्त देकर सत्ता से बेदखल किया है। राजस्थान में बिश्नोई बहुल 27 सीटों में से 24 पर भाजपा की जीत हुई है। हरियाणा से सटे राजस्थान की अधिकतर सीटों पर भाजपा उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इनके जाट बहुल होने के बावजूद जननायक जनता पार्टी और कांग्रेस का प्रदर्शन फीका रहा।

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस की सरकारों ने लंबे समय तक राज किया है। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो जाट वोटरों के प्रभाव वाले राज्यों में कांग्रेस की ताकत लगातार कमजोर हुई है। कांग्रेस के अलावा जाट वोटों की राजनीति करने वाले इंडियन नेशनल लोकदल, जननायक जनता पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और अन्य दल भी बीजेपी के सामने कमजोर दिखाई देते हैं। दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कांग्रेस को जाट वोटरों के हिसाब से उम्मीद की रोशनी हरियाणा में सबसे ज्यादा दिखाई देती है।

अगले साल आम चुनाव के बाद साल के आखिरी महीनों में हरियाणा विधानसभा के चुनाव होंगे। ऐसे में उसका फोकस लोकसभा चुनाव में जाट वोटरों का समर्थन पाने और हरियाणा की सत्ता की हासिल करने पर है। अपने मंसूबे पूरे करने के लिए किसान आंदोलन के बाद अब कांग्रेस पहलवानों के जरिए जाट वोटरों को अपने पाले में लाने और बीजेपी की जाट बिरादरी में नेगेटिव छवि बनाने की कोशिशों में जुटी है। आंदोलन वाले पहलवानों को पार्टी की ओर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में टिकट देने की बात कही गई है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान से जाट समाज के अंदर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस को लेकर रोष का भाव है। ऐसे में बाजी हाथ से खिसकते देख विपक्ष खासकर कांग्रेस ने, जाट वोट बैंक के लिये साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया आदि पहलवानों को आगे कर दिया। सभी घड़ियाली आंसू बहा रहे है। पहलवानों को न्याय मिलना चाहिए लेकिन जब, मामला ही कोर्ट में है तो थोड़ा इंतजार किया जाना चाहिये, दोषी को सजा कोर्ट देगा, प्रधानमंत्री मोदी या बीजेपी नहीं। पहलवान देश की न्यायपालिका पर ही विश्वास नही करते। पहलवानों को अगर राजनीति ही करनी है या राजनीति का मुखौटा ही बनना है तो फिर राजनीति ही करो, खेल को बीच में क्यों ला रहे हो। पहलवानों को समझना चाहिए इस सारी राजनीति में सबसे बड़ा नुकसान कुश्ती के खेल का हो रहा है।

भारतीय राजनीति में पक्ष-विपक्ष में बढ़ती दूरी

अजय दीक्षित

गत 21 दिसम्बर को संसद का शीतकालीन सत्र अनिश्चत काल के लिए स्थगित हो गया। यह सत्र कई मायनों में उल्लेखनीय रहा है। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण बिल पारित हो गये। दण्ड संहिता से सम्बन्धित आई.पी.सी., सी.आर.पी.सी. जैसे अंग्रेजों के काल से चले आ रहे तीन नये बिल लाये गये। गृहमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों के बनाये ये कानून दण्ड देने के लिए थे। गुलाम मानसिकता से छुट्टी पा कर नये बिल न्याय देने के लिए हैं। अब दण्ड संहिता की पुरानी धाराओं के स्थान पर नयी धाराएं आ गई हैं। राजद्रोह की जगह इसे देशद्रोह किया गया है। इसी प्रकार मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति सम्बन्धी कमेटी की सदस्यता बदल दी गई है। अब मुख्य न्यायाधीश के स्थान पर प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक मंत्री सदस्य होगा। यानि प्रधानमंत्री, एक अन्य मंत्री और विपक्ष का लीडर। अब निश्चय ही मनचाहा व्यक्ति नियुक्त किया जा सकेगा। यूं पहले भी नियुक्त आयुक्त कुछ स्वतंत्र होकर कार्य करते नहीं दीखते थे। कुछ साल पहले एक आयुक्त ने प्रधानमंत्री की सभाओं पर अपना विमत दिया था जो सार्वजनिक नहीं होने दिया। यह भी आरोप है कि बाद में उस आयुक्त को, उसकी पत्नी, पुत्रों को शासन की एजेन्सियों द्वारा प्रताड़ित किया गया। यह बात दूसरी है कि शेसन के समय माहौल कुछ और था। अस्तु, मुख्य बात यह है कि ये सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पारित हो गये क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा के धीरे-धीरे दिन पर दिन 146 सदस्यों को निष्कासित कर दिया गया। इस बार संसद सचिवालय ने निलम्बित सदस्यों को लाबी, गैलरी व अपने कक्ष में जाने से भी वंचित कर दिया। मानों ये अब सांसद ही नहीं है। कानून वेत्ता कहते हैं यह आदेश सिरे से गलत है क्योंकि निष्कासन मात्र कार्यवाही में भाग न ले सकने को कहते हैं। जो भी हो संसदीय कार्य मंत्री की अनुशंसा के बाद राज्यसभा के सभापति या लोकसभा के अध्यक्ष ने इन 146 सदस्यों को शेष सत्र के लिए निष्कासित कर दिया। कुछ सदस्यों का मामला प्रिविलेज कमेटी को भी भेजा गया। कुल मिलाकर यह स्थिति भारतीय राजनीति का काला पक्ष है क्योंकि पक्ष और विपक्ष दोनों के संयोग से संसदीय कार्य सम्पन्न होते हैं।मेरे अंग्रेज मित्र पत्रकार जो लंदन से छपने वाले गार्जियन और डेली टेलीग्राफ दैनिकों के लिए लिखते हैं और वे ब्रिटिश पार्लियामेंट को कवर करते हैं, बतलाते हैं कि वहां सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष की पार्टी के सदस्यों में परस्पर सौहार्द रहता है। संयुक्त क्रिकेट मैच होते हैं, साथ-साथ लंच होता है, साथ-साथ पिकनिक होती है और लेबर और कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य एक ही कार में संसद में आते दिखलाई देते हैं। अब यह कहा जा सकता है कि यह तो गुलाम मानसिकता वाले देश का उदाहरण है, तो भारतीय उदाहरण में कुरुक्षेत्र युद्ध में पाण्डव शाम ढलते कौरवों के कैम्प में जाकर भीष्म पितामह के घावों में मलहम लगाते थे। असल में दोनों पक्षों को आत्म चिंतन की जरूरत है। यदि राज्यसभा के सभापति की नकल उतारना गलत है तो प्रधान सेवक द्वारा राहुल गांधी की नकल उतारना भी गलत है। यह कहना भी गलत है कि ह्लबरसाती पहनकर नहाना तो कोई डाक्टर साहब से पूछेह्ल। यह कटाक्ष डॉ. मनमोहन सिंह के लिए था।कोई भी राजनैतिक दल हो, उसके प्रवक्ता टी.वी. चैनलों में अन्य दलों को कोसते रहते हैं। इसके बात-बात में भाजपा या कांग्रेस या सपा या आप या टी.एम.सी. के प्रवक्ता किसी भी मुद्दे का मीडिया ट्रायल करते हैं। इस पर तो सर्वोच्च न्यायालय को रोक लगानी चाहिए क्योंकि अनेक बार न्यायालयों में लंबित केसों पर भी इनके द्व

संक्षिप्त खबरें

वसूली को लेकर सहकारिता भूमि विकास बैंक की बैठक

एकमा। वसूली व किसानों के हित में चल रही योजनाओं को लेकर सहकारिता भूमि विकास बैंक की शाखा परिसर में एक बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता बागेश्वर सिंह ने किया। जिसमें मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक द्वारा किसानों को दी गई श्रण की वसूली में तेजी लाने के साथ ही किसानों के हित में चल रही योजनाओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया । इस मौके पर शाखा प्रबंधक नीरज कुमार लेखपाल रूबी कुमारी सदस्य सत्येंद्र नारायण सिंह शंकर सिंह अनुरूध सिंह विनोद सिंह सहित तमाम सदस्य व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

प्राइमरी स्कूल बंगरा में लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी

इसुआपुर। थाना क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बंगरा में चोरों ने किचन शेड का ताला काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में विद्यालय की प्रधान शिक्षिका कुमारी चंद्रपभा द्वारा स्थानीय थाने में एक प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। जिसमें कहा गया है कि चोरों के द्वारा एक गैस सिलेंडर, एक भट्ठी चूल्हा, दो डेक, दो गमला, करछुल, छोलनी,दो पॅकिट चावल, तेल, मसाला, दाल समेत लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली गई है। घटना की जानकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इसुआपुर,पीएम पोषण योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सारण समेत स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य तथा थाने के चौकीदार को भी दे दी गई है। वहीं स्थानीय थाने में भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोविड महामारी से निपटने को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

इसुआपुर। राज्य में कोविड महामारी के लक्षण मिलते ही इसुआपुर का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। सिविल सर्जन सारण के निदेर्शानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर का अस्पताल प्रशासन अपने सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ चुस्त दुरुस्त हो गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तूलिका कुमारी ने बताया कि 26 दिसंबर से ही सीएचसी इसुआपुर में आरटीपीसीआर जांच चालू कर दिया गया है। सभी लक्षण युक्त मरीजों की जांच की जा रही है। लेकिन अभी तक कोई भी मरीज पॉजिटिव नहीं पाया गया है। ऑक्सीजन सिलेंडर,ऑक्सीजन कंसंट्रेटर,पल्स ऑक्सीमीटर एवं ऑक्सीजन पाइपलाइन सप्लाई के साथ कोविड मरीजों के लिए चार बेड सुरक्षित कर दिए गए हैं। वहीं सभी आवश्यक उपकरणों के रख रखाव नियमानुसार कर दिए गए हैं। जिससे कोविड के मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो सके।

रामचरितमानस के पाठ से चारों फलों की प्राप्ति होती है : शिव बच्चन जी महाराज

बनियापुर। प्रखंड के चेतन छपरा मे श्री रामचरितमानस नवाब पाठ महायज्ञ 53 वे ज्ञान यज्ञ के प्रवचन माला का उद्घाटन अंबिका स्थान आमी के मानस मर्मज्ञ प्रवाचक शिववचनजी महाराज ने किया। वेद ध्वनि स्वस्तिवाचन एवं मांगलिक श्लोक से शांति पाठ करते हुए संत ने 52 वर्षो के आए सभी संत महात्मा एवं विद्वानों का व्यास पीठ से अभिनंदन किया ।उन्होंने मानस पाठ के महत्व का विशुद्ध गुणगान किया और बताया कि इस पाठ से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती । और यह जीव भगवान को प्राप्त कर लेता है ।भगवान अनुराग से प्राप्त होते हैं और अनुराग संतों की संगति से प्राप्त होती है ।समिति के सभी पदाधिकारी घनश्याम राय, सच्चिदानंद शर्मा ,त्रिपुरारी सिंह कपिल मुनि, गोपाल सिंह एवं गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। और यज्ञ के संचालन में उनकी अहम भूमिका दिखाई पड़ रही है।

नामांकन के आखिरी दिन छः प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

छपरा। शुक्रवार को मेयर पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन पर दाखिल किया। अब तक दाखिल हुए प्रत्याशियों की संख्या बढ़ कुल 18 हो गई है। आज नामांकन का आखिरी दिन था। जिन प्रत्याशियों ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया, उनमें शाकिर इकबाल, सियाराम सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, सनी कुमार ब्याहुत, संजू सोनी एवं राजीव रंजन उपाध्याय आदि प्रमुख है। बता दे कि इससे पूर्व 13 प्रत्याशियों ने मेयर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था। इस तरह मेयर पद के लिए अब कुल प्रत्याशियों की संख्या 18 हो गई है। नामांकन पत्रों के जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा, की कितने प्रतिशत प्रत्याशी मैदान में है। फिलहाल नगर निगम मेयर पद के लिए जोड़ आजमाईस शुरू हो गई है।

भारत-नेपाल सीमा से बड़ा गैंगस्टर गिरफ्तार, एसएसबी की बड़ी उपलब्धि

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में किया है पढ़ाई, प्रेमिका से शादी कर लेना चाह रहा था नेपाल नागरिकता

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी ने मैत्री पुल पर जांच पोस्ट से एक गैंगस्टर अपराधी शाकिर रेजा उर्फ आसिफ अली को बीती संध्या गिरफ्तार किया है, जिसे एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

एसएसबी 47वी बटालियन के मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय, बेतिया के इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि गैंगस्टर शाकिर रेजा को तब गिरफ्तार किया गया जब वो नेपाल भागने के फिराक में था। शाकिर रेजा बिहार के कटिहार जिला के शाहनगर कुजीबाना का रहने वाला है। इसके पास कुछ ऐसे पहचान पत्र ऐसे मिले हैं, जिसमे इसका नाम आसिफ अली पुत्र नियाज अली भी लिखा हुआ है। जांच के क्रम में इसके कुछ आईडी में एच तीसरा फ्लोर बटला हाउस, जामिया नगर, दिल्ली पता पाया गया। इसके विरुद्ध बिहार पुलिस द्वारा 307, 120 बी, 341, 379 एवं आर्म्स एक्ट सहित 10 अलग-अलग गंभीर मामले दर्ज किए गए है। वही इस पर हवाला का मामला भी दर्ज है। शाकिर रेजा हवाला कांड में जेल भी जा चुका है। पूछताछ में उसने बताया कि भारत में और नेपाल में भी जेलों में सजा काट चुका है। उसने यह भी बताया कि नेपाल में एक मनीषा गौतम नाम की एक प्रेमिका भी है, जिससे वो शादी कर नेपाल की नागरिकता प्राप्त करना चाह रहा था। वही इंस्पेक्टर शर्मा ने यह भी बताया कि यह गैंगस्टर अपने क्षेत्र में बाहुबली माना जाता है। इतना ही नहीं राजनीति पैठ के कारण अपनी पत्नी को मुखिया का चुनाव भी जीतने में भी वो कामयाब रहा था। उसने यह भी बताया कि प्रखंड के जाजा पंचायत में अक्टूबर माह में एक व्यापारी राम प्रसाद राय पर गोली चलाने का आरोपी रहा है। आरोपी जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली का छात्र भी रह चुका है। इसके पास से बारह विभिन्न पहचान पत्र मिले है। जिसमे से केवल दो में इसका नाम शाकिर रेजा लिखा है, अन्य सभी पहचान पत्रों में आसिफ अली नाम लिखा है। शाकिर रेजा पुलिस से बचने के लिए विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप चला रहा था। इसके पास से 08 सिम और 03 मोबाइल का इस्तेमाल कर अपनी लोकेशन बार-बार बदल रहा था। जिस कारण इसकी सभी नंबरों को सवेर्लान्स पर रख इसकी लोकेशन लेने की कोशिश की जा रही थी। इसे पकड़ने के लिए एसएसबी 47वी बटालियन ने तीन स्थानों पंटोका, मिश्रा कॉलोनी व हजमाटोला पर से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तियों से पता चला कि शाकिर रेजा शाम 6 बजे बॉर्डर क्रॉस कर नेपाल भागने वाला है। जिसके बाद मैत्री पुल पर तैनात एसएसबी के चेक पोस्ट पर जांच के दौरान इसे पकड़ लिया गया। शाकिर रेजा से आवश्यक पूछताछ कर हरैया ओपी पुलिस को सौप दिया गया है। इस स्पेशल ऑपरेशन टीम में सहायक कमांडेंट उत्तम कुमार घोष, इंस्पेक्टर मनोज शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, अरविंद द्विवेदी, हितेंद्र कुमार, अजयवीर सहित कई एसएसबी के जवान शामिल थे।

पूर्व प्रधानमंत्री के जीवनी पर हुई चर्चा

रिविलगंज । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा सेवा सप्ताह के रूप शुक्रवार को रिविलगंज के वार्ड नम्बर 12 में रविदास नगर में नगर मण्डल अध्यक्ष सतेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती सेवा सप्ताह के रूप मनाने का निर्णय सराहनीय है इसी के बहाने स्वर्गीय अटल जी के जीवन पर चर्चा कर जनता के बीच लोगो को बताना है पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी का सरकार सुशासन के रूप में जाना जाता है ,अटल जी का सपना मो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पूरा कर रहे है।

वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश भाजपा गन्ना प्रकोष्ठ के संयोजक शेखर सिंह ने कहा की। देश के वर्तमान केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार के प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से बताया कहा कि यह योजना खासकर गरीव एवं कमजोर लोगो जो हाथ कार्य 18 समुदाय के लिये बेहतर है।

भाजपा के जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में पोखरण परमाणु परीक्षण, अंतरोदय योजना,चवतुर्भुज योजना का देंन है। जो आज दिखाई दे रहा है। देश मे पहली बार 24 दल का सरकार बनाकर पूरे 5 साल सफल चलाय। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष पूर्व वार्ड पार्षद शम्भू पांडेय, अनुरंजन प्रसाद, मण्डल महामंत्री रमेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह,जितेश कुमार, महिला मोर्चा ममता मिश्रा, भीम कुमार दास, रमेश महतो धीरज कुमार, वार्ड 14 के प्रतिनिधि आशिफ खा सहित बड़ी संख्या में रविदास परिवार के महिलाएं एवं पुरुष शामिल होकर स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

पुलिस ने सफारी गाड़ी के साथ भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब किया जब्त

परसा ।उत्तर प्रदेश नंबर के सफारी वाहन से भाड़ी मात्रा में शराब लेकर जा रहे वाहन को परसा पुलिस ने जप्त किया। जप्त वाहन की तलासी में यूपी निर्मित ब्लेंडर तथा रॉयल स्टेज का 384 बोतल अंग्रजी शराब बरामद किया गया ।इस संबंध थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह तथा अपर थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने बताया कि मध्य निषेध विभाग से सूचना मिला था कि सफारी वाहन से शराब जा रहा था ।जिसका पीछा किया गया ।परसा से चालक वाहन लेकर भागने लगा ।पीछा कर अंजनी बनौता चवर में चेमनी के समिप्प वाहन पेड़ से तक्करा गया ।जिससे वाहन छतिग्रस्त हो गया ।और चालक मौका का लाभ उठा भागने में सफल रहा ।पुलिस छतिग्रस्त वाहन को जप्त कर थाना लाया ।जप्त वाहन से ब्लेंडर के 750 एमएल के 204 बोतल तथा रॉयल स्टेज का 750 एमएल का 180 बोतल कार्टून में रखा शराब बरामद किया गया।

परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर एबीवीपी का विश्वविद्यालय में बुद्धि -शुद्धि यज्ञ सह प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में विगत दिनों जारी हुए परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर जोरदार आंदोलन किया विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सुबह से ही विश्वविद्यालय में पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दिया ,इस दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर बुद्धि -शुद्धि यज्ञ किया कुलपति को बुद्धि आए स्वाहा ,विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार खत्म हो स्वाहा ,विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हो स्वाहा ,जैसे मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ किया इस दौरान भारी नारेबाजी भी हुई बुद्धि शुध्दि यज्ञ के पश्चात कार्यकताओं ने मुख्य द्वार पर भारी प्रदर्शन किया विश्वविद्यालय प्रशासन मुदार्बाद ,भ्रष्ट प्रशासन गो बैक परीक्षा परिणाम में अभिलंब सुधार करो, जैसे नार के साथ पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा आम छात्रों का भी आक्रोश इस दौरान देखने को मिला इस दौरान परिषद के छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंदर शैक्षणिक ,आरजकता कु,व्यवस्था भ्रष्टाचार का अंबार है, कुलपति पिछले लगभग 1 महीने से लापता है, आम छात्र-छात्राओं को कोई शुद्ध लेने वाले तक नहीं है, परीक्षा परिणाम में जिस प्रकार से गड़बड़ियां हुई है वह घोर निंदनीय है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह काम है, जिस प्रकार से विश्वविद्यालय में फेल- पास का खेल चल रहा है, वह जयप्रकाश नारायण की गरिमख को भी धूमिल करता दिख रहा है। विभाग के विभाग विद्यार्थी फेल हैं और यह जानबूझकर शिक्षा माफियाओं के इसारे पर पेंडिग , प्रमोटेड , का खेल किया गया है ताकि मोटी रकम वसूली जा सके विद्यार्थियों को कॉल करके खेल से पास करने का नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। इस दौरान विद्यार्थी परिषद ने परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा परिणाम में सुधार को अभिलंब करने को ज्ञापन भी दिया है।

परीक्षा नियंत्रक से वार्ता के दौरान काफी नोक झोंक भी हुआ इस मौके पर विश्वविद्यालय राज्य सह कार्य प्रमुख रजनीकांत सिंह, विश्वविद्यालय संयोजक प्रशांत सिंह, विश्वविद्यालय संगठन मंत्री पुरुषोत्तम कुमार ,नगर मंत्री युवराज रंजन ,छात्र नेता राहुल कुमार ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज यादव, सचिन चौरसिया जिला संयोजक रविशंकर चौबे, नगर सह मंत्री रोहित ठाकुर ,राजा तिवारी,प्रांत एसएफएस ,प्रमुख आशिष कुमार ,गोविंद कुमार ,शोध कार्य प्रमुख हिमांशु कुमार, आकाश कुमार ,अविनाश कुमार यात्री ,शुभांगी कुमारी सुमन कुमारी ,दीपिका कुमारी,नितिन कुमार,प्रभाकर कुमार,कुन्दन कुमार, आदि शामिल थे।

अमरेन्द्र ने दाखिल किया नामजदगी का पर्चा, जुटी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर निगम चुनाव के प्रत्याशी अमरेंद्र सिंह ने आज अपने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उप विकास आयुक्त कार्यालय में बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ अमरेंद्र सिंह नामांकन का पर्चा दाखिल करने पहुंचे ।इस दौरान रास्ते में जगह-जगह उन्होंने मंदिरों में माथा टेका । अमरेन्द्र सिंह के साथ उनकी धर्मपत्नी रुचि सिंह भी मौजूद थी साथ ही बड़ी संख्या में समर्थक उनके समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे । नामांकन दाखिल करने के बाद अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि नगर निगम के भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू से वह लड़ाई लड़ते रहे हैं और कई मामलों में उन्हें सफलता भी मिली और कोर्ट के जरिए व्यवस्था में सुधार कराया गया । इस बार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए चुनाव मैदान में खड़े हुए हैं क्योंकि पूर्व के कई मेयर भ्रष्टाचार और गलत कार्यों में लिप्त रहे हैं जिसके कारण उन्हें कुर्सी तक छोड़नी पड़ी है ।अमरेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव में कुछ लोग जातीय राजनीति कर रहे हैं लेकिन उनकी ऐसी कोई मंशा नहीं है वह सभी को साथ लेकर चल रहे हैं । अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्हें सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है और यही कारण है की उनके नामांकन जुलूस में महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक दिख रही है साथ ही सभी वर्गों के लोग उन्हें आशीर्वाद देने नामांकन में पहुंचे हैं और उनके नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाया है ।अमरेंद्र सिंह ने दावा किया कि अगर वह चुनाव जीतते हैं तो सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे और छपरा को बिहार के सबसे सुंदर शहरों में शामिल करेंगे, खनुआ नाला के विस्थापित दुकानदारों के पुनर्वास की योजना बनाई जाएगी। अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन के तहत काम किया जाएगा ताकि शहर साफ स्वच्छ और सुन्दर हो ।अपना छपरा, जीर्ण शीर्ण पड़े पार्क एवं पोखर को सौंदर्यकरण किया जाएगा, जल जमाव की समस्या हमेशा के लिए खत्म की जाएगी, और अगर शहर की सारी समस्याओं को 2 साल के अंदर खत्म नहीं किया तो अपने से इस्तीफा दे देंगे या नगर निगम की जनता को अधिकार होगा की मुझसे इस्तीफा ले ले और नगर निगम के कार्यों से मुक्त कर दें। नामांकन जुलूस में अमरेन्द्र सिंह के साथ मौजूद लोगों में राजेन्द्र कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ मृदुल शरण और डॉक्टर सुरेश प्रसाद सिंह प्रस्तावक बने साथी हरिज्ञान सिंह पटेल और आजाद खान समर्थक बने इसके साथ ही आज के नामांकन में हिमांशु किशोर जी, रामनिवास जी, शंभूनाथ सिंह, विंग कमांडर बीएनपी सिंह, दिलीप शर्मा बबलू प्रसाद ,शत्रुघ्न चौधरी ,राजकिशोर प्रसाद, लालू प्रसाद, मनोज कुमार श्रीवास्तव , पी वी प्रदीप सहित शहर के कई लोगों ने नामांकन में शामिल हुए और अमरेन्द्र सिंह को आशीर्वाद दिया।

शहरी के साथ ग्रामीण इलाकों में बढ़ा स्थायी साधनों के प्रति लोगों का भरोसा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा, कार्यालय। जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य के तहत परिवार नियोजन संबंधी उपायों को बढ़ावा देना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसे लेकर नियमित अंतराल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में बीते चार से 16 दिसंबर तक आयोजित परिवार नियोजन पखवाड़ा बेहद सफल रहा। परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान 26 पुरुषों और 1078 महिलाओं ने नियोजन के स्थाई साधन की राह को अपनाया। इस पखवाड़ा के दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि पूर्व की अपेक्षा अब पुरुषों में जागरूकता बढ़ी है। साथ ही, शहरी के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी परिवार नियोजन के स्थाई साधनों के प्रति लोग जागरूक हुए हैं। जिसके कारण लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जा सका है। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि परिवार नियोजन स्वस्थ व समृद्ध परिवार का आधार है। क्योंकि परिवार का आकार छोटा रखने, दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर रखने का सुलभ व आसान जरिया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन से संबंधित सभी जरूरी सुविधाएं लोगों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती हैं। हाल के दिनों में परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। स्थाई साधनों के साथ गर्भ निरोध के अस्थाई साधन भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। धीरे धीरे ही सही पुरुषों में परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। डीपीएम अरविंद कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों में दंपतियों को परिवार नियोजन की सभी प्रकार की विधि विशेषकर अस्थायी विधि की जानकारी दी जाती है। जिससे कि लोग इसका लाभ उठा सकें। अस्थायी विधि का उपयोग कर लोग पहले बच्चे तथा दूसरे बच्चे के बीच अंतर रख सकते हैं। इसके अलावा परिवार नियोजन परामर्श केंद्र द्वारा लोगों को स्थायी विधि के रूप में पुरुष नसबंदी की भी जानकारी दी जाती है। क्योंकि पुरुष नसबंदी महिला बंध्याकरण की तुलना में सबसे सहज और आसान है। इससे पुरुषों की पौरुषता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। स्थानीय अस्पताल में स्थायी व अस्थायी साधन हर समय उपलब्ध रहता है। अस्थायी साधन के रूप में अंतरा इंजेक्शन, कॉपर-टी, छाया, माला-एन, इजी पिल्स, कंडोम आदि परिवार नियोजन परामर्श केंद्र में ही दंपतियों को उपलब्ध करा दी जाती है। उसके इस्तेमाल और सावधानियों की जानकारी समन्वयक, आशा एवं एएनएम के द्वारा दी जाती है।

परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान अनुमंडल अस्पताल सोनपुर और अमनौर सीएचसी में पुरुष नसबंदी के सबसे अधिक मामले को निष्पादित किया गया है। जानकारी देते हुए डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उक्त दोनों सरकारी संस्थानों में पुरुष नसबंदी के पांच-पांच मामले निष्पादित हुआ है। वहीं, गरखा पीएचसी में चार व मढ़ौरा में तीन पुरुष नसबंदी कराया गया है। साथ ही तरैया, एकमा, जलालपुर, मांझी, मसरख, परसा और मकेर में एक-एक मामले को निष्पादित किया गया है। वहीं, दूसरी ओर महिला बंध्याकरण की बात करें तो जिले में 1078 महिलाओं ने स्थाई नियोजन की राह अपनाई है।

उन्होंने यह भी बताया कि पखवाड़ा के दौरान 46 दंपतियों ने पीपीएस व 1004 दंपतियों ने पीपीआईयूसीडी को अपनाया। इस दौरान परिवार नियोजन संबंधी उपायों की मजबूती के लिये विभाग द्वारा गर्भनिरोधक गोली माला एन 37270 व छाया 27013 गोली वितरित की गयी। पखवाड़ा के दौरान करीब 107966 कंडोम वितरित किया गया है।

नाइट ब्लड सर्वे की शुरूआत के पूर्व हुआ लैब टेक्निशियन का प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। फाईलेरिया नियंत्रनार्थ पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत 23 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नाईट ब्लड सर्वे का आयोजन होना हैं। जिसकी प्रस्तावित तिथि-04.01.2024 हैं। जिले में नाईट ब्लड सर्वे के सफल संचालन के पूर्व सदर अस्पताल मोतिहारी स्थित आरटीसी प्रशिक्षण केन्द्र में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त प्रयोगशाला प्रावैधिक को छोडकर बाकी सभी स्वास्थ्य संस्थानों से नामित दल में बीसीएम एवं लैब टेक्नीशियन का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला भीबीडीसीओ डॉ. शरत चन्द्र शर्मा, डब्लूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. माधुरी देवराजू ने जिले के उपस्थित लैब टेक्नीशियन को रक्त के नमूनों की जांच के तरीकों और स्लाइड के बनाने, रख रखाव व उसकी स्वच्छता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस जांच के लिए सैंपल रात में 8:30 बजे के बाद और 12 बजे से पहले लिया जाएगा। उन्होंने बताया की इस दौरान आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मी लोगों को नाइट ब्लड सर्वे में आकर रक्त की जाँच करवाने के लिए जागरूक करेंगे, इस कार्य में जनप्रतिनिधि भी सहयोग करेंगे।

जिला भीबीडीसीओ डॉ शरत चन्द्र शर्मा ने कहा की पूरे जिले में नाईट ब्लड सर्वे के लिए 46 साइट बनाए गए हैं। जिनमें से 23 स्थायी और 23 अस्थायी साइट होंगे। प्रत्येक साइट पर कम से कम 300 लोगों का सैंपल लिया जाएगा। ताकि लोगों में छुपे हुए फाइलेरिया के प्रसार दर का पता लगाया जा सके। डॉ शर्मा ने

बताया की जागरुकता फैलाकर ही फाइलेरिया के प्रसार दर पर रोक संभव है, क्युँकि फाइलेरिया हाथी पाँव से ग्रस्त होने पर व्यक्ति का जीवन अपंग के तरह हो जाता है, फाइलेरिया का इलाज सम्भव नहीं है, इससे बचने के लिए समय पर जाँच कराकर इसके परजीवी की पहचान करना जरूरी होता है। भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार व सत्यनारायण उरांव ने कहा की स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी,सहयोगी संस्था के कर्मी-स्थानीय मुखिया व जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क करते हुए फाइलेरिया के परजीवी की खोज हेतु नाइट ब्लड सर्वे में 20 वर्ष से ऊपर के आम लोगों के रक्त जाँच में भागीदारी हेतु सम्पर्क कर रहें है, ताकि नाइट ब्लड सर्वे का सफल संचालन हो सकें ।जिला भीबीडीसीओ डॉ शरत चन्द्र शर्मा ने बताया कि रात में सैंपल लेने का मुख्य कारण है कि इस समय शरीर में फाइलेरिया के परजीवी ज्यादा एक्टिव होते हैं। उन्होंने बताया कि ब्लड सैंपल कलेक्शन के बाद 24 घंटे के अन्दर स्टैनिंग की प्रक्रिया करा ली जाएगी। वहीं जहाँ भी जाँच के दौरान माइक्रो फाइलेरिया दर 1 प्रतिशत या अधिक होगी। उन स्थानों पर 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान की शुरूआत की जाएगी।

मौके पर डीसीएम नंदन झा, यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार, पीसीआई के मनोज कुमार, सिफार के सिद्धांत कुमार, चंद्रभानु सिँह,पिरामल से सुमित कुमार, सुमन कुमार, केशव कुमार, धीरज कुमार व अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थें।

चार युवक गिरफ्तार

एकमा ।स्थानीय थाना के रामपुर विंदालाल में गुरुवार की देर रात को बाइक के साइलेंसर से गोली फायर होने जैसी आवाज निकालने के आरोप में पुलिस ने चार युवकों दाउदपुर थाना के नसीरा निवासी आदित्य कुमार सिंह व चमरहियां के रितिक कुमार ओझा तथा बनियापुर थाना के नगडीहा निवासी अंकज कुमार व करही के अनमोल शर्मा को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों की दो बाईकों समेत उनके मोबाइल फोन को भी जप्त किया है। हालंकि इस संबंध में ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त चारो बाइक पर सवार होकर जाते हुए गोली फायर कर रहे थे जिससे लोगों में दहशत फैल गई थी। लोगों द्वारा एक आरोपी को पकड़ कर उसकी धुनाई भी करने की बात कही जा रही है। सूचना पर थाना पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी करते हुए चारों आरोपियों को उदासी मोड़ परसागढ़ में गिरफ्तार कर लिया।

सारण की बेटी पूर्वी यादव बनी जूनियर मिस इंडिया

छपरा। सारण कि बेटी पूर्वी यादव ने जूनियर मिस इंडिया की खिताब पर कब्जा जमा कर जिले का नाम रोशन किया है. दिल्ली की संस्था साईगलोरियस इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से जूनियर मिस इंडिया और प्राइड आफ बिहार का आयोजन पटना के एलिना रिसॉर्ट महाराज होटल परिसर में किया गया था. जिसमें अलग-अलग राज्यों से आए चाइल्ड मॉडल ने अपना जलवा दिखाया. चार साल आठ महीने की पूर्वी यादव ने अपने प्रतिभा के दम पर जूनियर मिस इंडिया 2023-2024 के सिताब को अपने नाम किया. पूर्वी सदर प्रखंड नैनी पस्चिम टोला निवासी व भारतीय थल सेना में पुलिस के पद पर कार्यरत अभिषेक कुमार यादव उर्फ रवि और गृहणी पूजा कुमारी की बेटी है. जूनियर मिस इंडिया के फाइनल का थीम के फेयरीटेल स्टोरी था. लगभग दो सौ बच्चों ने आडिशन दिया था, जिसमें देश भर के प्रतिभागियों में से 28 उम्मीदवारों ने फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई किया था. पूर्वी यादव के जूनियर मिस इंडिया बनने की खबर पर इलाके में खुशी की लहर दौड़ गयी. दादा देवेन्द्र कुमार यादव, दादी सुशीला देवी ने बताया कि पूर्वी काफी होनहार है. उसने लगन व मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है. पूर्वी ने कहा कि मेरी नानी नन्दनी देवी ने मेरा काफी सपोर्ट किया. माता पूजा ने कहा कि बेटी का कैरियर बालीवुड इंडस्ट्री में बनाना चाहती हैं।

रक्सौल को मिली सौगात, 186 करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना से होगा लाभान्वित

रक्सौल। स्थानीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल के पहल से रक्सौल रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन में शामिल किया गया है। इसकी जानकारी खुद डॉ. संजय जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि लगभग 186 करोड़ रुपए की लागत से रक्सौल रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सपनो का भारत की परिकल्पना में अमृत भारत योजना के अंतर्गत रक्सौल में विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन का निर्माण हमारे स्वर्णिम भारत के निर्माण का प्रतीक बनेगा। वहीं सांसद डॉ. जायसवाल ने यह भी कहा कि दरभंगा से सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते नई दिल्ली तक अमृत भारत ट्रेन की शुरूआत की गई है। इस ट्रेन को होने से रक्सौल को दिल्ली के लिए एक और ट्रेन हो गई है। जिसकी समय दरभंगा से चलकर 3 बजे दिन में रक्सौल में और सुबह 7 बजे दिल्ली पहुंच जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में अधिकाधिक सीट सीतामढ़ी एवं रक्सौलवासियों के लिए होगा।

बिहार देश का दुसरा राज्य है जहाँ स्कूली गेम में नकद पुरस्कार की शुरूआत की गई : मंत्री

मढ़ौरा(एस एन बी)। विहार में खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर के खेल

संक्षिप्त खबरें

जिला प्रशासन अलाव व कंबल की व्यवस्था करें : दिलराज प्रीतम

आरा। भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने एक प्रेस बयान जारी कर जिला प्रशासन से अविलंब हर चौक-चौराहों सहित गरीब बस्तियों में अलाव (जलावन) एवं गरीबों के बीच कंबल वितरण की मांग की है !आगे माले नेता दिलराज प्रीतम ने कहा कि अब कड़ाके ठंड बढ़ रही है और आगे भी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी,इसके चलते गरीबों के सामने काफी संकट पैदा होगी,ठंड की वजह से गरीब को अपना मेहनत-मजदूरी करने रहने में काफी दिक्कत होगी लगातार बढ़ती कड़ाके की ठंड के चलते गरीबों के जान-माल का खतरा बढ़ जाता है ऐसी परिस्थिति में जिला प्रशासन अविलंब ठंड से बचाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि गरीबों को राहत हो सके !इस आरा शहर में जिले भर से गरीब लोग कमाने के लिए आते हैं रिक्शा-ठेला चलाकर एवं मेहनत मजदूरी कर जीवन-यापन करते हैं इसलिए शहर के हर चौक-चौराहों पर जलावन की एवं इन गरीबों के बीच कंबल वितरण किया जाए ताकि इन गरीबों को जान बचाया जा सके !

कृषि विभाग के नेतृत्व में रबी किसान गोष्ठी का आयोजन

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में शुक्रवार को कृषि विभाग ने रबी किसान गोष्ठी का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन बीडीओ काराकाट राहुल कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। इस मौके पर कृषि समन्वयक मनोज कुमार ने किसानों को जलवायु अनुकूल खेती और रबी फसलों की आधुनिक पद्धति से खेती के संबंध में विस्तार से बताया। एटीएम अजीत सिंह, संजीव लाल ने भी किसानों को रबी फसलों के बेहतर उत्पादन तकनीक की जानकारी दी। शिविर में प्रखंड के सभी पंचायतों के दर्जनों किसान उपस्थित थे। इस कार्यक्रम मौके पर महिला किसानों ने भी बढ़चढ़ भाग लिया।

अज्ञात महिला का शव बरामद

दावथ (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के डोमा डेहरी गांव के समीप करहा से एक महिला का अधजला शव बरामद किया है।शुक्रवार की सुबह गुनसेज लख के आगे नटवार नहर के बगल करहा में राहगिरो ने एक अधजला शव देखा। जिसकी सुचना किसी ने सूर्यपुरा और दावथ थाना को दिया।घटना की सूचना पाते ही सूर्यपूरा और दावथ थानाध्यक्ष पुलिस बल के जवानों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचा, तो थाना क्षेत्र और सीमा विवाद में उलझ गए। उसके बाद दिनारा थानाध्यक्ष को भी बुलाया गया।उक्त स्थल पर तीनों थाना क्षेत्र को लेकर उपजे विवाद के बाद दावथ सीओ नवलकांत ने पहुंचकर उक्त स्थल को लेकर हो रहे विवाद को विराम लगाते हुए , उक्त स्थल को दावथ थाना क्षेत्र का बताया। इसके बाद दावथ थानाध्यक्ष कृपाल ने शव को कब्जे में कर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद अधजला शव किसी अज्ञात महिला का है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दिया गया है।

कांग्रेस पार्टी का कार्यकताओं ने स्थापना दिवस मनाया

राजपुर (रोहतास) कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुवार को प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेमा देवी की अध्यक्षता में राजपुर स्थित पार्टी कार्यालय पार्टी का 139वां स्थापना दिवस पार्टी का झण्डा फहरा कर मनाया गया। तथा एक दुसरे को मिठाई खिला खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर राहुल गांधी विचार मंच, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता बेगम सिद्धकी, प्रदेश महासचिव प्रियंका कुमारी, महादलित मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष दुदून नट, अजय दुबे , निजामुद्दीन अंसारी, फुलेंद्र चौधरी, बरदराज पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सच्चे भक्तों के दिल में विराजमान होते हैं भगवान : जीयर स्वामी

काराकाट (रोहतास) कथा सृष्टि का सार एवं मानवता का संस्कार है। कथा सुनने से मानव जीवन को सीख मिलती है। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बरना गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रथम दिन श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने प्रवचन में यह बातें कही । कहा कि कथा से संस्कार, मयार्दा, सहनशीलता, विनम्रता, कर्मठता, आदर एवं मधुर भाषा का ज्ञान मिलता है। ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना करते वक्त धरती पर अनेकानेक जीवों की सृष्टि की। सभी जीव एक दूसरे के पूरक हैं, जो अन्य जीवों की तरह मनुष्य में सोचने समझने की शक्ति ज्यादा होती है, लेकिन वर्तमान में धनलोलुपता के आगे लोग धर्म से अलग होते जा रहे हैं । फल स्वरूप सुख के बजाए दुख का समावेश होता चला जाता है। स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता, रामायण, महाभारत, उपनिषद, पुराण सहित सभी धर्म ग्रंथों में मनुष्य को मयार्दा और संस्कार के साथ जीने की नसीहत दी गई है। वर्तमान समय में कई मनुष्य पशु की तरह जीवन जी रहे हैं। संस्कार और मयार्दा का पाठ पढ़ाना भी चाहिए।

रेलकर्मीयों के अधिकारों की अनदेखी बर्दास्त नही करेगा ईसीआरकेयू: एसएनपी श्रीवास्तव

ईसीआरकेयू के निर्विरोध निर्वाचित केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन आरा स्टेशन पर हुआ

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के तरफ आज अपने केंद्रीय पदाधिकारियों के निर्विरोध चुनाव जीतने के खुशी मे आज दानापुर मंडल के सभी केंद्रीय पदाधिकारीयों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। निर्विरोध जीतने वाले केंद्रीय पदाधिकारीयों मे महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष एसएसडी मिश्रा, उपाध्यक्ष बी पी यादव, मनोज कुमार पांडेय, केंद्रीय संगठन मंत्री बिंदु कुमार थे ! उपरोक्त सभी को शाखा के तरफ से गुलदस्ता और अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव ने कहा की रेलकमीर्यो के हर सुविधाओ को उपलब्ध कराना संगठन का दायित्व हैं, उन्होंने कहा की नई पेंशन को रद्द कर पुरानी पेंशन की बहाली हमारा पहला और प्रमुख दायित्व हैं हम हर हाल मे पुरानी पेंशन को बहाल कराएंगे ! कार्यकारी अध्यक्ष एसएसडी मिश्रा ने स्पष्ट कहा की नए साथियों को यूनियन से जोड़ना और उन्हे पुरी जानकारी देश भी हमारा काम हैं, आप हमे कार्य बताये हम उस कराएंगे। मनोज कुमार पांडेय ने आह्वान किया की आरा बक्सर और दिलदारनगर के साथ साथ पुरे मंडल मे कार्यरत कर्मचारी की हर सुविधाओ को जल्द से जल्द पुरा किया जायेगा उसके संगठन पुरी तरह तैयार हैं।

समारोह की अध्यक्षता शाखामंत्री नीरज कुमार सिंह ने किया ! कार्यक्रम मे पटना शाखा के शाखा मंत्री विजय कुमार भी उपस्थित हुए ! साथ मे आर के सिंह, अशोक मिश्रा, बिंध्याचल शर्मा, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, एस पी त्रिपाठी, मनोज कुमार मिश्रा, अशोक पांडेय, संजीत कुमार, संजय कुमार, एस बी राय, बी के सिंह, यशदेव यादव , संजय दुबे, समसाम अख्तर, बिनोद यादव, मनजी यादव विद्या बिलाश पांडेय, प्रमोद कुमार किशोर कुमार, पुनीत कुमार, फरीद आलम, के साथ सैकड़ो रेलकर्मी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा को ग्रामीणों ने सराहा

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी वाली एलईडी वैन सूर्यपुरा प्रखंड अंतर्गत गोशलडीह पंचायत भवन परिसर पहुंची। कार्यक्रम का संचालन लोक सेवक नवीन चंद्र साह ने की तथा मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम चार स्तंभ नारी शक्ति, अन्नदाता, किसान, युवा शक्ति देश के मध्यम वर्ग एवं गरीबों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। मुखिया कुमारी पूनम पति शशि रंजन ने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। नये कृषि उपकरण ड्रोन का भी सफल प्रदर्शन किया गया। नोडल पदाधिकारी पंचायत सचिव राकेश रौशन ने सफलता पूर्वक अपने दायित्व का निर्वाह किया। उक्त अवसर पर विभिन्न विभाग के सरकारी कर्मियों ने भी लोगों को योजना की बातें बताया। मौके पर चंदन कुमार लाल , रतन कुमार , संशीन परवीन , लाल बाबू , भीम सिंह ,संगीता कुंवर , पूनम , सविता देवी ,प्रमिला देवी ,मीरा देवी ,भाजपा नेता शैलेंद्र चौधरी ,सीमा देवी ,सुशीला देवी ,रचित देवी ,शारदा देवी , वार्ड सदस्य संजय कुमार ,पूनम कुमारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थें।

दो अलग अलग लोगों के खाते से उड़ाए करीब 7 लाख रुपए

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआं साइबर क्राइम का आतंक इन दिनों कैमूर जिले में जोरो पर है। साइबर अपराधी प्रत्येक दिन किसी न किसी को अपना शिकर बना रहे है। साइबर अपराध से जुड़ा दो मामला सामने आया।अपराधियो द्वारा दो अलग अलग मामले में करीब 7 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। साइबर थाना में इस संबंध में दो लोगो द्वारा आवेदन दे कर कानूनी कारवाई कर पैसा वापसी की मांग की गई है। पहला मामला मोहनियां निवासी ठाकुर पंकज कुमार सिन्हा से जुड़ा है जिनका एक लाख चालीस हजार रुपए खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ा दिया है वहीं दूसरा मामला भभुआं में सिपाही के पति विश्वनाथ साहू जो की मधुबनी के रहने वाले हैं, उनके भी क्रेडिट कार्ड से 4 लाख 90 हजार रुपए साइबर अपराधियों द्वारा खाते से उड़ा दिया गया। साइबर अपराधी द्वारा जिले में ये कोई पहला मामला नही है।इससे पूर्व भी दर्जनों मामले सामने आ चुके है। अपराधी इतने चालाक है कि वह हर रोज कोई न कोई नया हथकंडा अपना रहे है।यहां तक कि वरीय पदाधिकारियों का भी फर्जी सोशल अकाउंट बना कर पैसे की मांग कर रहे है। साइबर अपराधी तो अब क्रेडिट कार्ड व ऑनलाइन मार्केटिंग करने वालो को आसानी से अपना शिकर बना रहे है। ताजा मामला भी इसी तरह से जुड़ा है इस संबंध में पीड़ित मोहनिया प्रखण्ड के अमरपुरा गांव निवासी पंकज कुमार सिन्हा ने कहा के मेरी पत्नी कुमारी जया के द्वारा ऑनलाइन खरीदारी के दौरान अवैध रूप से पहले 98352 की अवैध निकासी की गई, पुनः मेरे दूसरे खाते से भी 44400 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। विशेष रुप से उन्होंने बताया कि फ्लिपकार्ट का नंबर 91 2417 8766 पर अपने मोबाइल नंबर 9835 25 2507 से बात करने के उपरांत 270 का रिचार्ज करने को कहा गया, फ्लिपकार्ट ठीक करने की बात बात कर एक ऐप्स डाउनलोड करवा कर मेरी पत्नी के एसबीआई बैंक अकाउंट से 98352 रुपए एवं 1600 टोटल 99952 रुपए अवैध रूप से निकासी कर लिया गया, तथा पुनः पैसा वापस करने के नाम पर मेरे मोबाइल नंबर 9955629368 पर कॉल करके एचडीएफसी बैंक के एक अकाउंट नंबर से 40400 अवैध निकासी शाम 4:00 बजे से 5:30 तक के बीच कर ली गई इस तरह से कुल 140352 रुपए की साइबर अपराधियों द्वारा ठगी कर ली गई दूसरा मामला साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए मधुबनी जिला निवासी विश्वनाथ साहू ने बताया कि मेरे पास एक निजी बैंक का क्रेडिट कार्ड है जिसे बंद कराने के लिए मेरे मोबाइल नम्बर पर 6289750631 से कॉल आई और बातचीत व पूछताछ के क्रम में 20 मिनट के अंतराल पर बारी बारी से 482589 रुपये की निकासी क्रेडिट कार्ड से अवैध रूप से कर ली गई।

डीएम ने बच्चों को आपबीती सुन विद्यालय में नामांकन का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) रोहतास डीएम नवीन कुमार की पहल पर दो बच्चों का हुआ नामांकन। जानकारी देते हुए काराकाट बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि 26 दिसंबर को काराकाट पंचायत सरकार भवन पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम स्थल पर ही दो बच्चों ने डीएम को अपनी आपबीती सुनाई। जिसको लेकर मामले को त्वरित अपने संज्ञान में लेते हुए दोनों बच्चों से बातचीत कर विद्यालय में नामांकन कराने , पाठ्यपुस्तक व ड्रेस दिलवाने की बात कही। उसी आलोक में उक्त प्रखंड क्षेत्र के मोथा निवासी युगेश्वर पासी के बड़े पुत्र शिवम कुमार को कक्षा पांच एवं छोटे पुत्र मुकुंद कुमार को कक्षा द्वितीय में कन्या मध्य विद्यालय मोथा में नामांकन कराया गया। साथ ही साथ दोनों बच्चों को जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश पर पाठ्यपुस्तक और ड्रेस उपलब्ध कराया गया साथ ही साथ दोनों बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए भी सहयोग करने की बात कही गई। जिस नेक कार्य को लेकर दोनों बच्चों के माता-पिता सहित स्थानीय ग्रामीणों के अलावे पूरे रोहतास जनपद में जिलाधिकारी के प्रति लोगों में आशा और विश्वास जगा है। सभी लोगों ने इस नेक कार्य के लिए जिलाधिकारी रोहतास को साधुवाद दिया है।

किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास)प्रखंड के ई-किसान भवन में शुक्रवार की कृषी प्रौद्योगिकी अभिकरण आत्मा रोहतास द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी की शुभारंभ बीईओ अनुज कुमार शर्मा, अमैठी सरपंच बांके बिहारी राम, उप प्रमुख प्रतिनिधि वरुण सिंह व आत्मा अध्यक्ष अर्जुन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

आयोजित गोष्ठी में किसानों को अपने खेतों में अवशेष जलाए जाने के नुकसान से सभी को अवगत कराया गया। बीईओ अनुज कुमार शर्मा द्वारा आत्मा द्वारा चल रहे किसानों के लिए लाभकारी योजनाओं की जानकारियां दी गई। समेकित कृषि प्रणाली व मौसम आधारित कृषि के बारे में जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही सारी योजनाओं को विस्तृत से सभी को अवगत कराया गया।

जिससे किसान लाभान्वित हो सके। वहीं किसानों द्वारा किसान गोष्ठी में पहुंचे अधिकारियों को कृषि प्रभावित करने वाले ज्वलंत मुद्दों से भी अवगत करा उसके निवारण की अपील की गई। किसान गोष्ठी में श्रीभगवान सिंह, बीटीएम अभिषेक कुमार, किसान सलाहकार उदय कुमार, हरिद्वार प्रसाद, किसान अनिल कुमार सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

दावथ पुलिस ने अधजला शव बरामद किया

कैमुर भभुआ। पुलिस ने थाना क्षेत्र के डोमा डेहरी गांव के समीप करहा से एक महिला का अधजला शव बरामद किया है, शुक्रवार की सुबह गुनसेज लख के आगे नटवार नहर के बगल करहा में राहगिरो ने एक अधजला शव देखा। जिसकी सुचना किसी ने सूर्यपुरा और दावथ थाना को दिया। घटना की सूचना पाते ही सूर्यपूरा और दावथ थानाध्यक्ष पुलिस बल के जवानों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचा तो थाना क्षेत्र और सीमा विवाद में उलझ गए। उसके बाद दिनारा थानाध्यक्ष को भी बुलाया गया। उक्त स्थल पर तीनों थाना क्षेत्र को लेकर उपजे विवाद के बाद दावथ अंचलाधिकारी नवलकांत ने पहुंचकर उक्त स्थल को लेकर हो रहे विवाद को विराम लगाते हुए , उक्त स्थल को दावथ थाना क्षेत्र का बताया। तब दावथ थानाध्यक्ष कृपाल जी ने शव को कब्जे में कर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा।

बिन नाली निर्माण पेवर ब्लॉक लगवा कर हो गया योजना का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

कुदरा (कैमूर)- बिहार सरकार नगर पंचायत कुदरा योजना संख्या 4/ 2023- 24 वार्ड क्रमांक 12 धनंजय पांडेय के मकान से बबलू सेठ के मकान तक नाली एवं पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का बिन नाली निर्माण पेवर ब्लॉक लगवा योजना का हो चुका उद्घाटन। वार्ड वासी धनंजय पांडेय के साथ ही अन्य वार्ड वासि, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि लव कुश कुमार उर्फ राजेश रस्तोगी के द्वारा बताया गया, कि योजना के अंतर्गत नाली निर्माण के उपरांत पेवर ब्लॉक लगवाते हुए गली निर्माण कराया जाना था। पर कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश दयाल एवं मुख्य पार्षद सुरेंद्र कुमार पाल के द्वारा पुराने नाली के बगल में पेवर ब्लॉक बिछवाते हुए, योजना की राशि 988 00 रुपए गमन की फिराक में है। स्थल पर मौजूद उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि नगर पंचायत की बैठक में नए नाली की निर्माण कार्य के साथ ही पेवर ब्लॉक लगवाते हुए गली निर्माण की भी आवश्यकता दशार्या गया था, एवं योजना पारित किया गया था। पर बिन नाली निर्माण के ही योजना की उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी पर सवालिया निशान खड़ा करता है इससे प्रमाणित होता है कि मिली जुलीकर योजना की राशि गण करने के चक्कर में है। और आगे इस पर सुधार नहीं किया गया तो सभी वार्ड पार्षदों के साथ ही हम धरने पर बैठने को विवश होंगे। जब इस संदर्भ में दूरभाष के माध्यम से कार्यपालक पदाधिकारी से जानकारी लिया गया तो उनके द्वारा विश्वास जनक जवाब नहीं दिया गया।

बीपीआरओ कार्यालय में मुखिया ने तालाबंदी कर किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरओ कार्यालय चरपोखरी के लेखापाल द्वारा जानबूझकर विकास योजनाओं में बाधा पहुँचाने को लेकर सियाडीह पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पासवान के द्वारा अपने समर्थकों के साथ कार्यालय में तालाबंदी कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। तालाबंदी कर रहे सियाडीह पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पासवान ने बताया कि बीपीआरओ कार्यालय में कार्यरत ग्राम पंचायत के लेखापाल संतोष कुमार द्वारा कमीशन और भावना से ग्रसित होकर विकास योजनाओं को जानबूझकर तकनीकी गड़बड़ी बताकर रोक दिया जा रहा है।जिसके विरुद्ध चरपोखरी बीपीआरओ को लिखित शिकायत भी दी गई है। इस बाबत मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह पसौर पंचायत के मुखिया पप्पू कुमार साह ने कहा कि सियाडीह मुखिया की मांगों को पूरा नही की जाएंगी तो मुखिया संघ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगा।वही इस बाबत बीपीआरओ संजय कुमार द्वारा बताया गया कि मामले की सूचना मिली है।

14 बीघे धान के बोझे के साथ ट्रैक्टर जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) गुरुवार की देर रात भानपुर असामाजिक तत्वों ने किसान के खलिहान में रखें 14 बीघे धान के बोझों में आग लगा दी।

जिससे सैकड़ों क्विंटल धान व ट्रैक्टर सहित कई उपकरण जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे किसानों ने आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। कुछ ग्रामीण फायर ब्रिगेड को आगलगी की जानकारी दी। जो धुआं व तेज लपटों पर काबू पाने के दौरान आधा दर्जन किसान झुलस कर जख्मी हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भानपुर निवासी किसान शंभू साह गांव के कई किसानों से माल गुजारी पर जमीन लेकर धान की खेती की थी।

वही परिवार के नौ सदस्यों ने कड़ी मेहनत कर धान की कटनी कर खलिहान में रखे थे कि गुरुवार की देर रात रखवाली करने के दौरान काफी ठंढ़ होने के कारण वे अपने घर चले गए। इस बीच मौका देख असामाजिक तत्वों ने उनके धान के बोझों में आग लगा दी। घटना में शंभू साह के 12 बीघे, राम नारायण साह के दो बीघे के बोझे , प्रेम साह के तीन बीघे खेत के पुआल तथा ट्रैक्टर वो उपकरण जलकर राख हो गए। किसानों ने बताया कि उनकी उम्मीदों के साथ-साथ उनके अरमान भी जल कर रखे गए।

संस्कार विहीन शिक्षा और समाज से कैसे हो सकता है देश का भला

प्रात : किरण संवाददाता

दुर्गावती कैमूर- संवाददाता की कलम से संस्कार युक्त शिक्षा के साथ पूर्व काल में गुरुकुल चला करते थे जिसके कारण समाज और देश के प्रमुख शीर्ष पर संस्कारी लोग विराजमान रहते थे जो धर्म के साथ-साथ अच्छे समाज का निर्माण करते थे, और धार्मिक राज्य की स्थापना कर देश की दिशा दशा तय करते थे। लेकिन आज समाज में संस्कार की शिक्षा से विहीन गुरुकुलो के उस परंपरा के समाप्त हो जाने से सदन से लेकर गांव तक कु संस्कारी व्यक्ति और कु संस्कारी नेताओं की भरमार दिखाई दे रही हैं जिन की झलक सदन से लेकर गांव तक देखने को मिलता है। इन सबों की जड़ में है शिक्षा में संस्कार का न होना।

इसलिए देश के सर्वोच्च पदों पर बैठे समाज के निर्माण में लगे राजनेताओं को चाहिए की शिक्षा जगत में अध्ययन के लिए विद्यालयों में संस्कारिक शिक्षा की स्थापना पर बल देने की पहल करनी चाहिए ताकि आने वाला भविष्य संस्कार बिहिन समाज की स्थापना न कर सके न संस्कार बिहिन राजनेता देश का नेतृत्व कर सके। आज सदन में और राज्यों के विधानसभा में जो स्थितियां देखने को मिल रही है वह संस्कार बिहिन शिक्षा की ही देन है जिसके कारण दुनिया में यह देश शर्मसार हो रहा है।

ऋषि मुनियों का कहां जाने वाला यह देश आज कहां जा रहा है क्या अपनी पहचान बनाए रखने में संविधान कोई रुकावट डालता है या संवैधानिक दायरे में संस्कार की शिक्षा देना विद्यालयों में अपराध की श्रेणी में आता है इस पर बारीकी से विचार और चिंतन होना चाहिए। आने वाला भविष्य यदि इसी तरह से संस्कार बिहिन शिक्षा से युक्त चलता रहा तो देश और समाज के हित में नहीं होगा जिसका दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं होंगे। संस्कार का कहीं बाजार नहीं होता जहां से संस्कार खरीद कर व्यक्ति के पास उपलब्ध करा दिया जाए।

इसलिए शिक्षा जगत में संस्कार की शिक्षा देने के लिए सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार कर पहल करनी चाहिए जिससे आने वाला देश का भविष्य और समाज की संरचना सुरक्षित रह सके। देश के अंदर तमाम संसाधन मौजूद है लेकिन इस्तेमाल नहीं करने के कारण आज एक दूसरे लोग कटते और बटते जा रहे हैं। जाति पाति में देश को बांट देना समस्या का समाधान नहीं हो सकता। समाज में बढ़ते महिला अपराध जाति पाती तथा नफरत घृणा बगैर संस्कार की शिक्षा के बिना नहीं मिटाया जा सकता इसलिए वैज्ञानिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की शिक्षा देना सरकार की जिम्मेवारी होनी चाहिए ।

आरा में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच मारपीट, दो जख्मी

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बिजली रोड में गुरुवार की देर शाम आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें मारपीट के दौरान एक पक्ष के दो लोग जख्मी हो गए। घटना को लेकर लोगों के बीच भगदड़ मच गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार मारपीट के के दौरान जख्मी युवकों में टाउन थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद मछुआ टोली मोहल्ला निवासी मो.जलाउद्दीन का 32 वर्षीय पुत्र मो.मुकद्दर आलम एवं बड़ी मस्जिद निवासी मो.असलम का 26 वर्षीय पुत्र मो.दिलशाद शामिल है। इधर मो.मुकद्दर ने बताया कि उसका गोला सब्जी मंडी में सब्जी का दुकान है गुरुवार की देर शाम व दुकान बंद कर सिंडिकेट पर हगीज लाने गया था। जब हगीज लेकर वह लौट रहा था। तभी उसके मोहल्ले की कुछ युवक ने बोला कि आपके गोल में लड़ाई हुआ है तो उसने कहा कि नहीं मैं अभी गोला से ही आया हूं। तभी उसने देखा कि उसके मोहल्ले के कुछ युवक इकट्ठे होकर बिजली रोड की ओर जा रहे थे तो वह उनके पीछे बिचली चला गया। जैसे वह बिजली रोड में पहुंचा। तभी छत पर से कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी। जिसके बाद वह भागने लगा। उसी दौरान वह जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी मो.मुकद्दर ने छत पर रहे उक्त युवकों पर छत से अपने ऊपर चार राउंड फायरिंग करने की बात कही है। जबकि मो.दिलशाद ने बताया कि वह अपने घर से जैसे निकला। तभी दो युवक उसे पड़कर तेरी मोहल्ला ले गए और उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया।साथ ही उसने उक्त युवकों से अपने किसी भी विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किराया किया है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी मस्जिद स्थित गुडहट्टी गली के लड़के एवं तरी मोहल्ला के लड़कों के बीच किसी बात को लेकर कुछ देर पहले झगड़ा हुआ था। जिसके बाद तरी मोहल्ला कुछ युवकों द्वारा पहले दिलशाद को पड़कर तरी मोहल्ला में ले जाकर उसकी पिटाई की गई।

आरा में छिनतई के दौरान ट्रक चालक को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर में अपराधियों का मान मनोबल चढ़कर बोल रहा है। जिसके कारण हर रोज अपराधी किसी न किसी अपराधी घटनाओं को आसानी से अंजाम देते नजर आ रहे हैं। वहीं पुलिस ऐसे अपराधियों पर नकेल कसने में नाकाम दिखाई दे रही है।ताजा मामला जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव के समीप की है। जहां शुक्रवार की अहले सुबह अपराधियों द्वारा छिनतई का विरोध करने पर एक ट्रक चालक को गोली मार दी। जख्मी ट्रक चालक को गोली दाहिने हाथ के हथेली पर लगी है। जो आरपार होकर दाहिने साइड के सीने को छूते हुए निकल गई है। गोली लगने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसके साथ रहे चचेरे भाई सह खलासी द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और उसे इलाज के लिए पहले कोईलवर पीएचसी ले गई। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी चालक मुजफ्फरपुर जिला के पारु थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी शंकर सहनी का 29 वर्षीय पुत्र राकेश सहनी है एवं वह पेशे से ट्रक चालक है। इधर ट्रक चालक राकेश सहनी ने बताया कि वह पटना जिला के उदयपुर बालू घाट से ट्रक पर बालू लोड कर मुजफ्फरपुर वापस लौट रहा था। लौटने के क्रम में जैसे ही उसकी ट्रक कोल्हरामपुर गांव के पास पहुंची और वहां पर बालू के ट्रैकों का लाइन लगा था। उसी जाम में मेरा भी ट्रक खड़ा था। तभी पांच-छह की संख्या में रहे अपराधी वहां आ गए और उसके चचेरे भाई सह खलासी के पास रहे पैसे व उसके गले में रहे हनुमान के सोने का लॉकेट छीन लिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके बीच हाथापाई भी हुई। इसके बाद उक्त बदमाशों में से एक बदमाश ने उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ट्रक चालक राकेश सहनी ने उक्त बदमाशों पर अपने चचेरे भाई सह ट्रक खलासी के पास रहे कुछ पैसे उसके गले में रहे हनुमान के सोने का लॉकेट छिनने एवं विरोध करने पर खुद को गोली मारने का आरोप लगाया है।बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

बीडीओ के नेतृत्व में पंचायत समिति की बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिती की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह व प्रखंड प्रमुख अनिता देवी ने किया। पंचायत समिती के बैठक में विभिन्न योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से सवाल किये। इस पर संबंधित अधिकारी सवाल का जवाब देते नजर आये।

बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष अरविन्द सिंह ने मनरेगा से संबंधित पीओ से अगामी वर्ष को लेकर पशु शेड व मिट्टी करण करने को लेकर चर्चा की वही रोगियों के स्वास्थ्य संबंधित सवाल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से जानकारी ली। वही मुखिया राजू सिंह ने मनरेगा से संबंधित खाता के डीबीटी को लेकर अपना पक्ष रखा। मुखिया वरूण सिंह ने विद्यालय में नियोजित शिक्षक के बहाली करने को लेकर प्रस्ताव रखा। बीडीसी दुर्गेश ओझा ने पंचायत के विद्यालयों की दूरी को देखते हुए नजदीक केंद्र बनाने की बात को कहा। वही श्री ओझा ने स्वास्थ्य संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पंचायत में डेंगू ,मलेरिया जैसे विभिन्न रोगो के लिए विभिन्न तरह के केमिकल के छिड़काव हेतू चिकित्सा प्रभारी से पक्ष को रखा। वही सेंदुआर पंचायत मुखिया अशोक कुमार सिंह ने आँगनबाडी केंद्र के सहूलियत से कार्य किये जाने व मनरेगा, अंचल से संबंधित परिमार्जन, दाखिल खारिज हेतू बातों को अधिकारी के समझ रखा। बैठक में मुखिया, पंचायत समिति ने अपने- अपने पंचायतों में हो रहे समस्याओं को रखा।

मौके पर अंचलाधिकारी तान्या कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी श्रीराम मिश्रा, पीओ दिप्तेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डा. अनिल कुमार ,

संक्षिप्त खबरें

गजना महोत्सव को लेकर डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री द्वारा गुरुवार को गजना महोत्सव की तैयारी को लेकर नबीनगर के टंडवा थाना क्षेत्र में अवस्थित गजना धाम मंदिर परिसर स्थित पूरे स्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि महोत्सव कार्यक्रम उसी जगह पर होगा जहां पूर्व से कार्यक्रम निर्धारित है। जिलाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि महोत्सव कार्यक्रम मे ख्याति प्राप्त कलाकार के साथ साथ स्थानीय कलाकार भी भाग लेंगे। गौतलब है कि विगत कुछ वर्षो से गजना महोत्सव को राजकीय कैलेंडर मे शामिल किया गया है, तब से गजना महोत्सव कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के सौजन्य से कराया जा रहा है। गजना महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। जिले भर से लोग इस महोत्सव को देखने के लिए आते हैं। इस महोत्सव के आयोजन को लेकर जिले वासियों मे काफी उत्साह है। इस महोत्सव में जिला प्रशासन के सौजन्य से कुश्ती, रंगोली, पेंटिंग, क्विज आदि कई प्रतियोगिताएं भी कराई जाती हैं, जिसमें जिले के कई प्रतिभागी भाग लेते हैं।

बैंक अकाउंट के पैसा गायब करने के आरोप में भेजा गया जेल

शेरघाटी।धोखाधड़ी कर बैंक अकाउंट से रुपए गायब करने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस के हत्थे चढ़ा गोपालपुर कस्बे का रहने वाला आरोपी गुड्डू उर्फ अलाउद्दीन के खिलाफ इसी साल पीड़ित तजमुल हुसैन ने करीब ढाई लाख रुपए की हेरा फेरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस ने इसी सिलसिले में आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि आरोपी ने धोखाधड़ी कर तजमुल हुसैन के खाते से पैसे निकाल लिए थे।गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

श्रेत्रीय संगठन महामंत्री के मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किए

गया।अभी कुछ ही दिन पूर्व श्रेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र भाईसाहब गांव पहुँचे थे। माता जी ने कहाँ अभी मरना नही है। जब उपर से लिखा हुआ आता है कोई भी विधि का विधान आज 26 दिसंबर को मध्य रात्रि में भजन गाते साकेत धाम को प्रस्थान कर गयी है। बुधवार के सुबह माता का अंतिम संस्कार अयोध्या धाम सरयू तट पर हुआ है।इस दुखद समाचार सुनते ही पुर्वांचल के विकास पुरुष उतर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सरयू घाट जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं वही पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख, देवरिया सांसद और गया जिला के पूर्व अध्यक्ष अनिल स्वामी, पूर्व सांसद हरी मांझी ,डा मनिष पंकज मिश्रा,ने गहरी शौक व्यक्त किए ,एवं परिवार को इस इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षित होंगे शिक्षक मृत्युंजय

गया।सांस्कृतिक श्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र सीसीआरटी नई दिल्ली के क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर, राजस्थान द्वारा आयोजित विद्यालयी शिक्षा मे हस्तकला कौशल का समावेश विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण जो 3 से 12 जनवरी तक चलेगा हेतु पूर्वी चम्पारण जिला से पताही प्रखण्ड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खुटौना यादव टोला के शिक्षक मृत्युंजय कुमार का चयन हुआ है।बता दें कि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना द्वारा पूरे बिहार से दस शिक्षकों का चयन किया गया है। शिक्षक मृत्युंजय कुमार के चयन होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी,पूर्वी चम्पारण एवं प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी पताही के साथ साथ जिले के शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने की वर्चुअल बैठक

गया।भाजपा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति मोर्चा की आगामी 2024 में होने वाले कार्यक्रम की दृष्टिकोण से बैठक हुई है इस वर्चुअल बैठक में सभी राज्यों के आईटी सेल के प्रदेश प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक एवं मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे है।जहाँ मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय संगठन वी. सतीश ,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमारे मार्गदर्शक लाल सिंह आर्या जी, राष्ट्रीय महामंत्री बुलंदशहर के सांसद एवं आईटी व सोशल मीडिया के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ भोला सिंह जी एवं मीडिया प्रभारी आदरणीय मुकेश कुमार जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।वही इस बैठक को सुचारू रूप से संचालन कर रही सोशल मीडिया की राष्ट्रीय प्रभारी बड़ी बहन प्रो. अनीमा सोनकर जी के द्वारा किया गया है।इसकी जानकारी बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती ने दिया है।

अफीम एवं मादक पदार्थों का रोकथाम में इस वर्ष बढ़ोतरी हुई : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। विगत माह जिला पदाधिकारी, गया की अध्यक्षता में मादक द्रव्यों की रोकथाम से संबंधित उच्च स्तरीय बैठक में गया जिलान्तर्गत हो रही अफीम की खेती का विनष्टीकरण के लिए पिछले साल 2022-23 की तरह ही इस वर्ष 2023-24 भी मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, गया को नोडल विभाग नामित किया गया है। अफीम की खेती का विनष्टीकाण मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, गया के नेतृत्व में इमामगंज एवं बाराचट्टी, दोनों क्षेत्रों में एक साथ कराया जा रहा है। उत्पाद विभाग के अलावे विनष्टीकरण की टीम में नारकोटीक्स कंट्रोल ब्यूरो वन प्रमंडल गया, ,एस एस बी, संबंधित थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष एवं संबंधित क्षेत्र के अंचलाधिकारी भी उपस्थित रहते हैं। इस वर्ष 2023-24 विनष्टीकरण का कार्य 5 दिसम्बर से शुरू कर दिया गया है। शुरूआत में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, गया द्वारा 2 टीमों का गठन किया गया था। परन्तु अफीम की खेती की त्वरित विनष्टीकारण करने हेतु सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, गया द्वारा कुल टीमों की संख्या बढ़ाकर पांच कर दी गई है।इस वर्ष 28 दिसम्बर तक 212.52 एकड़ का विनष्टीकरण किया गया था। परन्तु इस वर्ष दिनांक 28 दिसंबर तक कुल विनष्टीकरण 479. 50 एकड़ किया जा चुका है।विनष्टीकरण की गयी महत्वपूर्ण स्थलों के नाम इस प्रकार है:- चापी, लुटुआ, धनहेटा, बड़ी चापी, सोनदाहा, हरमत, मुरनिया, डुमरी, बेनवतरी, छपारकर, कुम्भी, डुमरी नाला, सलैया, सीसीयाताड़, सोनदाहा अमूखाप, पुरैनी आदि।

टेम्पो चालक हत्या कांड में पुलिस को मिली सफलता, दो को किया गिरफ्तार, सामान बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया पुलिस ने संदिग्ध तीन लड़के को गिरफ्तार किया गया है इनसे पूछताछ पर पता चला कि गिरफ्तार किया गया युवक मे से एक ने एप कौलनी कब्रिस्तान के समीप एक टोटो चालक को गोली मारी गई थी, युवक शुभम कुमार की पहले की रंजिश चली आ रही थी।इसको लेकर घटना का अंजाम दिया।शुभम नाम के लड़के के पास एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है,वही दुसरे लड़के के पास दो मोबाइल फोन और एक टैब मिला है । नाबालिग लडके के पास से 66 हजार रुपए नगद बरामद किया गया है इसपर रामपुर थाना पुलिस ने 769/23 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया है इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशीष म एसपी आरती आशीष भारती ने बताया कि पकड़े गए लड़कों की संगम तलाशी ली गई तो शुभम नाम के लड़के के पास एक देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया वहीं विकास कुमार के पास दो मोबाइल फोन एक टाइम मिला वही नाबालिक लड़की के पास 66000 नगद रुपए बरामद किए गए एसपी ने बताया की 25 दिसंबर को केरिस्तान के समीप एपिक ऑन टेंपो चालक को गोली मारी गई थी इस संबंध में रामपुर पुलिस टीम अंतर्गत अंजू पंकज कुमार के घर में छापामारी की और उसे पकड़ लिया गया घर से टोटो चालक को गोली मारने के उपयोग मिल लाया गया देसी कट्टा एक हुक्का को भी बरामद किया गया है उसे पर नहीं बताया कि कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छप्पर मेरी जारी है और एक पिस्टल तीन जिंदा कारतूस, एक देसी कट्टा,एक खोखा,तीन मोबाइल फोन,एक टेब समेत छियायसठ हजार रुपए नगद प्राप्त किए,इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सफल खुलासा करने वाले रामपुर थाना अध्यक्ष रवि कुमार और उनकी टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

चरपोखरी थाना में बीडीसी सदस्या ने गड़हनी प्रमुख के खिलाफ दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी(भोजपुर)।जिले के गड़हनी प्रखण्ड अंतर्गत इचरी पंचायत के क्षेत्र संख्या 01 के बीडीसी सदस्या सुगवंती देवी के अपने पद से इस्तीफा देने का मामला तूल पकड़ लिया हैं।समिति सदस्या ने बताया कि गड़हनी प्रखण्ड प्रमुख विमल कुमार सिंह द्वारा फर्जी तरीके से त्याग पत्र बनाकर पंचायती राज पदाधिकारी को देने के खिलाप गड़हनी बीडीओ बिरेन्द्र कुमार, डीपीआरओ जयंत कुमार को आवेदन दिया हैं।

साथ ही उसने कहा कि मैं जब इस संबंध में प्रमुख से पूछने गया तो वह बोले जहाँ जाना है जाइये और ज्यादा तेज मत बनिये नही तो जान से भी हाथ धोना पड़ेगा। मैं इस बात डर गई हूँ और प्रमुख के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने को ले चरपोखरी थाना में आवेदन दिया हूँ जिससे प्रसाशन द्वारा उचित कारवाई प्रमुख पर की जा सके। वही बीडीसी सदस्या ने कहा कि प्रमुख ने मेरे नाम का फर्जी लेटर पैड छपवाकर व फर्जी हस्ताक्षर बनाकर पद से त्याग पत्र देने का आवेदन बनाये है। इसकी जांच की जाए तो कुल मामला दुध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा। प्रमुख ने पद पर बने रहने के लिये सारे हथकंडा अपना रहे है लेकिन चाल में सफल नही रहेंगे।

इस संबंध में जब प्रमुख से पूछा गया तो उसने बताया आरोप सरासर गलत और बेबुनियाद हैं,जब से वो अपना त्याग पत्र दी हैं तब से हमे नही मिली हैं।हम उसने मिलने का प्रयास भी किये यहाँ तक कि उनके सगे संबंधियों को सूचित करते हुए उनके घर तक गए लेकिन वो नही मिली।उनके लड़के से मिलकर बोला गया था कि आखिर किस कारण से त्यग पत्र दे रही हैं।सप्ताह भर इन्तेजार भी किया गया कि त्याग पत्र वापस लेले लेकिन नही आई तो हम आगे बढ़ा दीए।चरपोखरी थानाध्यक्ष सजंय कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रमुख के खिलाप मिला आवेदन की जाँच चल रहा हैं।

अपराधियों ने धान लदा ट्रक किंजर इलाके से अगवा किया

किंजर , अरवल : किंजर थाना क्षेत्र के एनएच 110 स्थित बारह माईल पुल के पास मंगलवार की रात्रि 10:30 बजे बोलेरो पर सवार अपराधियों ने टेकारी से धान लोड कर बक्सर जा रहे ट्रक को पहले रुकवाया फिर चालक से बोला कि साहब गाड़ी के पास बुला रहे हैं चालक को गाड़ी में बैठा लिया फिर उपचालक को बुलाया और उसे भी गाड़ी में बैठा लिया इसके बाद अपराधियों ने चालक एवं उपचालक को करपी थाना क्षेत्र के मंगा विगहा मोड़ के पास सुनसान स्थान पर दोनों को बोलेरो से उतार दिया ट्रक चालक का मोबाइल भी ट्रक में ही छूट गया था फिर चालक उपचालक ने उस रास्ते से आने वाली गाड़ी को रुकवा कर सारी बातों की जानकारी दी फिर वह गाड़ी वाले ने करपी थाना को सूचित किया करपी पुलिस किंजर पुलिस को सूचना दी फिर ट्रक मालिक से मोबाइल पर बात करने पर पता चला की गाड़ी में जीपीएस लगा है और गाड़ी महेंदिया थाना क्षेत्र के नट विगहा के पास खड़ी है महेंदिया एवं किंजर पुलिस ने तत्काल नट विगहा पहुंची वहां ट्रक से धान उतारा जा रहा था।

जिला परिषद की जमीन पर रेलवे दर्शा रहा है अपना दावा : अजीत कुमार सिंह

औरंगाबाद। अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पे इन दिनों विकास का कार्य हो रहा है। आजादी के पहले से ही रेलवे की जमीन चिन्हित कर बाउंड्री दी गई एवं स्टेशन का निर्माण हुआ। धीरे धीरे इस स्टेशन पे कई गाड़ियाँ रुकने लगी और विकास होने लगा। स्टेशन परिसर के बाहर की जमीन जिला परिषद की है और उन्नीस सौ बाइस से ही जिला परिषद गया अब औरंगाबाद अपनी जमीन को बंदोबस्त कर किराया वसूला करती है। जो अब तक जारी है और बंदोबस्तधारी लोग जिला परिषद को जमीन का किराया भी दे रहें हैं। पुराने नये नक्शे पे रेलवे की जमीन प्लॉट खाता के साथ स्पष्ट रूप से खारीज किया हुआ है जो कि केशरे हिंद में आता है। स्टेशन गेट निर्माण के लिए संवेदक ने रेलवे अभियंत्रण बिभाग के बगैर जिला परिषद के अमीन की उपस्थिति के प्राइवेट अमीन राज किशोर मेहता के द्वारा जमीन मापी करा जिला परिषद की जमीन को अपना बता दुकानदारों को खाली एवं तोड़ने का भ्रम पैदा कर दिया। जिस अमीन राजकिशोर मेहता को इस हेतु संवेदक एवं रेल के द्वारा रखा गया वे जम्होर में गलत मापी करने एवं विवाद पैदा करने के लिए मशहूर हैं। इस मापी में रेलवे एवं जिला परिषद के अमीन दोनो को उपस्थित रहना चाहिए। भारतीय मानवाधिकार परिवार के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रेलवे एवं जिला परिषद के अमीन दोनो की उपस्थति में जमीन मापी की मांग की गई है। उन्होंने कहा राजकिशोर मेहता अमीन तकनिकी रूप से मापी में सक्षम नहीं हैं एवं जम्होर एवं आस पास के इलाकों में उनकी मापी में विवाद पैदा हो चुका है। शांति भंग होने के अलावा कई मुकदमें भी बिभिन्न न्यायालयों में दर्ज हो चुके हैं।

जनता दरबार में 28 परिवादियों का सुना फरियाद: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल: जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 28 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, दाखिल खारिज, मुआवजा, अनुदान की राशि, धान अधिप्राप्ति, गृह रक्षा वाहिनी, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले आए। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया।

वंशी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम तुर्क तेलपा निवासी पम्मी देवी द्वारा बताया गया कि मेरे पति की मृत्यु सड़क दुर्घटना में वर्ष 2022 में हो गई था। मेरे पति श्रम विभाग द्वारा निर्गत ई-श्रम कार्ड धारी थे। उक्त प्रावधान के तहत लाभ दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा श्रम अधीक्षक अरवल को निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। मेहन्दिया थाना स्थित ग्राम काईल भुपत निवासी अनिल कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि ग्राम काईल भुपत में अनिल कुमार सिंह के घर से रामउतीम यादव के घर तक पी सी सी कार्य करवाने का अनुरोध सांसद महोदय से किया गया था। मुख्य गली को पी सी सी ढ़लाई कार्य पुरा करवाने की कृपा की जाय।

इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला योजना पदाधिकारी अरवल को त्वरित निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। कुर्था प्रखण्ड स्थित ग्राम बेनीपुर निवासी संजय शर्मा द्वारा बताया गया कि मेरे पिताजी के नाम से मौजा बेनीपुर में जमीन खरीद किया गया था। अंचलाधिकारी कुर्था द्वारा दाखिल खारिज निरस्त कर दिया गया है। दाखिल खारिज करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता अरवल को निष्पादन हेतु निदेश दिया गया।

झपटमारी में धारा 302 और चोरी में धारा 301 लगेगी

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। झपटमारी में धारा 302 और चोरी में धारा 301 लगेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 ने भारतीय दंड संहिता 1860 के अनेकों प्रचलित धाराओं के अंकों की धारा बदल दिया है।

दोनों सदनों से पास होने के बाद राष्ट्रपति की मुहर लग गई है। अब अपराध हत्या के प्रयास में 107, हत्या में 101, उपेक्षा द्वारा मुत्यु कारित करने पर सी 106, दहेज उत्पीड़न में 85, दहेज हत्या में 79, लुट में 307, डकैती में 308, घातक हथियारो से लैस होकर लुट और डकैती में 310, चुराई हुई सम्पत्ति में 315, स्त्री के लज्जा भंग आशय से हमला में 78, अपहरण में 136, हत्या या फिरौती के लिए अपहरण पर 138, बलात्कार में 64, सामुहिक दुष्कर्म में 70, हमला में 128, अपराधिक बल में 127, उपहति में 112,घोर उपहति में 114,सदोष अवरोध में 124,दंगा में 192, बल्वा में 189, आपराधिक षडयंत्र में 61, छल में 316,रिष्टि में 322,गृह अतिचार में 329, विवाह करने के विवश करने के लिए अपहरण, व्यापहरण में 85, पांच से अधिक लोगों के जामा होने से खतरा के अंदेशा में 187,भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध का षडयंत्र में 146, देशद्रोह में 150, जीवनसाथी रहते पुनः विवाह में 81, विवाहित को बहलाकर ले जाने में 83,ठगी,छल में 316, मानहानि में 356, सम्पत्ति का अपराधिक दुविनियोग पर 313, आपराधिक न्यास भंग में 314, सरकारी सेवकों को कर्तव्य निर्वहन से भयभीत करने में 130, सदोष अवरोध में हमला या बल प्रयोग में 133, अपराध के लिए बालक नियोजित करना में सी. 95, संगठित अपराध में सी. 111, भारत से बाहर रहकर अपराध के दुष्प्रेरण में सी. 48 धार्मिक भावनाओं के ठेस पहुंचाने के आशय से शब्द उच्चारण में सी. 300, जैसे धाराओं का प्रयोग होगा। जो पहले के धाराओं के अंक से काफी अलग है अब न्यायधीशों, अधिवक्ताओं, अनुसंधानकर्ताओ को नई और पुरानी दोनों धाराओं में न्यायिक कार्य करना होगा।

नीतीश कुमार जदयू के बने राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजनीति को देंगे नई दिशा: कुमार गौरव

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बनने पर युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बधाई दिया। गया केबिसार तालाब स्थित युवा जदयू कार्यालय में युवा जदयू के कार्यकताओं के बीच कुमार गौरव ने मिठाई बांटकर और एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार समाज के हर वर्ग का बराबर का ख्याल रखने वाले नेता हैं। इनके सानिध्य में रहकर हमें जनसेवा करने का मौका मिला है, यह हमलोगों के लिए गौरव की बात है। इतना ही नहीं जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की दिल्ली बैठक में चार अहम प्रस्ताव पारित किए गए. जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बतौर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खास जिम्मेदारी सौंपी गई है। नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में इसलिए सम्मान के पात्र हैं क्योंकि इन्होंने बिहार के विकास में निरंतर कार्य करते रहे हैं। इस तरह बिहार के युवाओं, बेटियों, असहायों के सहयोग के साथ-साथ विकसित बिहार की इबारत लिख रहे हैं। ऐसे नेता को पार्टी की राष्ट्रीय कमान सौंपा जाना बेहतर राजनीति का परिचायक है। इस मौके पर युवा जदयू नेता शिवा पांडेय, राजा खान , सैयद शाहबाज , वार्नर ,यश यादव, सोनू,दिनेश यादव, अनुज कुमार, अमरेश कुमार आदि लोग शामिल थे। पांडेय, दिनेश यादव, अनुज कुमार, अमरेश कुमार आदि लोग शामिल थे। पर युवा जदयू नेता शिवा पांडेय, दिनेश यादव, अनुज कुमार, अमरेश कुमार आदि लोग शामिल थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर से बने जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

गया।अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया और प्रशंसा व्यक्त की है।

कुमार ने बताया कि नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में उत्साह है। संगठन और मजबूत होगी। पार्टी के चल रहे कार्यक्रम में गति आयेगी। जननायक कपूर्री चर्चा कार्यक्रम आगे और चलेगी। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अनुकूल माहौल रहेगा। नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं प्रशंसा व्यक्त करने वाले व्यवसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा, नीरज वर्मा, महानगर अध्यक्ष राजु वर्णवाल,राजेन्द्र शर्मा, इंद्र ठाकुर, रंजीत कुमार, भीम विश्वकर्मा, सरस्वती देवी, सीमा गुप्ता, श्रवण केवट, नरेश चौहान, जवाहरलाल साव, सुरेन्द्र चंद्रवंशी, शिवपूजन प्रसाद, विरेंद्र शर्मा, राजकुमार अकेला, सुरेश ठाकुर, जर्नादन प्रसाद दांगी, प्रभु दयाल साव, विद्धयानंद प्रसाद, हरेन्द्र दांगी,राकेश कुमार दांगी,मो शकील अंसारी, संजीत कुमार, कैलाश चंद्रवंशी, विवेक रौशन, अनुप चंद्रवंशी नीरज कुमार राय, शत्रुध्न दांगी व अन्य है।

गया पुलिस दबिश के कारण नक्सलियों ने अगवा मुंशी को मुक्त किया

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गया जिले मे नक्सलियों के ऊपर गया पुलिस का दबाव आखिर दम पर गया पुलिस दबिश के कारण नक्सलियों ने घुटने टेक दिए हैंऔर अपहरण कर ले गए मुंशी शाहबाज को बांके बाजार के बैंक धाम स्थित मंदिर के समीप देर शाम मुक्त कर दिया है। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस दबाव के कारण नक्सलियों ने बीती शाम कंपनी के मुंशी को मुक्त कर दिया है। इस अभियान में गया पुलिस एसटीएफ और केंद्रीय सुरक्षा बल के एजेंसी के सहयोग से सकुशल बरामद की गई है। अपहरण करने वालो की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। और की जल्दी ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। आगे बताया की यह बहुत ही चैलेंजिंग टास्क था आफ्टर ऑल पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। बीते 24 दिसंबर की रात को नक्सलियों ने लुटुआ के असुरैन में नदी पर पुल बना रहे हैं सेलकॉर्न कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन आदमियों को नक्सलियों ने किडनैप कर लिया था। दो आदमियों को देर रात ही जंगल में छोड़ दिया गया था और शाहबाज मुंशी को अपने कब्जे में रख लिया था। इसके साथ ही शाहबाज को छोड़े जाने के एवज में तीस लख रुपए की लेवी की मांग की थी।चोबीस घंटे के अंदर ले भी नहीं दिए जाने की स्थिति में शाहबाज को मार दिए जाने की धमकी नक्सलियों ने दी थी। इस घटना के बाद से ही जिला पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन एवं उनके ठिकानों पर लगातार दबिश बना रही थी।इसके कारण कंस्ट्रक्शन कंपनी मुंशी को सही सलामत बरामद किया गया है।

दिन भर छाया रहा घना कोहरा बढ़ा ठंड का सितम दुबके रहे लोग

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।जैसे-जैसे नए वर्ष का शुरूआत होते जा रहा है वैसे-वैसे आसमानी ठंड गिरना शुरू हो गया है बता दे की शुक्रवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त देखने को मिला वैसे में सड़क पर चलने वाली छोटी वाहन एवं बड़ी वाहनों को चलने में काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा कोहरा इतना गहरा था कि 2 फीट की दूरी पर भी दिखाएं नहीं दे पा रहा था। जिसके कारण छोटे वाहन एवं बड़े वाहन दिन में भी लाइट जलाकर चल रहे थे वहीं घना कोहरा छाए रहने से बाजार भी बन्द दिखाई रहा और लोग इस कड़ाके के ठंड में दिनभर अपने-अपने घरों में दुबके रहे लोग बताते हैं की पहली बार यह ठंड का सितम देखने को मिल रहा है, जिससे फसल में भी काफी इजाफा होगा वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यदि ठंड का सितम नहीं बढ़ती है तो फसल में काफी नुकसान होने की संभावना बनी रहेगी।

विदेशी शराब बरामदगी के साथ दो कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय विक्रमपुर गांव इलाके में दबिश दे 45.240 लीटर विदेशी शराब की बरामदगी की है। वही पुलिस ने मौके से शराब कारोबारी स्थानीय निवासी सुरज कुमार उर्फ दिलवा और राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बावत बिहपुर थानाध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि मौके से दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। वही घटनास्थल से एक चोरी की हुई होंडा बाइक को भी जप्त किया गया है। मामले को लेकर मद्ध निषेध व उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्तों का मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सब इंस्पेक्टर समेत 3 अन्य पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया निलंबित

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला में पुलिसिया कार्यरवेये की लगातार समीक्षा किये जाने के बावजूद पुलिस कर्मी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में जिला एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कार्य में लापरवाही बढ़तने के मामले को ले एसआई समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस कर्मियों द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बढ़ते जाने के साक्ष्य मिलने के साथ ही संबंधित तीनों पुलिसकर्मियों को रंगे हाथ पकड़ा गया था। वही एसपी ने रात्रि में औचक निरीक्षण के क्रम में जब रंगरा थाना प्रांगण पहुंचे थे तो वहां की व्यवस्था को लेकर एसपी ने थाना के जुड़े दस्तावेज सहित अन्य कागजातों के रखरखाव किये जाने की लापरवाही एसपी सुशांत ने निरीक्षण करने के दौरान देखी जिसके बाद एसपी ने थाने में मौजुद लैंडलाइन नंबर और वायरलेस को भी बंद अवस्था में पाया था, जिसको लेकर एसपी ने रंगरा थाने में मौजुद एसआई संदीप कुमार झा से पूछताछ कर जानकारी ली तो एसआई के द्वारा संतुष्ट युक्त जवाब नही दिया गया जिसके बाद नवगछिया एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने व अनियमितता को लेकर एसआई संदीप कुमार झा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं निरीक्षण के क्रम में इमरजेंसी सेवा 112 के दो पुलिस कर्मियों को भी निलंबित कर दिया है।

पेंशनर समाज के हर समस्या का होगा समाधान: डॉ. नितेश

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। रंगरा प्रखंड प्रांगण में पेंशनर समाज के वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व एमएलसी प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता युवा राजद डॉ. नितेश यादव ने कहा कि नवगछिया अनुमंडल के पेंशनर समाज का हर समस्या का समाधान होगा। उनको बैंक से जुड़ी समस्या या स्वास्थ्य की कोई समस्या हो उनके समाधान के लिए सरकार कृत संकल्पित है। पेंशनर समाज द्वारा पेंशनर भवन बनाने की मांग की। वही उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक संपर्क के बदौलत उनकी मांग को जनप्रतिनिधि से मिलकर समाधान करेंगे। इसके पूर्व पेंशनर समाज के कार्यकताओं ने डॉ. रत्नेश का अंग वस्त्र एवं फूलमाला पहनाकर उनका जोड़दार स्वागत किया।इस मौके पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष अवधेश बाबू सहित सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी समेत सैकड़ो की संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

देशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। झंडापुर ओपी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोहड़ी गांव इलाके में दबिश दे देशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। मामले को लेकर प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी स्थानीय गांव के दिलीप मंडल हैं, जो लम्बे समय से शराब का कारोबार को अंजाम दे चल रहा था। जिसकी गुप्त सूचना पर कार्रवाई किये जाने के साथ पुलिस टीम ने न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

जमीन मापी के दौरान युवक के साथ मारपीट कर किया घायल

अलीगंज । चंद्रदीप थाना क्षेत्र के ईटाबांध गांव मे जमीन मापी के दौरान दो पक्षो मे विवाद हो गया। जिसमे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक रत्न कुमार ने बताया कि गांव मे हिस्सेदार से जमीन मापी हो रही थी तभी रिश्ते मे बाबा प्रेमन यादव तथा चाचा अधिक यादव ने पीछे से लाठी डंडे व खंती से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे परिजनो ने अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहा घायल युवक का इलाज चल रहा है। पीडित ने बताया कि घटना की लिखित आवेदन देकर चंद्रदीप थाना मे शिकायत दर्ज कराया है। थानाधयक्ष अब्दुल हलीम ने बताया कि आवेदन घायल व्यक्ति के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। मामले की पुलिस जाचकर कर रही है। मामला दर्ज कर दोषी पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

स्कूल में मिशन दक्ष योजना की शुरूआत में ही लगा ग्रहण

सोनो प्रखण्ड अंतर्गत सरेबाद पंचायत में तुरी टोला गांव में नवीन प्राथमिक विद्यालय बाराटाड (तुरीटोला) मे संचालित मिशन लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा योजना शुरूआत में ही दम तोड़ती नजर आ रही है। जिसकी बानगी शुक्रवार को तुरीटोला के नवीन प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिला है। बतादे की इस विद्यालय में एक भी शिक्षक नही देखे इस विद्यालय में सभी शिक्षक 3 बज कर 40 मिनट पर ही स्कूल कार्यालय मे ताला बंद कर फरार मिले जिससे उक्त विद्यालय में कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए मिशन दक्ष के तहत विशेष वर्ग का संचालन से बच्चे वंचित रह गए बताते चले की शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक द्वारा पूरे प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालय में नामित वैसे कमजोर छात्राओं को चिन्हित कर जो वर्ग में कमजोर है, वैसे बच्चो को पढ़ने के लिए दक्ष मिशन शुरूआत की। इस विद्यालय में शुरूआत में ही ग्रहण लग गया है। इसकी जानकारी सोनो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सीताराम दास को अवगत कराने पर उन्होंने फोन काट दिए हैं।

नये साल को ले नवगछिया पुलिस की विशेष तैयारी :एसपी

- क्षेत्र के 22 जगहों को किया गया है, चिन्हित
- वर्दी व सादे लिबास में रहेंगे तैनात पुलिस पदाधिकारी
- हुड़दंग करने वालों, शराबियों व असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की विशेष नजर

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। नये साल पर नशे के कारोबारियों, नशेड़ियों व उनके कारोबार में संलिप्त लोगों पर निगरानी के साथ साथ उनकी गतिविधियों पर नकेल कसने को लेकर पुलिस सतर्कता से काम करने में डटी हुई हैं। इसी कड़ी में नवगछिया पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी शुशांत कुमार सरोज ने जानकारी साझा करते हुए कहा है कि नववर्ष पर नवगछिया पुलिस की ओर से विशेष तैयारी की गई है। वही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 22 दिसंबर से क्षेत्र इलाके में लगातार स्पेशल ड्राइव चलाया गया हैं। प्रतिदिन वाहन जांच, अपराधियों, शराबियों व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वही क्षेत्र के संबंधित लॉज, होटल, बसस्टैंड व अन्य जगहों पर दबिश देकर जांच की जा रही है। विगत दिनों पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के आलोक में स्पेशल ड्राइव अभियान चलाया गया है। वही उन्होंने बताया कि नववर्ष के अवसर पर पिकनिक स्पॉट के साथ साथ धार्मिक एवं सार्वजिनक स्थल के अलावा जहां भी लोगों की भीड़ लगती है। ऐसे 22 जगहों को चिन्हित कर उक्त स्थलों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी की निगरानी के साथ तैनाती रहेगी। ताकि लोगों को किसी प्रकार की बाधा या समस्या उत्पन्न न हो, वही क्षेत्र इलाके में शांति व विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस वर्दी के अलावे सिविल ड्रेस में जवानों के अलावा महिला बल की तैनाती रहेंगी, जो लगातार क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट व अन्य धार्मिक स्थलों की गस्त ड्यूटी के साथ निगरानी में रहेंगी। वही क्षेत्र इलाके में हुड़दंगबाजी, शराबी या असामाजिक तत्व की गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी, वैसे उपद्रवियों पर पुलिस टीम चिन्हित किये जाने के साथ उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। वही इन सब के बीच साइबर सेल की टीम की सोशल मीडिया गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ साथ मोबाईल में वीडियो बनाकर गलत तरीके से इस्तेमाल करने वालों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

तालाब में मिला 3 वर्षीय बच्ची का मृत शव

भागलपुर। सबौर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत घोघा के सटे शंकरपुर गांव इलाके में एक 3 वर्षीय बच्ची का शव स्थानीय गांव के तालाब से बरामदगी किये जाने की सूचना प्रकाश में आयी है। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के तहत बताया जा रहा है कि स्थानीय गांव इलाके में बच्ची के शव मिलने की सूचना पर पूरे क्षेत्र इलाके में सनसनी फैल गई है। वही तीन वर्षीय मृतक बच्ची के पिता ने घटना को लेकर बताया कि हम लोग सुबह मजदूरी करने निकल गए और बच्ची की मां भी पशु का चारा लाने के लिए बहियार चली गई थी। वहीं जब देर शाम को घर लौटकर आए तो देर रात तक मेरी बच्ची घर नहीं दिखी तभी खोजबीन शुरू की। जब सुबह तालाब के पास पहुंचे तो देखा कि मेरी बच्ची का मृत शव तालाब के पानी में जंगल में पड़ी हुई है। तब किसी तरह से तालाब के पानी से शव को बाहर निकाला गया जिसके बाद पूरे गांव इलाके में कोहराम मच गया है । वहीं परिजनों का कहना है इसे किसी ने दुश्मनी से मौत के घाट उतारा दिया है। वहीं ग्रामीणों ने उक्त घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मृत बच्ची के शव को अपने कब्जे में ले मामले की जांच में जुट गई है।

ब्राउन शुगर के साथ एक अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसपी सिटी

- गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कई मामलों में है नामजद

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में नशे के कारोबार को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर ब्राउन शुगर के कारोबार का बाजार धड़ल्ले से फलफूल रहा है। वही कारोबार में संलिप्त बदमाशों द्वारा नये साल की तैयारियों को लेकर तरह तरह के रणनीति तैयार कर नशे के सामानों का स्टॉक किये जाने की गतिविधियों पर जोड़ दे चल रहा है। वही उक्त नशे के कारोबार को ध्वस्त करने के उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन लगातार योजनाबद्ध तरीके से बीएस के कारोबारी के विरुद्ध कई तरह के हतखण्डे अपनाएं जाने के बावजूद पुलिस के गिरफ्त से बच निकलने में कारोबारी सफल हो जाता था। इसी कड़ी में स्थानीय पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई जिसके आलोक में स्थानीय थाना पुलिस ने एक युवक को 168 ग्राम प्रतिबंध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर सिटी एसपी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी अमित रंजन ने साझा करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पश्चिम बंगाल से मालदा जाने वाली ट्रेन से प्रतिबंधित स्वांस मादक पदार्थ ब्राउन शुगर ले भागलपुर आने वाला है। उक्त प्राप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया।

वही गठित एसआईटी की टीम ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर स्थानीय मोजाहिदपुर थाने की पुलिस टीम के सहयोग से सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया था। सर्च ऑपरेशन के क्रम में अलीगंज गंगती के अशोक प्रसाद साह के पुत्र राजा कुमार को स्वांस मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वही इस गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के पूर्व अभियुक्त पल्सर मोटरसाइकिल से वह अपने घर आ रहे थे, जब जांच के लिए उसे रोका गया तो उसके पास से 150 ग्राम भूरा रंग का एवं 18 ग्राम काले रंग का कुल 168 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। इस संबंध में मोजाहिदपुर थाने में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वही पुलिस ने कहा है कि मोटरसाइकिल समेत 168 पुरिया ब्राउन शुगर के बरामद किया है, ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार राजा पर अलग-अलग थाने में कई आपराधिक मामले में नामजद है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त राजा को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है, पुलिस ने आगे बताया है कि गिरफ्तार राजा को कड़ी पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

नगर आयुक्त के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों निगम में कोतुहल का माहौल बना हुआ है। दरअसल नगर निगम में निर्वाचन के बाद नए जनप्रतिनिधियों के चुनाव होने से एक वर्ष पूर्ण हो गया है, लेकिन स्थाई समिति की बैठक को लेकर अबतक मामला अधर में अटका हुआ ही नजर आता दिख रहा है। इसी कड़ी में निगम की मेयर डॉ. वसुंधरा लाल के नेतृत्व में प्रार्षदों का एक प्रतिनिधि मंडल समाहरणालय डीएम से मुलाकात करने पहुंचा है, इस दौरान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन से मिलकर स्थानीय नगर आयुक्त के खिलाफ विरोधाभास अभिव्यक्ति का जाहिर कर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान अलग अलग वार्डों के पार्षद प्रतिनिधि मौजुद थे। वही मेयर डॉ. वसुंधरा लाल ने बताया कि निर्वाचन के 1 वर्ष पुणे पूरे होने को है जबकि स्थाई बोर्ड की बैठक 12 बार होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक पांच बैठक से ऊपर सम्पन्न हुई है, इसी को लेकर कहा की उन्होंने बैठक की वीडियो ग्राफी भी करने की बात कही थी, लेकिन किसी बैठक की कोई वीडियो ग्राफी नहीं हुई है जबकि मैंने अपने ही कहा था कि वीडियोग्राफी नहीं होने के कारण अहम मुद्दे को भटका दिया जाता है, लेकिन नगर आयोग सुनने को तैयार नहीं है। वही मेयर डॉ. वसुंधरा ने कहा है कि जनप्रतिनिधि बनने से 1 वर्ष बीत चुका है, लेकिन स्थाई समिति की बैठक सही तरीके से नहीं हो पाने के कारण शहर की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पाती है। वही उन्होंने कहा कि आज शहर में साफ सफाई की समस्या बेहद देखने को मिल रही है, लेकिन कोई भी कार्य अब तक नहीं हो पाया है साथ ही उन्होंने नगर आयुक्त योगेश कुमार सागर को उसका जिम्मेदार ठहराते हुए यह कहा है कि जब कभी भी वे लोग इन मुद्दों को उठाते हैं, तो नगर आयुक्त उसे अनसुना कर देते हैं, इसको लेकर पार्षदों के साथ जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन को ज्ञापन देने पहुंचे हैं, इस मौके पर कई वार्ड के पार्षद व उनके समर्थक मौजूद रहे थे।

ओरिएन्टबैल टाइल्स नए कैंपेन के साथ एक असाधारण यात्रा की शुरूआत

सेलेब्रिटी विज्ञापनों के आकर्षण से आगे बढ़कर ओरिएन्टबैल टाइल्स अपने नए कैंपेन के साथ एक असाधारण यात्रा की शुरूआत करने जा रहा है- यह कैंपेन सदियों पुराने एक सवाल को रोशनी में लाता है, स्टार्स या सब्सटेन्स?आलोक अग्रवाल, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओरिएन्टबैल टाइल्स ने कहा आज हम एक बोल्ड स्टेटमेन्ट देने जा रहे हैं, सेलेब एंडोर्समेन्ट नहीं, मार्केटिंग में कोई नौटंकी नहीं। ओरिएन्टबैल टाइल्स अपनी योग्यता के दम पर गर्व के साथ अपनी विशेष पहचान बनाएगी तथा फ्लोर एवं वॉल टाइल्स की खरीददारी को आसान बना देगी। यह कैंपेन सिर्फ हमारे ब्राण्ड के बारे में नहीं है, यह बड़े पैमाने पर बातचीत के बारे में हैं- सतही चमक और प्रमाणिकता के बीच चुनाव के बारे हैं।

टॉप 10 अपराधी विकास साह चढ़ा पुलिस के हत्थे:एसपी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी विकास कुमार साह को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तार अपराधी विकास पर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए रंगदारी के रूप में 20 लाख रुपए की मांग करने का आरोप है। वही उक्त आशय की जानकारी को लेकर सीटी एसपी अमित रंजन ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। वही उन्होंने बताया कि विगत 2 अगस्त की देर रात अपराधी विकास कुमार एवं अमित कुमार द्वारा बबरगंज के स्थानीय शिव शंकर मंडल के घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए रंगदारी के रूप में 20 लाख रुपए की मांग की थी, इस संबंध में पीड़ित शिव शंकर मंडल ने मोजाहिदपुर के बबरगंज थाने में लिखित आवेदन देकर नामजद अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। वही इस घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। वही गठित टीम द्वारा नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर घटनास्थल पर पहुंच कर वैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल कर साक्ष्य जुटाने एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्त की पहचान करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए गठित टीम के द्वारा दबिश देकर गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर विगत 27 दिसंबर को हाजीपुर थाना क्षेत्र के यूनिवर्सिटी नगर में दबिश दे एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने बताया कि यह एक शातिर एवं सक्रिय अपराधी है, जो आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे गिरफ्तारी के डर से अपना ठिकाना बदलते चल रहा था, वही पुलिस काफी लंबे समय से इनकी गिरफ्तारी को लेकर दबिश में लगी हुई थी। वही पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध जगदीशपुर के अलावा जिले के दर्जनों थाने में आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में उनके खिलाफ मामला दर्ज है।

अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौके पर हुई मौत

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला नवगछिया इलाके में सड़क हादसे का शिकार बन कर अनगिनत लोगों की जान जा चुकी हैं। इसी कड़ी में एक और घटना झंडापुर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 31 पर दयालपुर चौक के समीप बेलगाम अज्ञात वाहन चालक ने एक बाइक सवार युवक को ठोकर मार रौंदते हुए मौके से वाहन लेकर फरार हो लिये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक अज्ञात वाहन चालक के ठोकर मारने के साथ ही मौके पर गिरे बाइक सवार युवक को रौंद डाला जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। वही इस घटना में मृतक युवक की पैसन प्रो. बाइक के फरखच्चे उड़ गये है। वही घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची झंडापुर ओपी थाना के प्रभारी धर्मवीर कुमार ने त्वरित मृतक युवक के शव को एनएच 31 से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया भेज दिया। जहां पुलिस ने मृतक युवक के शव की पहचान नवगछिया रँगरा ओपी थाना क्षेत्र के नयाटोला भवानीपुर इलाके के 20 बर्षीय देशबंधु साह के रूप में की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक युवक जेपी कॉलेज नारायणपुर से परीक्षा देकर अपने घर लौट रहा था तभी दयालपुर चौक समीप अज्ञात वाहन का शिकार हो उसकी मौके पर मौत हुई है।

अयोध्या से आए अक्षत कलश को ले ग्रामीणों ने निकाली शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो(जमुई)/ भगवान राम की भूमि पर बनने वाले ऐतिहासिक मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आए अक्षत कलश की धूम पूरे प्रखंड क्षेत्र में है, कई दिनों से चलने वाले अक्षत कलश की शोभा यात्रा के तहत ढोढरी पंचायत में ढोल-नगाड़े के साथ कलश पहुंचा, जहां ग्रामीण के सहयोग से भगवा ध्वज के साथ श्री राम का जयकारा लगाते हुए सैकड़ो ग्रामीणों ने पंचायत के तेतरिया, गोरवामटीहाना, होते हुए निमारे बजरंग बली मंदिर होते सफर तय किया। गांव -गांव तक पहुंचने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी सनातन धर्मावलंबियों के बीच अक्षत कलश की गूंज पहुंचनी है, जिससे मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के भव्य मंदिर में करोड़ों देशवासियों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। आयोजित कलश यात्रा में भाजपा सोनो मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक आरएसएस इकाई के अंशुधर वर्णवाल, लोजपा पर्व प्रत्यासी संजय मंडल, प्रदीप मंडल, सरपंच नकुल ठाकुर, पंकज कुमार के अलावा सैकड़ो से अधिक ग्रामीण उपस्थित हुए।

वार्षिक महाआरती महोत्सव कार्यक्रम की रूप रेखा की तैयार

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत पौराणिक ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर आस्था का केंद्र शक्तिपीठ प्राचीन काली मंदिर में महाआरती का 14वां वर्षगांठ समारोह को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूजा अर्चना समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सुमन ने किया, बैठक में 4 एवं 5 जनवरी को होने जा रहे , वर्षगांठ समारोह के कार्यक्रम का रूप- रेखा तैयार किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि दिनांक 4 जनवरी 2024 को मां काली की पूजा-अर्चना के बाद प्रातः 10:00 बजे से स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन अपराह्न 1: 30 तक होगा 2:00 बजे से अयोध्या से आए अतिथि कथा व्यास सुप्रिया महाराज के मधुर वाणी से कथा की प्रस्तुति की जाएगी , जो संध्या 6:00 बजे तक होगा। पुनः दिनांक 05 जनवरी 2024 को प्रातः 8:30 बजे पूजा अर्चना समिति के द्वारा पूजा पाठ किया जाएगा 10:30 बजे से स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति की जाएगी एवं 2:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक कथा का आयोजन होगा ,संध्या 6 से 7:00 बजे तक भजन गायक पंडित सुनील मिश्रा एवं अल्का मिश्रा के द्वारा भजन ,जागरण,कार्यक्रम कींधंलं प्रस्तुति संध्या 7:00 बजे तक की जाएगी 7:05 पर माता काली की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा बैठक में समिति के संयोजक मनोज कुमार रघु,, अध्यक्ष संजय कुमार सुमन, सूचना मंत्री टिंकू राम , विनोद ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

मंडल कार में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। यूको आर सेटी के द्वारा मंडल कारा मुंगेर में दस दिवसीय मशरूम उत्पादन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जेल अधीक्षक किरण निधि, प्रधान प्रोबेशन अधिकारी ब्रजेश सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव कुमार एवम् आर सेटी के निदेशक गौतम कुमार एवम् प्रशिक्षणार्थी द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की। इस प्रशिक्षण मे मंडल कारा के 35 ससीमित बंदियों भाग ले रहे है जिन्हें मशरूम उत्पादन के प्रबंधन और अधिक मुनाफे कमाने के तरीके के साथ साथ सरकार द्वारा इस व्यवसाय को चलाने के लिए बैंक से दिये जाने वाले ऋण के बारे मे भी जानकारी दिए जायेंगे अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव कुमार एवम्निदेशक श्री गौतम कुमार द्वारा सभी ससीमित बंदी को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेने एवम् मंडल कारा से निकलने के बाद बैंक की मदद लेकर व्यवसाय को बड़े स्तर पर शुरूआत करने की सलाह दी एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस प्रशिक्षण के उपरांत बंदी मंडल कारा मुंगेर से छूटने के बाद मशरुम उत्पादन कर अपना स्वरोजगार शुरू कर सकते है। यह ट्रेनिंग अतिथि संकाय राजेश कुमार के द्वारा दिया जा रहा हैं। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सनी,कार्यलय सहायक नितीश कुमार सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे । यह प्रशिक्षण 10 दिनों तक चलेगा।

पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब की बरामद

नवगछिया (भागलपुर)। खरीक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आलोक में दबिश दे स्थानीय तेलघी बगरी गांव के 14 नम्बर मुख्य सड़क मार्ग स्थित खेत से कार्टून व बोरा में संदिग्ध स्थिति में रखा कुल 206 बोतल विदेशी शराब को पुलिस की टीम ने बरामदगी की है। उक्त मामले की जानकारी को लेकर खरीक थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने कहा कि बरामद शराब में रॉयल प्लस डीलक्स व्हिस्की ब्रांड की 180 एमएल का 183 पीस और 375 एमएल का 23 पीस है जिसकी कुल 206 बोतल में कुल 41.565 लीटर आंकल की गई हैं। वही मामले को लेकर खरीक थाना में मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर शराब कारोबारी का पता लगाने में पुलिस जुट गई है। वही उन्होंने कहा है कि शराब बरामदगी को लेकर क्षेत्र इलाके में लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही पियक्कड़ों व नशेड़ियों के विरुद्ध कार्यवाई किये जाने की दिशा में पुलिस कवायद में जुटी हुई है।

कुलपति, रजिस्ट्रार सहित कॉलेज प्राचार्य पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर, टीएमबीयू के सीनेट सदस्य डॉ. राजेश कुमार तिवारी के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने टीएमबीयू के वर्तमान कुलपति जवाहर लाल, रजिस्टर सहित बीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रो./ डॉ. अशोक ठाकुर पर भ्रष्टाचार किये जाने का आरोप लगाया हैं।वही सीनेट सदस्यों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रांगण में लगातार भ्रष्टाचार का काम जोड़ो पर चल रहा है। चाहे वह शिक्षकों के प्रोन्नति से जुड़ा मामला हो या फिर रिटायर्ड शिक्षकों को पेंशन को लेकर जुड़ा मामला हो, सभी मामले में अवैध रूप से मोती रकम बसूल करने की दिशा घोर अनियमितता बरती जा रही है। वही राज भवन के द्वारा जारी आदेश के बाद भी उक्त आदेश की अवहेलना आये दिन की जा रही है। वहीं इन सब के बीच विश्व विद्यालय के कर्मचारी भी बेलगाम होते दिख रहे हैं। वही उन्होंने कहा कि अगर जल्द स्थिति में सुधार नहीं होती है तो वह विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध न्यायालय में रिटर्न फाइल करेंगे जिसकी जानकारी साझा कर दी है।

जिला पदाधिकारी ने कृषि उद्योग जीविका सहित अन्य सरकारी योजनाओं का किया समीक्षा, अधिकारियों को दिए कई निर्देश

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। कृषि, उद्योग, जीविका, लोहिया स्वच्छ भारत अभियान सहित अन्य विभागों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाहरणालय में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली गयी तथा उसमें और अधिक प्रगति करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक मो. वसीम, जिला कृषि पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरकार के योजनाओं को कैंप लगाकर कृषिकों को दे जानकारी : कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को कृषकों तक पहुंचने के लिए कैंप लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि माहवार कैंप लगाकर योजनाओं की जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराएं, ताकि किसान संबंधित योजनाओं का लाभ ले सके। साथ ही जैविक खेती की अधिक से अधिक जानकारी किसानों को दें, ताकि फसल के पैदावार में वृद्धि के साथ ही मृदा संरक्षण एवं अन्य लाभ मिल सके। इसके लिए भी कैंप लगाकर किसानों को जानकारी दें। लोहिया स्वच्छता **अभियान का ली गई जानकारी :** लोहिया स्वच्छ भारत अभियान के योजनाओं की भी जानकारी जिलाधिकारी ने ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे इस पर विशेष ध्यान दें और सूची वार चिन्हित कर लाभूकों को इसका लाभ दें।

जिले में उद्योग को अधिक से अधिक बढ़ावा देने का निर्देश : उद्योग विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उद्योग को अधिक से अधिक बढ़ाव दें। उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लघु एवं कुटिर उद्योग सहित अन्य हेतु उपलब्ध कराए जाने वाले ऋण की भी जानकारी दें, ताकि लाभुक उसका लाभ ले उद्योग लगाकर आर्थिक रूप से स्वयं सबल होते हुए अन्य को भी रोजगार दे सकें।

अस्पताल मे लगाया गया बंध्याकरण शिविर

जमुई(झाझा)। झाझा रेफरल अस्पताल मे एफआरएचएस इंडिया जमुई एवं जिला स्वास्थ्य समिति जमुई के संयुक्त तत्वाधान मे महिला बंध्याकरण का शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें प्रखंड क्षेत्र के कई महिलाओं का सफल बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया । मौके पर रेफरल अस्पताल के बीसीएम पंकज कुमार ने बताया कि रेफर अस्पताल झाझा में एफआरएच इंडिया जमुई एवं जिला स्वास्थ समिति जमुई के संयुक्त तत्वाधान में महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें कि रजिस्ट्रेशन 24 महिलाओ का किया गया । जिनमें 21 महिलाओं का बंध्याकरण सफल ऑपरेशन किया गया । आगे उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी एक प्रभावी गर्भ निरोधक उपाय है । महिलाओ का बंध्याकरण डॉ0 उमेश कुमार वर्मा के नेतृत्व मे किया गया।

राजद युवा प्रकोष्ठ के प्रखंड स्तरीय मिलन व सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित आर्या विवाह भवन में राष्ट्रीय जनता दल मुंगेर युवा प्रकोष्ठ के एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय मिलन व सम्मान समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पूर्व उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं संचालन जिला सचिव सुनील कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पार्टी प्रतिनिधियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया एवं उनके पार्टी के प्रति कर्तव्य एवं दायित्व के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही नव नियुक्त राजद के सभी कार्यकताओं को राजद के सामाजिक न्याय के विचारों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार देश में जात-पात और धर्म के नाम पर आपस में लड़ाना चाहती है। भाजपा के शासन काल में महंगाई आसमान छू रही है। बेरोजगारी चरम सीमा को पार कर रही है। भाजपा देश पर शासन नहीं तानाशाही कर रही है। अगर यही स्थिति रही तो यहां लोकतंत्र के नाम पर खिलवाड़ होता रहेगा और भविष्य में चुनाव भी नहीं हो पाएगी। वही इस मौके पर राजद के कंचन रजक, सौरव यादव, रामदेव पासवान, सौरभ कुमार उर्फ गुड्डू सहित दर्जनों की संख्या में राजद के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

भारत को 31 साल के इतिहास में मिली सबसे बड़ी हार

साउथ अफ्रीका से फिर खाली हाथ लौटेगी टीम इंडिया

पहला टेस्ट 3 दिन में गंवाया, दूसरा मैच जीतकर भी ड्रॉ ही होगी सीरीज

सेंचुरियन (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका में भारत के टेस्ट सीरीज जीतने का सपना, फिर एक बार टूट गया। टीम इंडिया को पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। साउथ अफ्रीका में इतनी बड़ी हार भारत को 31 साल के इतिहास में कभी नहीं मिली। टीम इंडिया अब दूसरा टेस्ट जीतकर भी सीरीज नहीं जीत पाएगी, क्योंकि तब सीरीज का नतीजा 1-1 से ड्रॉ ही रहेगा।

पहले टेस्ट में शर्मनाक हार की वजह खराब गेंदबाजी, खराब बैटिंग और इन सब से खराब कप्तानी रही। खैर साउथ अफ्रीका में भारत का कोई भी कप्तान कहां ही अच्छा प्रदर्शन कर सका है। इस देश में भारत ने अब तक 24 टेस्ट खेले, 13 गंवाए और महज 4 जीते। इस दौरान 7 टेस्ट ड्रॉ भी रहे। सीरीज तो भारत ने 9वीं बार खेल ली लेकिन जीत एक बार भी नसीब नहीं हुई।

3 ही दिन में हार गए सीरीज जीतने की उम्मीद- सेंचुरियन में 26 दिसंबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट शुरू हुआ। भारत ने पहले बैटिंग की, विकेटकीपर केएल राहुल के शतक के सहारे टीम ने 245 रन बनाए। बाकी बैटर्स में विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के अलावा कोई कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सका।

साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बना दिए। डीन एल्गर ने 185 रन की पारी खेली। वहीं डेविड बेडिंघम ने 56 और मार्को यानसन ने 84 रन बना दिए। भारत से जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकी 3 तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता और रोहित शर्मा की खराब कप्तानी साफ नजर आई।

पहली पारी में ही 163 रन से पिछड़ चुकी टीम इंडिया दूसरी पारी में 131 रन ही बना सकी। विराट कोहली ने 76 और शुभमन गिल ने 26 रन बनाए। बाकी 9 बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

कप्तान रोहित की अनुभवहीनता हार की सबसे बड़ी वजह- रोहित की कप्तानी के बारे में तो क्या ही कहें, 9 टेस्ट के अनुभव के साथ वह साउथ अफ्रीका में उतर गए। विदेश में अपने चौथे ही टेस्ट में कप्तानी कर रहे रोहित को समझ ही नहीं आया कि तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर अपने 4 पेसर्स को किस तरह इस्तेमाल करना है। कप्तानी का मौका तो रोहित को कम ही मिला क्योंकि भारत एक ही बार फील्डिंग कर सका। साउथ अफ्रीका के एक ही पारी के रन भारत की दोनों पारियों पर भारी पड़ गए। लेकिन रोहित की बैटिंग तो कप्तानी से भी ज्यादा खराब रही। वह 2 पारियां मिलाकर भी 5 ही रन बना सके, इनमें एक डक भी शामिल है।

खराब बैटिंग और कप्तानी का अंजाम ये हुआ कि भारत 3 दिन में ही टेस्ट हार गया। हार भी छोटी-मोटी नहीं, साउथ अफ्रीका के मैदान पर टीम की सबसे बड़ी और सबसे शर्मनाक हार।

खैर, इसमें रोहित का भी क्या ही दोष निकाले। उन्हें तो टेस्ट टीम में जगह पक्की करने के लिए 8 साल लग गए। 2021 के दौरान इंग्लैंड में अच्छे प्रदर्शन के दम पर वह टीम में जगह बना सके। लेकिन 2022 में कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद उन्हें कप्तान बना दिया गया। जिस खिलाड़ी को सबसे चैलेंजिंग फॉर्मेट को समझने में 8 साल लग गए, वो एक साल में टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी को कितना ही समझ पाता। चलिए कोई बात नहीं, भारत के अलग-अलग कप्तान पिछले 31 साल में जो काम नहीं कर पाए, वो भारत के अनुभवहीन टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा साउथ अफ्रीका की सबसे कमजोर कही जाने वाली टीम के सामने कहां ही कर पाते। करोड़ों भारतीय फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि टीम अपनी गलतियों से सीख लेगी और 3 जनवरी से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट को जीतकर अपनी लाज बचा लेगी।

टीम इंडिया बगैर सीरीज जीते ही भारत लौटेगी

टीम इंडिया हर देश में टेस्ट सीरीज जीत चुकी है, बस साउथ अफ्रीका ही बाकी था। लेकिन पहले टेस्ट में हार के साथ ये भी कन्फर्म हो गया कि ये सपना इस दौरे पर पूरा नहीं हो पाएगा। क्योंकि दूसरे टेस्ट में जीत के बाद भी सीरीज 1-1 से ड्रॉ ही होगी, भारत को सीरीज जीत की खुशी नहीं मिलेगी। इस बार भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 ही टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है।

साउथ अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ तो टीम इंडिया ने पहले भी कराई थी। लेकिन असली चैलेंज और सपना तो सीरीज जीतने का था, जो साल 2023 खत्म होने से पहले ही टूट गया। साउथ अफ्रीका में भारत ने इससे पहले 8 सीरीज खेलीं, 7 में टीम को हार मिली। जबकि 2010 में एक सीरीज ड्रॉ रही।

केएल राहुल से सीखें बल्लेबाज: रोहित शर्मा

अफ्रीका से टेस्ट में हार की वजह खराब बल्लेबाजी; बैटर पिच का नेचर नहीं समझ पाए

सेंचुरियन (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका में भारत के टेस्ट सीरीज जीतने का सपना, फिर एक बार टूट गया। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट में हार की प्रमुख वजह खराब बल्लेबाजी को माना है। रोहित गेंदबाजों के प्रदर्शन से भी ज्यादा खुश नहीं दिखे।

रोहित ने बैटर केएल राहुल की तारीफ की और कहा कि हमें केएल राहुल से सीखना चाहिए। राहुल ने दिखाया कि हमें इस तरह की पिच पर क्या करने की जरूरत है। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की।

हम परिस्थितियों का सामना नहीं कर सके- कप्तान रोहित ने मैच के बाद कहा कि जीत के लिए पूरी टीम को एकजुट होकर प्रयास करना होगा, जो इस मैच में हम नहीं कर पाए। हमने जिस तरह इस मैच में खेला वह मैच जीतने लायक नहीं था। हम दोनों ही पारियों में बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे। उनके बल्लेबाजों ने कई स्कोर शॉट खेले और बाउंड्री लगाई। लेकिन हमारे बैर्ट्स को चुनौती का सामना करना पड़ा। हम उनकी ताकत को ठीक तरह से समझ नहीं पाए।

पहली पारी में केएल राहुल ने अच्छी बैटिंग कर हमें अच्छा स्कोर तक पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन उसके बाद हम गेंदबाजी में परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। हम दूसरी इनिंग में भी बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए। 3 दिन में मैच खत्म होना अच्छा संकेत है। हमें इस हार को भुलाकर अगले टेस्ट के लिए एकजुट होकर खेलना होगा।

एक गेंदबाज पर ज्यादा निर्भर नहीं रह सकते - रोहित ने कहा कि पिच ऐसी नहीं कि 400 रन का स्कोर बन सके। हमने गेंदबाजी अच्छी नहीं की। हम एक गेंदबाज पर ज्यादा निर्भर नहीं रह सकते, बाकी गेंदबाजों को अपना काम करना होगा। विपक्षी टीम ने जिस तरह से गेंदबाजी की उससे हम सीख सकते हैं।

रविंद्र जडेजा खेल सकते हैं दूसरा टेस्ट, शुरू किया अभ्यास

सेंचुरियन(एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले टेस्ट में शर्मनाक हार झेलने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिये अच्छी खबर है कि हरफनमौला रविंद्र जडेजा तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं। पहले टेस्ट की सुबह पीठ में दर्द के कारण जडेजा नहीं खेल सके थे। पहले टेस्ट के तीसरे दिन उन्होंने वार्म अप में भाग लिया और बिल्कुल सहज नजर आए। उन्होंने फिटनेस अभ्यास भी किया। तीसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान उन्होंने गेंदबाजी की। रिजर्व तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के साथ उन्होंने करीब 20 मिनट अभ्यास पिच पर गेंदबाजी की। टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच रजनीकांत उनके साथ थे। वह गेंदबाजी करते हुए भी बिल्कुल सहज लगे। गेंदबाजी में भले ही जडेजा उतने खतरनाक नहीं हों लेकिन छठे और सातवें नंबर पर उनकी बल्लेबाजी उपयोगी साबित हो सकती है।

पहला वनडे गंवाकर बोलीं हरमनप्रीत कौर- हम फील्डिंग में पीछे रह गए

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गुरुवार को यहां पहले वनडे में आस्ट्रेलिया से मिली छह विकेट की हार के बाद कहा कि उनका क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उनकी खिलाड़ियों को आक्रामक क्रिकेट खेलने की जरूरत है। भारतीय टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स के 82 रन और पूजा वस्त्राकर के नाबाद 62 रन की बदौलत आठ विकेट पर 282 रन का स्कोर खड़ा किया। पर आस्ट्रेलिया ने फोबे लिचफील्ड (78 रन), एलिसे पैरी (75 रन) और तहलिया मैकग्रा (नाबाद 68 रन) के अर्धशतकों से यह लक्ष्य 46.3 ओवर में चार विकेट पर 285 रन बनाकर हासिल कर लिया।

टीम इंडिया पर स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 पॉइंट्स कटे, छठे नंबर पर खिसकी, मैच फीस का 10प्रतिशत फाइन

सेंचुरियन (एजेंसी)। टीम इंडिया पर सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में दो ओवर कम फेंकने के कारण रोहित शर्मा की टीम के 2 आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स काट लिए गए हैं, साथ ही टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के क्रिस ब्रॉड ने भारत को टारगेट से दो ओवर पीछे रहने के बाद यह फैसला सुनाया।

किस आधार पर टीम इंडिया पर जुर्माना लगा- आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टि?कल 2.22 के अनुसार टीम इंडिया पर यह जुर्माना लगाया गया। यह मिनि?मम ओवररेट से संबंधित है। इसमें खिलाड़ियों को तय समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने वाले प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

टीम इंडिया पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर खि?सकी- स्लो ओवर रेट के लिए पॉइंट्स काटे जाने के बाद टीम इंडिया की स्थिति डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में कमजोर हो गई। साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद टीम इंडिया 16 पॉइंट्स के साथ 5वें नंबर पर थी। पॉइंट्स कटने के बाद उसके 14 अंक रह गए गए और टीम छठे स्थान पर खिसक गई।



ऑस्ट्रेलियाई ओपन की ईनामी राशि में भारी बढ़ोतरी, अब मिलेंगे 8.65 करोड़ डॉलर

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस अधिकारियों ने 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू हो रहे वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि में एक करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का इजाफा करने की घोषणा की है।

टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिले ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अब इस ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि आठ करोड़ 65 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर होगी। उन्होंने कहा, 'हमने आस्ट्रेलियाई ओपन में हर दौर के लिए ईनामी राशि बढ़ाई है। ज्यादा इजाफा क्वालीफाइंग और शुरूआती दौर के मुकाबलों के लिए किया गया है।

पहले दौर के क्वालीफायर को 31250 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे जो पहले से 20 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरूष चैम्पियन दोनों को 30 लाख 15 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर बतौर पुरस्कार मिलेंगे। पिछली बार एरिना सबालेंका ने महिला वर्ग में और नोवाक जोकोविच ने पुरूष वर्ग में खिताब जीता था।

आवेश दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल

3 जनवरी से साउथ अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन में खेला जाना है मुकाबला

नईदिल्ली (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका दौरे पर केप टाउन में 3 जनवरी से खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट के तौर पर तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

साउथ अफ्रीका दौरे के लिए दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में मोहम्मद शमी को शामिल किया गया था। सीरीज शुरू होने से पहले ही मोहम्मद शमी फिटनेस टेस्ट पास नहीं करने की वजह से दौरे से बाहर हो गए थे। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया था। अब पहला मुकाबला खत्म होने के बाद शमी की जगह पर आवेश खान को टीम में शामिल किया गया है।

आवेश खान वनडे टीम का हिस्सा थे- आवेश खान साउथ अफ्रीका दौरे पर वनडे टीम का हिस्सा थे। टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया ने तीन टी-20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली थी। आवेश को तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए शामिल किया गया था। आवेश 3 मैचों की सीरीज में 4.82 की इकोनॉमी रेट से 6 विकेट लेकर टीम इंडिया की ओर से दूसरे टॉप विकेट टेकर थे।

ईशान किशन हो चुके हैं पहले ही बाहर- टेस्ट टीम का हिस्सा रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान भी अपने निजी कारणों की वजह नाम वापस ले लिया था। ईशान वनडे वर्ल्ड कप, एशिया कप, वर्ल्ड कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज में भी भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज में भी टीम का हिस्सा रहे थे। ईशान के टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने के बाद केएस भरत को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया था।

न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश की भेंट चढ़ा

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)। न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 11 ओवर ही डाले जा सके जिसके बाद बारिश के कारण इसे रद्द करना पड़ा। इससे बांग्लादेश की टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाये है।

मैच समय पर शुरू हुआ और 11 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 72 रन था जिसके बाद तेज बारिश आ गई जो पूरे समय होती रही और मैच रद्द कर दिया गया। श्रृंखला का तीसरा मैच रविवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।

श्रृंखला के पहले टी20 मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश ने शुक्रवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। फिन एलेन दूसरे ही ओवर में आउट हो गये लेकिन टिम सिफर्ट ने छह चौके और एक छक्के से 23 गेंद में 43 रन बनाये। अंपायरों ने तब मैच रद्द किया जब पांच ओवर शूटआउट की संभावना भी नहीं दिख रही थी।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को हराया

सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई, कमिंस के टेस्ट में 250 विकेट पूरे

मेलबर्न (एजेंसी)। मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन ही पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया। शुक्रवार को पाकिस्तान दूसरी पारी में 237 रन पर ऑल आउट हो गया। पाक कप्तान शान मसूद और आगा सलमान ने अर्धशतक लगाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए पहली इनिंग में पांच विकेट लेने वाले टीम के कप्तान पैट कमिंस दूसरी पारी में भी पांच विकेट लिए। कमिंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अब ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली है। पहले टेस्ट में कंगारू टीम 360 रन से जीत दर्ज की थी। तीसरा और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2024 से सिडनी में खेला जाएगा।

कमिंस के टेस्ट में 250 विकेट पूरे- कमिंस ने मेलबर्न पर खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तानी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को आउट करते ही अपने 250 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। कमिंस ने ये कारनामा 57 टेस्ट मैचों में किया है। इसके साथ ही कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में 250 से ज्यादा विकेट लेने वाले 10वें गेंदबाज बन गए।

317 रन के टारगेट के जवाब में पाकिस्तान 237 रन पर ऑल आउट- पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली इनिंग में 318 रन बनाए, जिसके जवाब में पाकिस्तान टीम 264 रन पर ऑल आउट हो गई। इस आधार पर पहली इनिंग में ऑस्ट्रेलिया को 54 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 262 रन बना सका और पाकिस्तान को 317 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान 237 रन पर ऑल आउट हो गया।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 187 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम 262 रन पर ऑल आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा 95 रन मिचेल मार्श ने बनाए। उनके अलाव एलेक्स कैरी ने 52 और स्टीव स्मिथ ने 50 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मीर हमजा और शाहीन अफरीदी ने चार-चार विकेट लिए, जबकि आमिर जमाल को दो विकेट मिले।

पाकिस्तान की दूसरी इनिंग

टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही थी। टीम के लिए अब्दुल्ला शफीक चार रन और इमाम उल हक 12 रन बनाकर आउट हुए थे। टीम के लिए कप्तान शान मसूद ने सबसे ज्यादा 60 रन और आगा सलमान ने 50 रन की पारी खेली।

बेंगलुरु में कन्नड़ भाषा को प्रमुखता देने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ के आरोप में 53 गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी। बेंगलुरु में बुधवार को एक विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिंसा और बर्बरता में कथित संलिप्तता के लिए कम से कम 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें कन्नड़ भाषा को प्रमुखता देने की मांग के साथ कमर्शियल दुकानों से अंग्रेजी साइनबोर्ड को हटाने और फाड़ने की घटना देखी गई थी। बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद ने गुरुवार को बताया 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं और कर्नाटक रक्षण वेदिके समूह के अध्यक्ष टी.ए. नारायण गौड़ा समेत 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने कहा, शांतिपूर्ण विरोध का प्रावधान है। लेकिन कोई भी कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने में शामिल नहीं हो सकता।इस बीच, कर्नाटक रक्षण वेदिके (शेट्टी गुट) के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शेट्टी ने कहा कि राज्य सरकार को गिरफ्तार कन्नड़ कार्यकर्ताओं को बिना शर्त रिहा करना चाहिए, अन्यथा उसे परिणाम भुगतने होंगे।उन्होंने सवाल किया, क्या कन्नड़ कार्यकर्ता लूटपाट में शामिल हैं? हम सभी एक साथ आकर संघर्ष शुरू करेंगे। राज्य सरकार कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की बजाय उन पर सख्ती कर रही है।हम परेशान नहीं होंगे। सरकार और अधिकारियों ने कन्नड़ भाषाओं को प्रमुखता देने के नियम को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया है। कन्नड़ कार्यकर्ता डकैती लूट या हत्या में शामिल नहीं हुए हैं। सभी कन्नड़ संगठनों के प्रमुख मजबूत प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को बैठक करेंगे। उन्होंने कहा, अगर कन्नड़ कार्यकर्ताओं को रिहा नहीं किया गया तो हमारे कार्यकर्ता बेंगलुरु की हर सड़क पर जुटेंगे और विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

दिल्ली में जेएन1 वैरिएंट पहला संक्रमित मिलने पर सरकार अलर्ट, निपटने के लिए की तैयारी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन1 का मामला आने के बाद केजरीवाल सरकार अलर्ट हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरूवार को एलएनएजेपी अस्पताल में कोविड से निपटने की तैयारियों का जाएजा लेने पहुंचे। एलएनडेपी अस्पताल में कोरोना मरीजों के लिए 20 बेड आरक्षित कर दिए गए है। हालांकि जेएन1 वैरिएंट की संक्रमित 51 साल की महिला मरीज को गुरूवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमें घबराने की जरूरत है, सावधानी बरतनी है। दरअसल, देश में एक बार फिर कोरोना के नए वेरिएंट छ्ह1 ने दस्तक दी है ढ्ढ दिल्ली में इसका पहला केस आ चुका है। उसी को देखते हुए दिल्ली सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में तैयारी शुरू कर दी है। उसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल का दौरा किया। वहां अस्पताल में अभी तक की तैयारियो का जाएजा लिया। दौरे के दौरान सौरभ

भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत बताया कि अस्पताल में कोरोना के मरीजों के लिए एक अलग ही वार्ड तैयार किया गया है। हालांकि अभी तक सभी बेड खाली है। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में अस्पताल में एक भी कोरोना मरीज है लेकिन लगातार अस्पताल में कोरोना के लक्षणों वाले मरीजों की जांच की जा रही है। जैसे ही कोई भी कोरोना संबंधित मरीज की पुष्टि होती है, उसको तुरंत अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू करने का निर्देश दिया गया है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल में लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। कोरोना मरीजों के लिए अलग से हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है, ताकि कोरोना के मरीजों को किसी तरह की परेशानी ना हो और दूसरे में संक्रमण ना फैले। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन को कोरोना या फ्लू लक्षण वाले मरीजों का तुरंत आरटीपीसीआर जांच कराने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि कोरोना के नए वेरिएंट जेएन1 से संक्रमित मरीज को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। दिल्ली में अभी तक जेएन1 वैरिएंट के एक ही मरीज की पुष्टि हुई थी ढ्ढ उन्होंने बताया कि वह मरीज पुष्टि होने के पश्चात नजदीकी किसी अस्पताल में भर्ती हुआ था ढ्ढ वह मरीज अब स्वस्थ हो चुका है। उन्होंने बताया हालांकि यह वेरिएंट पहले वाले वेरिएंट से कम खतरनाक प्रकृति का है, परंतु हमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी है ढ्ढ दिल्ली की जनता से अपील है कि वह सावधान रहे, ताकि दिल्ली में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को कोरोना बीमारी का खतरा ना हो।

गणतंत्र दिवस पर एक बार फिर किसान निकालेंगे ट्रैक्टर परेड, 500 जिलों में आयोजित होंगी सभाएं

नईदिल्ली, एजेंसी। गणतंत्र दिवस के मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) देश भर के लगभग 500 जिलों में गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड आयोजित करेगा। इसकी जानकारी संगठन ने गुरुवार को एक बयान जारी करके दी। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर परेड राष्ट्रीय राजधानी में औपचारिक गणतंत्र दिवस परेड के समापन के बाद आयोजित की जाएगी।

बयान में कहा गया है कि परेड में भाग लेने वाले किसान घटक संगठनों के झंडों के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज भी लहराएंगे। किसान भारत के संविधान में निहित लोकतंत्र, संघवाद, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के सिद्धांतों की रक्षा करने का संकल्प लेंगे। ट्रैक्टरों के साथ, अन्य वाहन और मोटरसाइकिलें भी परेड में शामिल होंगी।

अनाकापल्ले में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने की आत्महत्या, मृतकों में दो बेटियां भी शामिल

विशाखापत्तनम , एजेंसी। विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले में एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या कर ली। वहीं, एक व्यक्ति अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ रहा है। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। यह घटना उपनगरीय विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले जिले में हुई। पुलिस ने कहा, मृतकों की पहचान शिव रामकृष्ण (40), उनकी पत्नी माधवी (38) और दो बेटियों के रूप में हुई है। जीवित बची उनकी तीसरी बेटी है। पुलिस को संदेह है कि आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रामकृष्ण, एक सुनार और गुंटूर जिले के तेनाली शहर का निवासी, कुछ साल पहले काम के लिए अनाकापल्ले शहर में स्थानांतरित हो गया जहां वह एक फ्लैट में अपने परिवार के साथ रहता था।

स्वास्थ्य का ख्याल तो रखेगा ही, किसानों को मालामाल भी करेगा अमरूद

लखनऊ, एजेंसी। यूपी की राजधानी लखनऊ के रहमान खेडा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान द्वारा विकसित की गयी अमरूद की प्रजातियां धूम मचा रहीं हैं। ये प्रजातियां न सिर्फ स्वास्थ्यवर्धक हैं बल्कि किसानों को भी मालामाल करने वाली हैं। इन प्रजातियों में सीआईएसएच नाम से जानी जाने वाली ललित, श्वेता, धवल और लालिमा प्रजातियां प्रमुख हैं। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक सुशील शुक्ला के अनुसार, इन प्रजातियों के फल, परंपरागत रूप से प्रचलित प्रजातियों से बड़े होते हैं। स्वाद और मिठास में बेहतर होने के नाते इनका बाजार भाव भी अच्छा मिलता है। इनके पौधे संस्थान की पौधशाला में विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। अमरूद स्वास्थ्य को ठीक रखता है। इसमें पोषक तत्वों की प्रचुरता है।

कृषि वैज्ञानिक सुशील शुक्ला बताते हैं कि प्रति 100 ग्राम अमरूद में नमी की मात्रा 81.70 प्रतिशत है जबकि 5.2 प्रतिशत फाइबर, 11.2 प्रतिशत कार्बोज, 0.9 प्रतिशत प्रोटीन, 0.3 प्रतिशत वसा के अलावा कैल्शियम, फॉस्फोरस, थायमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, आयरन आदि भी पाए

जाते हैं। इस प्रजाति के फल भीतर से गुलाबी एवं बाहर से आकर्षक लाल आभायुक्त केसरिया पीले रंग के होते हैं। फल का गूदा सख्त एवं शर्करा एवं अम्ल के उचित अनुपात के साथ ही गुलाबी रंग का होता है। ताजे उपभोग एवं परिरक्षण दोनों की ही दृष्टि से यह किस्म उत्तम पायी गयी है। इसके गूदे का गुलाबी रंग परिरक्षण के बाद भी एक वर्ष तक बना रहता है। यह किस्म अमरूद की लोकप्रिय किस्म इलाहाबाद सफेदा की अपेक्षा औसतन 24 प्रतिशत अधिक उपज देती है। इन्हीं गुणों के कारण यह प्रजाति व्यावसायिक खेती के लिए मुफीद है। यह एप्पल कलर किस्म के बीजू पौधों से चयनित खूब फलत देने वाली किस्म है। वृक्ष मध्यम आकार का होता है। फल थोड़े गोल होते हैं। बीज मुलायम होता है। फलों का औसत आकार करीब 225 ग्राम होता है। बेहतर प्रबंधन से प्रति पेड़ प्रति सीजन करीब 90 किग्रा फल प्राप्त होते हैं। यह प्रजाति इलाहाबाद सफेदा से भी लगभग 20 फीसद से अधिक फलत देती है। फल गोल, चिकने एवं मध्यम आकार (200-250 ग्राम) के होते हैं। पकने पर फलों का रंग हल्का पीला और गूदा सफेद, मृदु सुवासयुक्त मीठा होता है। बीज भी अपेक्षाकृत खाने में मुलायम होता है। यह एप्पल ग्वावा से चयनित किस्म है। फलों का रंग लाल होता है। प्रति फल औसत वजन 190 ग्राम होता है। फलत भी अच्छी होती है। अमरूद के बाग किसी भी तरह की भूमि पर लगाए जा सकते हैं। उचित जलनिकास वाली बलुई दोमट मिट्टी इसके लिए उपयुक्त है। पौधरोपण करते समय पौध से पौध और लाइन से लाइन की मानक दूरी 5 से 6 मीटर रखें। पौधों के बड़े होने तक चार पांच साल तक इसमें सीजन के अनुसार इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। अगर सघन बागवानी करनी है तो यह दूरी आधी कर दें। इसमें प्रबंधन और फसल संरक्षण पर ध्यान देने से पौधों की संख्या के अनुसार उपज भी अधिक मिलती है। जाड़े में मिलने वाले अमरूद के फल अपेक्षाकृत बेहतर गुणवत्ता के होते हैं। मांग अच्छी होने से दाम भी अच्छे मिलते हैं। अगर आप जाड़े में अधिक फल चाहते हैं तो मार्च अप्रैल में आने वाले फूल को शाखाओं सहित निकाल दें। इससे जाड़े की फलत और फलों की गुणवत्ता बेहतर हो जाएगी।

सिंचाई का साधन उपलब्ध होने पर फरवरी में भी पौधे लगा सकते हैं। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन के अनुसार अपने खास स्वाद और सुगंध के अलावा विटामिन सी से भरपूर अमरूद में शर्करा, पेक्टिन भी होता है।

सिद्दारमैया ने राहुल को पीएम पद का चेहरा बताया, कर्नाटक कांग्रेस में अंदरूनी कलह की संभावना

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के इस बयान पर कि राहुल गांधी देश का नेतृत्व कर रहे हैं और अगले साल लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री बनेंगे, राज्य कांग्रेस में आंतरिक कलह शुरू होने की संभावना है। सूत्रों ने गुरुवार को यह बात कही। सिद्दारमैया ने गुरुवार को बेंगलुरु के भारत जोड़ो सभागार में पार्टी के 139वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। सूत्रों ने कहा कि उनके इस बयान से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सिद्दारमैया के बीच दरार पैदा हो सकती है। इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खड़गे का नाम पीएम चेहरे के रूप में प्रस्तावित किया था।सिद्दारमैया ने कहा था, ममता बनर्जी ने उनका (खड़गे का) नाम सुझाया था... यह देखना होगा कि इंडिया गठबंधन किसे अपना पीएम बनाता है। कांग्रेस अध्यक्ष का नाम पीएम चेहरे के रूप में प्रस्तावित किए जाने पर टिप्पणी करते हुए कर्नाटक के मंत्री और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने सवाल किया कि चर्चा हमेशा समुदाय विशेष के इर्द-गिर्द क्यों घूमती है, क्या दलितों की दक्षता पर विचार नहीं किया जा सकता।उन्होंने यह बयान उन सवालों के जवाब में दिया, जिसमें पूछा गया था कि क्या खड़गे जैसे वरिष्ठ दलित नेता का नाम आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को फायदा पहुंचाने के लिए आगे बढ़ाया गया है।प्रियांक खड़गे ने कहा कि जब भी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में चर्चा होती है, तो वे समुदाय पर ध्यान केंद्रित करते हैं।उन्होंने पूछा, क्या आप उन समुदायों में दक्षता नहीं देखेंगे, जिनका आप उल्लेख कर रहे हैं? क्या वे केवल उन समुदायों के नाम पर चुने जाएंगे, जिनसे वे आते हैं।सूत्रों ने बताया कि सिद्दारमैया द्वारा पीएम पद के लिए खड़गे की उम्मीदवारी के प्रस्ताव का पूरे दिल से समर्थन नहीं करने पर पहले से ही सवाल उठ रहे हैं।

इज़राइल ने सीरिया में हवाई रक्षा अड्डे पर किया हमला : रिपोर्ट

येरुशलम, एजेंसी। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि इजराइल ने दक्षिणी सीरिया में मुख्य सीरियाई वायु रक्षा अड्डे को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। सीरियाई सैन्य सूत्र का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि राज्य मीडिया ने पहले कहा था कि इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स की दिशा से आने वाले मिसाइल हमलों ने कई साइटों को निशाना बनाया था। एक सीरियाई सैन्य सूत्र ने कहा, हमारी हवाई सुरक्षा ने हमलावरों की मिसाइलों का सामना किया और उनमें से कुछ को मार गिराया। रिपोर्टों में सीरियाई सेना के एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि इज़राइल ने राजधानी के पास आधी रात के बाद हमलों का एक और दौर शुरू किया।

नवाज शरीफ मनशेरा में एनए सीट से लड़ेंगे चुनाव

लाहौर, एजेंसी। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ मनशेरा एनए-15 निर्वाचन क्षेत्र से आगामी आम चुनाव लड़ेंगे। पाकिस्तान से मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है क,एनए-15 में, नवाज शरीफ के खिलाफ पीटीआई नेता आजम स्वाति ने अपने प्रतिनिधि शाहिद रफीक, आपत्तियां दर्ज कराई है। लेकि?न आरओ द्वारा आपत्तियों को खारिज करने के बाद कागजात को शुरू में मंजूरी दे दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई नेता ने तर्क दिया कि पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता को सुप्रीम कोर्ट ने जीवन भर के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था और कहा कि आरओ नामांकन पत्रों को मंजूरी देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, नवाज़ शरीफ़ को बरी कर दिया गया। यदि शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन 8 फरवरी का चुनाव जीतती है, तो नवाज चौथी बार सर्वोच्च पद के लिए चुने जाएंगे। हाल के दिनों में, नवाज़ शरीफ़ को अदालतों द्वारा भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है।

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के समुद्र तटों पर मई के बाद से बढ़ा शार्क का आतंक, घातक हमले में 15 वर्षीय सर्फर की मौत

एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया)। हाल के महीनों में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में एथेल समुद्र तट पर तीसरे घातक शार्क हमले में एक 15 वर्षीय सर्फर की मौत हो गई है। यहां अधिकारियों ने कहा कि खाई काउली पर गुरुवार को एक संदिग्ध सफेद शार्क ने हमला कर दिया, जब वह अपने गृहनगर एडिलेड के पश्चिम में यॉर्क प्रायद्वीप पर सुदूर एथेल समुद्र तट पर अपने पिता के साथ सर्फिंग कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि सर्फर को किनारे पर लाया गया लेकिन आपातकालीन सेवाएं उसे पुनर्जीवित करने में असमर्थ रहीं। मई और अक्टूबर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के दूरदराज के हिस्सों में शार्क के हमलों में सर्फरों की मौत हो गई। उनके शव कभी बरामद नहीं किये गये। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर पीटर मालिनौस्कस ने कहा कि 2000 के बाद से राज्य के जल क्षेत्र में 11 घातक शार्क हमले हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि तथ्य यह है कि इनमें से तीन मौतें मई के बाद से हुई, यह चौंकाने वाली बात है और चिंता का विषय है। मालिनौस्कस ने कहा कि राज्य की राजधानी और इसके सबसे अधिक आबादी वाले शहर एडिलेड के बाहर समुद्र तटों को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार बहुत कम कर सकती है। राज्य के बाहर फरवरी में पश्चिमी तट के शहर पर्थ की एक नदी में बुल शार्क द्वारा मारी गई 16 वर्षीय लड़की 2023 के दौरान ऑस्ट्रेलिया में एकमात्र अन्य घातक शार्क हमला था।

भारी बारिश के बाद बाढ़ से जूझ रहा जर्मनी



बर्लिन, एजेंसी। कई हफ्तों की भारी बारिश के बाद नए साल की पूर्वसंध्या से पहले जर्मनी के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। कई जिलों ने प्रारंभिक चरण की आपदा चेतावनी घोषित कर दी है। पूर्वी और उत्तरी जर्मनी में एल्बे और वेसर नदियों के किनारे के शहर और नगर पालिकाएं पानी और बाढ़ से प्रभावित हैं। बुधवार को ब्रेमेन के पास लिलिएनथाल में बांध टूटने के बाद कई निवासियों को वहां से हटाना पड़ा और आस-पास के कस्बों में और बांध टूटने की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ बाढ़ क्षेत्रों में प्रभावित लोगों के बीच विवादों के कारण राहत कार्य में बाधा आ रही है। जर्मन फायर ब्रिगेड एसोसिएशन के कार्ल-हेन्ज़ बैंसे ने कहा, बांधों पर रखे गए रेत के थैले निवासियों द्वारा ले लिए जा रहे हैं क्योंकि उनके पास अपने घरों की सुरक्षा के लिए कोई सामान नहीं है। सैक्सोनी-एनहाल्ट के पर्यावरण मंत्री आर्मिन विलिंगमैन ने गुरुवार को हाल के वर्षों में बांधों और बाढ़ सुरक्षा सुविधाओं में लगातार निवेश पर प्रकाश डालते हुए कहा, आबादी को बाढ़ के खतरों से बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गाजा में बिना एनेस्थीसिया दिए 1,000 बच्चों के हाथ काटे गए: संयुक्त राष्ट्र

वाशिंगटन, एजेंसी। फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत फ्रांसेसा अल्बनीज ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में कम से कम 1,000 बच्चों के हाथ बिना एनेस्थीसिया के काट दिए गए हैं, क्योंकि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजराइल ने आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के प्रवेश को बंद कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने एक्स पर लिखा, हमारी सदी की राक्षसीता।

उन्होंने कहा कि इजराइल गाजा के उन इलाकों पर बमबारी कर रहा है जिन्हें उसने सुरक्षित बताया है। उन्होंने लिखा, यह पूरे परिवारों को खत्म कर रहा है, अनगिनत बच्चों को अनाथ बना रहा है और अनगिनत पुरुषों और महिलाओं को अपनी संतानों को जीवन संघर्ष के लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि गाजा में प्रत्येक कहानी कष्टदायी है। यूनिसेफ ने कहा है कि गाजा में कम से कम 9,000 से अधिक बच्चे इजरायली बमबारी में घायल हो गए हैं, इससे उन्हें एक हाथ या पैर खोने की समस्या से जूझना पड़ा है। 7 अक्टूबर को एक अप्रत्याशित हमले में हमास द्वारा इज़राइल पर हमला करने के बाद इज़राइल ने 27 अक्टूबर को गाजा के अंदर एक ज़मीनी आक्रमण शुरू किया। हमास और इज़राइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से, कम से कम 21,320 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, इनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं, जबकि 55,603 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं।

ईरानी कमांडर के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब, अमेरिका-इजरायल को मौत दो के नारों से गूंजा तेहरान

तेहरान, एजेंसी। इजरायली हमले में मारे गए ईरान के वरिष्ठ रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांडर रज़ी मौसावी के अंतिम संस्कार में राजधानी तेहरान की सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग हाथों में पीले झंडे थामे हैं और अमेरिका-इजरायल के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, तेहरान के केंद्रीय इमाम हुसैन चौराहे पर भीड़ ने इज़राइल को मौत दो और अमेरिका को मौत दो के नारे लगाए।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने गुरुवार को मौसावी के परिवार से मुलाकात की और मारे गए जनरल के शव को चौराहे पर ले जाने से पहले उसके लिए प्रार्थना की। अपने कमांडर की

मौत को शोक मनाने वालों में से कई लोग हाथों में पीले झंडे लहरा रहे थे जिन पर संदेश लिखा था, मैं आपका प्रतिद्वंद्वी हूं। यह इजराइल के मैसेज देने के लिए लिखा गया था।

बता दें कि पिछले दिनों इजरायल ने सीरिया पर एयरस्ट्राइक कर दिया था, जिसमें ईरानी कमांडर की मौत हो गई थी। सीरिया में मौसावी की हत्या ऐसे समय में हुई है, जब 7 अक्टूबर को गाजा में शुरू हुए इजरायल-हमास युद्ध के बाद क्षेत्रीय तनाव काफी बढ़ा हुआ है। मौसावी की हत्या ने उस आग को और बढ़ा दिया है। इस बीच ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांड के प्रवक्ता रमज़ान शरीफ़ ने चेतावनी दी है कि मौसावी की हत्या पर हमारी प्रतिक्रिया प्रत्यक्ष कार्रवाई के साथ होगी।

ईरानी की सरकारी मीडिया का कहना है कि सोमवार को इजरायली मिसाइल हमले में सीरिया की राजधानी दमिश्क के पास इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विदेशी ऑपरेशन हथियारों, कुद्स फोर्स के एक वरिष्ठ कमांडर मौसावी की मौत हो गई थी। उधर, हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया में ईरान से जुड़े ठिकानों पर सैकड़ों हमले करने वाली इजरायली सेना ने केवल इतना कहा कि वह विदेशी मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी नहीं करती है।

ऑस्ट्रेलिया में पांच वाहनों की टक्कर में 2 की मौत, दर्जनों घायल

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में शुक्रवार को पांच वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.50 बजे, सिडनी से लगभग 156 किलोमीटर वालेरवांग में ग्रेट वेस्टर्न हाईवे पर पांच वाहनों टक्कर हो गई। एनएसडब्ल्यू पुलिस बल ने एक बयान में पुष्टि की, इस घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि की गई है और लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए है, जिनका इलाज किया जा रहा है। बयान के अनुसार, घटना स्थल जांच के लिए स्पेशलिस्ट यूनिट पहुंच गई है। ग्रेट वेस्टर्न हाईवे अब दोनों ओर से बंद कर दिया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129